दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 30 मार्च 2026 | शुक्ल पक्ष-द्वादशी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-11 अंक- 338 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

ये अफ्वाहजीवी तो परमाणु बम से भी ज्यादा घातक हैं। सोशल मीडिया इन अफ्वाहबाजों का मुख्य अस्त्र बन गया है। जिसके माध्यम से एक चिंगारी सुलगाने की देर है कि वह देखते ही देखते आग का गोला बन जाती है। मिडिल इस्ट में छिड़े महायुद्ध के कारण हमारे देश में गैस सिलेंडर की किल्लत जरुर है लेकिन पेट्रोल और डीजल मिलने में कोई दिक्कत नहीं है लेकिन अफ्वाहजीवियों ने पेट्रोल पंपों में कतार लगवा दी है। भाई लोगों ने इतना पेट्रोल और डीजल इकट्ठा कर लिया है कि अब भारत चाहे तो ईरान को पेट्रोल और डीजल निर्यात कर सकता है।

वनांचल में पेड़ों से झरता पीला सोना, महुआ से महकता जंगल का हर कोना

जितेंद्र नामदेव/कवर्धा

नव प्रदेश विशेष

कबीरधाम जिले के घने वनांचलों में इन दिनों महुआ की मीठी खुशबू चारों ओर फैल रही है। भोरमदेव, चिल्फी, सरोधा, बदौरा और पंडरिया समेत आसपास के वन क्षेत्रों में पीले महुआ के फूल पेड़ों से टपक-टपक कर धरती पर बिछ रहे हैं।

आदिवासी समुदाय के लिए यह पीला सोना नहीं, बल्कि उनकी सालभर की आर्थिक मजबूती का मुख्य आधार है। सूरज की पहली किरण के पहुंचने से पहले ही यहां का जंगल जाग उठता है। रात के अंधेरे में टॉर्च की हल्की रोशनी में आदिवासी परिवार टोकरियां लेकर महुआ बीनने निकल पड़ते हैं। सुबह चार बजे से ही बच्चे, जवान और बुजुर्ग सभी जंगलों की ओर दौड़ पड़ते हैं। गर्मी तेज होती जा रही है, तापमान दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है, फिर भी इन वनवासियों के उत्साह को कोई नहीं हिला पा रहा। वे जानते हैं कि जितनी तेज गर्मी पड़ेगी, महुआ के फूल उतने ही ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रकृति का उपहार

■ नई आशा और आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक बनकर टपक रहा महुआ का हर फूल

■ आदिवासियों को प्रकृति का उपहार, महुआ से मिलता आर्थिक आधार

प्रकृति और पसीने की गजब जुगलबंदी

महुआ बीनने से पहले पेड़ों के नीचे की जमीन को साफ-सुथरा किया जाता है, ताकि फूल मिट्टी में न मिल जाएं और उनकी गुणवत्ता बनी रहे। पूरा परिवार साथ मिलकर काम करता है। नन्हे बच्चे छोटी-छोटी टोकरियां लेकर पेड़ों के नीचे दौड़ते हैं तो बुजुर्ग धीरे-धीरे लेकिन लगातार फूल चुनते रहते हैं। थकान तो होती है, लेकिन चेहरों पर उम्मीद की चमक साफ नजर आती है।

आदिवासियों के लिए प्रकृति द्वारा दिया वरदान

कबीरधाम जिले का महुआ अपनी बेहतरीन गुणवत्ता के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, आयुर्वेदिक दवाओं, पारंपरिक शराब निर्माण और अन्य कई उपयोगों में इसकी भारी मांग रहती है। यही वजह है कि महुआ का मौसम शुरू होते ही गांवों में उत्साह छा जाता है। यह मौसम आदिवासियों के लिए प्रकृति द्वारा दिया गया वरदान है, खासकर तब जब खेती-किसानी मौसम की अनिश्चितता पर निर्भर रहती है।

आदिवासी अर्थव्यवस्था की सटीक लाइफ लाइन

नवप्रदेश की टीम जब भोरमदेव और चिल्फी जैसे इलाकों में पहुंची तो वहां लोगों को महुआ बीनते देखा। उनके चेहरों पर थकान के साथ-साथ संतोष और मुस्कान भी थी। एक महिला ने बताया, 'महुआ ही हमारा पीला सोना है। इस पर ही सालभर का गुजारा चलता है।' इस प्रकार महुआ न केवल आदिवासियों की आर्थिक जीवन रेखा है, बल्कि उनकी संस्कृति और परंपरा का भी अभिन्न अंग है।

आक्रोश : ईरान वॉर और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग, सड़कों पर पोस्टर लेकर निकले लोग

अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च, 3300 जगहों पर प्रदर्शन

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ईरान का इजराइल के केमिकल प्लांट पर हमला, जहरीले गैस रिसाव का बढ़ा खतरा

तेल अवीव/तेहरान/ए.। ईरान ने दक्षिणी इजराइल में एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है। हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं। इसी बीच भारत आ रहे दो एलपीजी टैंकरों ने होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया है। इन जहाजों पर 94 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है। बीडब्ल्यू टीवायआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के इन जहाजों को भारतीय नौसेना सुरक्षा दे रही है।

मिडिल ईस्ट पर कांग्रेस की टिप्पणी खतरनाक, खतरे में डाल रहे भारतीयों की जान: मोदी

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध का भारत पर कम से कम प्रभाव पड़े। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक फायदे के लिए भारतीयों के जीवन को खतरे में डालने वाली खतरनाक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया। मोदी ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केरल के कई लोग संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में काम कर रहे हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहाकि इस समय सभी का ध्यान पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर केंद्रित है। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है कि भारत पर इसका कम से कम प्रभाव पड़े।

अडाणी डिफेंस ने आर्मी को सौंपी दो हजार मशीन गन

■ दुश्मनों को एक किमी दूर से मार गिराने की क्षमता, एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग

ग्वालियर/ए.। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने भारतीय सेना को 2,000 'प्रहार' लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप सौंपी। यह 7.62 मिमी कैलिबर के हथियार ग्वालियर के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में बनाए गए हैं। सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल एलएसी और एलओसी पर सुरक्षा और मारक क्षमता बढ़ाने के लिए करेगी।

'प्रहार' एलएमजी की मारक क्षमता 1,000 मीटर तक है, जिससे दुश्मनों को दूर से निशाना बनाया जा सकता है। मशीन गन 8 किलोग्राम की हैं, जिनकी लंबाई 1100 एमएम है। एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग होगी। शनिवार को ग्वालियर स्थित प्लांट में सेना को एलएमजी सौंपने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें रक्षा मंत्रालय के डीजी ए. अंबरासु, कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

6 साल में पूरा हुआ प्रोजेक्ट

कंपनी के सीईओ आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को बोली जमा करने से लेकर डिलीवरी तक पूरा करने में करीब 6 साल लगे। कंपनी ने निर्धारित समय से 11 महीने पहले पहली खेप सौंप दी है। पूरा ऑर्डर देने के लिए पहले 7 साल से ज्यादा का समय तय था, लेकिन कंपनी इसे अगले 3 साल के भीतर पूरा कर देगी।

न्यूज गैलरी

दिल्ली फ्लाइट का शुभारंभ आज, सांसद पहुंचे अंबिकापुर

सरगुजा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से दिल्ली के लिए हवाई सेवा 30 मार्च से शुरू हो रही है। दोपहर 12 बजे अंबिकापुर एयरपोर्ट से दिल्ली की पहली फ्लाइट रवाना होगी। 2 अप्रैल से अंबिकापुर से कोलकाता की फ्लाइट भी शुरू हो जाएगी। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज ने रविवार को दरिमा के मां महामाया एयरपोर्ट पहुंचकर तैयारी देखी। हवाई सेवा का वर्चुअल शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। अंबिकापुर से दिल्ली के लिए अब एलायंस एयर की फ्लाइट शुरू होगी।

8 साल की बच्ची का हत्यारोपी किराएदार एनकाउंटर में ढेर

आगरा/ए. आगरा में कारोबारी मकान मालिक की 8 साल की बच्ची की हत्या का आरोपी किराएदार शनिवार तड़के 3 बजे एनकाउंटर में ढेर हो गया। DCP सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि शुक्रवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि हत्यारोपी फिरोजाबाद भागने की फिराक में है। उन्होंने बताया-पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपी फायरिंग करने लगा। इसमें एक दरोगा को गोली लग गई।

बंगाल चुनाव: कांग्रेस ने सभी 294 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेताओं को मैदान में उतारकर मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी अपनी पारंपरिक सीट बहरामपुर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, पूर्व सांसद मौसम नूर को मालतीपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी को उम्मीद है कि इन बड़े चेहरों की मौजूदगी से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरेगा। दिल्ली में बैठक के बाद नामों पर अंतिम मुहर लगी।

बिजली चाहिए तो कराओ रिचार्ज: एक अप्रैल से 45 हजार सरकारी कनेक्शन होंगे प्रीपेड

■ सरकारी दफ्तरों से योजना शुरू, तीन महीने का कराना होगा रिचार्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भी अब मोबाइल की तरह की रीचार्च कराने पर बिजली मिलेगी। हालांकि अभी इस योजना से आम जनता को राहत है, लेकिन आने वाले समय में आम जनता के बिजली कनेक्शन भी प्रीपैड हो जाएंगे। पहले चरण में सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सहमति मिल गई है।

पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों के कनेक्शन एक अप्रैल से प्रीपैड हो जाएंगे। प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब डेढ़ लाख में मीटर लग गए हैं। बचे करीब 22 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

विभागों पर तीन हजार करोड़ रुपए बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। इसमें सबसे बड़ा बकाया करीब तीन हजार करोड़ नगरीय निकायों पर, दो हजार करोड़ विकास विभाग पर, 600 करोड़ से ज्यादा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग पर है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है।

यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ तक हो सकता है। इस बकाया को प्रदेश सरकार विभागों के बजट से ही किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी। प्रदेश सरकार से किस्तों में बकाया भी मिलने लगा है। एक किस्त में छह सौ करोड़ मिल गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 10 कैदियों की समय से पहले रिहाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे बंदियों को बड़ी राहत दी है। राज्य दण्डादेश पुनर्विलोकन बोर्ड की सिफारिश पर 10 बंदियों को समय से पहले रिहाई की मंजूरी दी गई है। इनमें 9 बंदियों को शर्तों के साथ और 1 बंदी को निःशर्त रिहाई दी गई है। ये सभी कल (सोमवार) जेल से रिहा किए जाएंगे, सभी मर्डर के केस में जेल में बंद थे। सभी बंदी 14 साल से ज्यादा समय जेल में काट चुके थे। दरअसल, महानिदेशक जेल हिमांशु गुप्ता (सदस्य सचिव) की ओर से भेजे गए 16 प्रकरणों पर 12 फरवरी 2026 को बोर्ड की बैठक में विचार किया गया।

धमधा के किसानों की उम्मीदों पर फिरा पानी, 500 एकड़ गेंहू-चना फसल खाक

■ तेज हवा से फैली आग, मोटर पंप, केबल और घेरा-ताल जाली को भी नुकसान

धमधा/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के बोरी तहसील के ग्राम खिलोरा खुर्द के खेतों में भीषण आग लग गई। आग से 500 एकड़ क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल सहित चना की फसल खाक हो गए।

तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। किसान अपने खेतों को जलते हुए देखते रह गए। मिली जानकारी के अनुसार पास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आंकलन करने राजस्व अफसरों को निर्देश

गेहूं की फसल में आगजनी की जानकारी मिली है। बिना किसी विलंब के विधिवत जांच कर कार्रवाई की जाएगी। राजस्व अफसरों को जानकारी लेने भेजा गया है।

– **सोनाल डेविड**, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा

हम किसानों के साथ

यह हमारे किसानों के लिए अत्यंत अपूरणीय क्षति है। हम और हमारी सरकार किसानों के साथ दृढ़ता से खड़ा हैं। हम शीघ्र ही शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे।

– **रोहित राजपूत**, जिला अध्यक्ष, किसान मोर्चा भाजपा, दुर्ग

गरमा-गरम

डेडलाइन खत्म होने के पहले मुठभेड़, एक नक्सली मारा गया

■ दोनों तरफ से रुक-रुक कर हो रही फायरिंग

सुकमा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन खत्म होने में महज दो दिन ही शेष हैं। रविवार को सुकमा जिले के गट्टापाड़ जंगलों में हुई ने मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली को मार गिराया है।

मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों को गट्टापाड़ इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान सुबह नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा संभाला। जंगलों के बीच दोनों ओर से गोलीबारी हुई और एक नक्सली मार गिराया।

एसपी की निगरानी में हो रही मुठभेड़: सुरक्षाबलों द्वारा हो रही मुठभेड़ की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। फिलहाल, इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। इस पूरे ऑपरेशन की मॉनिटरिंग सुकमा एसपी किरण चव्हाण कर रहे हैं।

जल संरक्षण : कोरिया मॉडल की देशभर में गूंज, प्रधानमंत्री ने बताया जल संरक्षण का प्रेरक उदाहरण

कोरिया मॉडल बना राष्ट्रीय उदाहरण, पीएम मोदी ने सराहा

रायपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देते हुए 'कैच द रेन' तथा राज्य शासन के मोर गाव मोर पानी महा अभियान अभियान के अंतर्गत में 'आवा पानी झोंकी' अभियान संचालित किया गया। इस पहल ने जल संरक्षण को केवल एक सरकारी योजना से आगे बढ़ाकर व्यापक जनभागीदारी पर आधारित आंदोलन बना दिया है।

इस अभिनव प्रयास को राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान तब मिली, जब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में कोरिया मॉडल की सराहना की और इसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरिया मॉडल की सफलता जनभागीदारी से संभव

कोरिया मॉडल की सफलता का मूल आधार जनभागीदारी है। जब समाज स्वयं जल संरक्षण का संकल्प लेता है, तो परिणाम स्थायी और व्यापक होते हैं। हमारा प्रयास है कि हर बूंद को संजोकर आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

– **श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी**, कलेक्टर, कोरिया

जल संरक्षण में छत्तीसगढ़ बना देश के लिए मिसाल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह दर्शाता है कि प्रदेश में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्य अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'आवा पानी झोंकी' जैसे अभिनव मॉडल के माध्यम से किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्षा जल को सहेजने का सराहनीय कार्य किया है।

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur | AN AISECT GROUP UNIVERSITY

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | **Member of :** AIU | **Recognized by :** UGC | NAAC Accredited University

JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY WITH MODERN FACILITIES & GLOBAL OPPORTUNITIES

ACCREDITED WITH GRADE A NAAC

3800 Students Placed (Last 5 years)

Companies Visited 400+

Up to 100% Scholarship Available for Deserving and Eligible Students

25+ International Students from Nepal & Bhutan.

Highest Package up to ₹ 35 LPA

BUILD YOUR FUTURE WITH QUALITY EDUCATION, STRONG PLACEMENTS & SCHOLARSHIP SUPPORT

Centre for Distance and Online Education

ADMISSIONS OPEN 2026-27

Programmes Offered for Distance :

Faculty of Commerce & Management

- BBA | MBA
- B.Com | M.Com

Faculty of Arts:

- B.Lib.I.Sc.
- M.Lib.I.Sc.
- B.A. (General)
- M.A. (Hindi)
- M.A. (English)
- M.A. (Sanskrit)
- M.A. (History)

Scan QR Code to Create Academic Bank of Credit (ABC) ID

Scan QR Code to Create Distance Education Bureau (DEB) ID

दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का ABC-ID & DEB-ID होना अनिवार्य है।

Programme Offered for Regular

FACULTY OF SCIENCE
B.Sc. | M.Sc. | PGDRD
UG Programme in Nutrition & Dietetics

FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech | Polytechnic Diploma | M.Tech | B.VOC | M.VOC
UG Diploma in Fire Safety Management

FACULTY OF INFORMATION TECHNOLOGY
M.Sc. (IT) | M.Sc. (CS) | P. G.D.C.A. | B.C.A. | D.C.A.

FACULTY OF ARTS
B.A. | PERFORMING & FINE ARTS (B.P.A. | M.P.A.)
M.A. | B.Lib. | M.Lib. | M.S.W. (Social Work) | B.J. | M.J.

FACULTY OF EDUCATION & PHYSICAL EDUCATION
B.Ed. | M.Ed. | B.P.E.S. | M.P.E.S.

FACULTY OF PHARMACY
B. Pharm | D. Pharm | M. Pharm

FACULTY OF LAW
LL.M. | LL.B. | B.A. (LL.B.) | B.Com.(LL.B.)

FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
B.B.A. | M.B.A. | PGDBM | B.Com. | M.Com.

Bachelor of Vocation B.VOC
(Work Integrated Learning Program)

- Automobile Servicing
- IT Application Development
- Banking Financial Services & Insurance
- AC & Refrigeration
- Construction Technology
- Home Care
- Production Technology
- House Keeping
- Multi Media & Animation
- Fashion Designing
- Interior Decoration
- Hospital Administration
- Fire & Safety (Industrial & Construction)
- Business Accounting & Taxation

Special Features: ✦ Accredited by NAAC ✦ Chhattisgarh's first private university ✦ Skill Courses offered by PMKK in the University ✦ 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship. ✦ Fully Automated Central Library ✦ 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more ✦ Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery ✦ Diverse student base from 8 states ✦ Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career. ✦ Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners. ✦ Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures. ✦ Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost ✦ Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes. ✦ Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education. ✦ Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines. ✦ Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.

Our Placement Partners

NIIT, Star, vivo, amazon, wipro, iON, दैनिक भास्कर, SHRIRAM, Infosys, Tech Mahindra, zomato, AMERICAN EXPRESS, IndusInd Bank, genpact, vedanta, pinnacle, LANCO

Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION
9302969342, 9617772312

ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES
6261-900581, 6261-900582

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph. +91-7753-253801, 07753-253851, 253872, 253873, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

खबरों की मरम्मत

सीएएफ का बर्खास्त जवान जेल प्रशासन के लिए बना सिरदर्द

सीएएफ से बर्खास्त हो चुका एक जवान तीसरी बार जेल की दीवार फांदकर भाग निकला। छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के जवान महेंद्र दीवान को सीएएफ से चोरी के आरोप में बर्खास्त किया गया था। उसे पांच साल कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। मगर दीवान साहब को जेल की ऊंची-ऊंची दीवारों के बीच रहना रास नहीं आ रहा है। आजाद ख्याल कैदी को जेल की ऊंची दीवारें भी नहीं रोक पाई। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक ये महानुभाव पहले दंतेवाड़ा और कांकेर से जेल प्रशासन को चकमा देकर फरार हो चुका है। अब तीसरी बार उसने जगदलपुर की जेल फांद ली। छत्तीसगढ़ का जेल प्रशासन अब सवालों के घेरे में है। एक साल में तीन-तीन बार फरार होने वाले कैदी ने छत्तीसगढ़ के जेल प्रशासन की व्यवस्था को खुलेआम चुनौती दे दी है। इधर कानाफूसी होने लगी है कि दीवान साहब की आजादी की दीवानगी की खातिर कहीं जेल प्रशासन स्पेशल रियायत तो नहीं दे रहा।

सुशासन पर हावी शराब

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शराब की अवैध बिक्री के कारण पार्टी को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। फैक्ट्री से शराब का अवैध परिवहन कर सीधे दुकानों में शराब की बिक्री धड़ल्ले से होती रही। ईडी, इंकम टैक्स के लगातार छापे, नकली होलोग्राम, राजस्व में हजारों करोड़ के नुकसान के मुद्दे भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौर में छाए रहे। भाजपा ने इन मुद्दों पर कांग्रेस को लगातार घेरा और कांग्रेस की पराजय की बड़ी वजह भी शराब का अवैध कारोबार माना गया। सत्ता पाने के बाद अब भाजपा सरकार भी शराब के खेल में घिरने लगी है। आबकारी विभाग के 3 सौ करोड़ के मैनपावर सप्लाई के ठेके में गंभीर अनियमितता के आरोप भाजपा सरकार पर लग रहे हैं। चयन की गई कंपनियों में से एक व्यक्ति की दो कंपनियों को काम दे दिया गया है। कहा जा रहा है कि चयन में पात्र मानी गई कंपनी भी भाजपा के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी की है। इस मामले का खुलासा होने के बाद लोग कहने लगे हैं कि सुशासन पर अब शराब हावी होने लगी है।

सीएम आफिस में विपक्षी कांग्रेस की बड़ी सेंध

कांग्रेस के एक छात्र नेता ने डेढ़ सयाना होने का सबूत देते हुए छत्तीसगढ़ में अपनी पार्टी को बैठे ठाले फजीहत में डाल दिया। भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नबीन की ताजपोशी के बाद 15 सौ करोड़ रुपए कलेक्शन का फर्जी वीडियो बनाने के मामले में एनएसयूआई नेता असलम मिर्जा मास्टरमाइंड निकला। कांग्रेस के प्रादेशिक नेताओं ने इस मामले को जोरशोर से उठाया था। लेकिन, अब यही मामला कांग्रेस के लिये फांस बन गया है। असलम ने अपने कालेज फ्रेंड अंकित के साथ मिलकर सीएम आफिस में सेंध लगाई। वहां सोशल मीडिया का काम देख रहे आकाश जोशी के साथ मिलकर एआई की मदद से वीडियो बनाया गया। भाजपा ने आकाश की कंपनी को एक करोड़ का भुगतान नहीं किया था। साथ ही एक दूसरी कंपनी को काम दे दिया गया। नाराज जोशी ने असलम और उसके साथियों की मदद से फर्जी वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। बीजेपी सरकार के मुखिया के दफ्तर में सेंध लगाने वाले एनएसयूआई नेता समेत सभी लोग अब जेल में हैं। कांग्रेस नेता माथा अब सयाने छात्र नेता की हरकत पर माथा पीट रहे हैं। कहा जा रहा है कि फर्जी वीडियो बनाने की बजाय संगठन को मजबूत बनाने में इतना दिमाग लगाया जाता, तो बेहतर नतीजे निकलते। फिलहाल तो पार्टी की फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

भ्रष्टाचार की शिक्षा दे रहा एजुकेशन डिपार्टमेंट

संस्कार, चरित्र और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने वाले शिक्षा विभाग का छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट चेहरा सामने आ रहा है। नेशनल जंबूरी में करप्शन की गूंज अभी खत्म नहीं हुई है। इस बीच परीक्षा में भी छत्तीसगढ़ के एजुकेशन डिपार्टमेंट ने भ्रष्टाचार का इतिहास रच दिया है। कमीशनखोरी के चक्कर में विभाग के भ्रष्ट अफसरों ने सबसे घटिया क्वालिटी के कागज की उत्तर पुस्तिका तैयार कराई है। परीक्षा के लिये 80 जीएसएम (ग्राम प्रति वर्ग मीटर) का कागज होना चाहिये। लेकिन, पांचवी और आठवीं की परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स को 40 से 50 जीएसएम के कागज से तैयार उत्तरपुस्तिका दी गई। नतीजा... परीक्षा देने बैठे छात्रों के उत्तरपुस्तिका पर पेंसिल या पेन चलाने से कागज में छेद होने लगे। इस मामले का खुलासा होने के बाद अब शिक्षा विभाग के अफसरों पर कालिख पुत रही है। उत्तरपुस्तिका की तरह शिक्षा विभाग में हर तरफ छेद ही छेद दिख रहे हैं।

छत्तीसगढ़ियों ने अमरीकियों को बनाया पोपट

छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया ... ये जुमला राज्य निर्माण के बाद से लगातार गूंजता रहा है। लेकिन, राज्य बनने के 26 साल बाद अब नए मुहावरे गढ़ने की जरूरत आ पड़ी है। अभी तक पूरे देश में ऑनलाइन ठगी के मामलों के सबसे ज्यादा आरोपी बिहार और झारखंड में पाए जाते थे। लेकिन, छत्तीसगढ़ के लोगों ने ऑनलाइन ठगी का नया इतिहास रच दिया है। रायपुर में बैठे युवकों ने सीधे अमरीकियों को लोन देने का झांसा दिया और उनके बैंक खाते खाली कर दिये। खास बात ये है कि इन युवकों को अंग्रेजी बोलना भी नहीं आता। गूगल ट्रांसलेटर की मदद से ये लोग अमरीकियों को पोपट बनाते रहे। फर्जी काल सेंटर में एक साल के दौरान अमरीकियों को 50 करोड़ का चूना लगाया गया। ठगी का तानाबाना बुनने के लिये तीन कॉल सेंटरों से पुलिस ने 25 कम्प्यूटर, 18 लैपटॉप और 53 मोबाइल जब्त किये हैं। कहा जा रहा है कि फर्जीवाड़ा के तौर-तरीके जानने के बाद पुलिस अफसरों का माथा घूम गया। अब पुलिस अफसरों को यह कौन समझाए कि जिन लोगों ने दुनिया में खुद को सबसे ज्यादा सतर्क, जागरूक और बुद्धिमान समझने वाले अमरीकियों के दिमाग का चूरन बना दिया, उनके कारनामे सुनकर पुलिस अफसरों का माथा तो घूमेगा ही।

अब राजा वही बनेगा जो हकदार होगा: आनंद कुमार

सीख, सम्मान और संगीत के साथ टेक फेस्ट व्योम का समापन

भिलाई/नवप्रदेश। जब हालात आपके खिलाफ हों, तभी असली खेल शुरू होता है। क्योंकि वहीं से तय होता है कि आप भीड़ का हिस्सा बनेंगे या अपनी अलग पहचान बनाएंगे। ये शब्द जैसे ही मंच से गूंजे, पूरा माहौल तालियों से भर उठा। यह संदेश था देश के प्रसिद्ध शिक्षकों में से एक सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार का, जिन्होंने रविवार को रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित टेक फेस्ट व्योम के समापन को एक नई सोच और ऊर्जा दे दी।

व्योम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे आनंद कुमार ने छात्रों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि अब वक्त बदल चुका है। अब राजा का बेटा राजा नहीं बनेगा, बल्कि राजा वही बनेगा जो हकदार होगा और हकदार वही होता है, जो हर दिन खुद को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगर आप गिरने से डरते हैं, तो कभी आगे नहीं बढ़ पाएंगे। असली जीत उसी की होती है, जो बार-बार गिरकर भी उठना नहीं छोड़ता। जरूरी नहीं कि आप आईएएस, आईपीएस या आईआईटी ही जाएं, जिस भी फील्ड में जाएं वहां आप सबसे बेहतरीन होने चाहिए। आनंद कुमार के कहें इन शब्दों ने छात्रों के भीतर एक नई सोच और आत्मविश्वास को जन्म दिया।

मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवॉर्ड: व्योम के समापन का मुख्य आकर्षण स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार रहा। इस सम्मान से रूंगटा यूनिवर्सिटी के 6 छात्रों को नवाजा गया, जिन्होंने पूरे वर्ष अपने शानदार एकेडमिक प्रदर्शन, एक्स्ट्रा करिकूलम एक्टिविटीज और अनुशासन से अलग पहचान बनाई। इनमें अनिश कुमार, सायन कर्मकार, विक्की कुमार, कीर्ति प्रिया, सुप्रिया देवनाथ और सितास्मा कार्की शामिल हैं। इन छात्रों ने गूगल और माइक्रोसॉफ्ट के ऑफिशियल एंबेस्डर बनने से लेकर एनएसएस की राष्ट्रीय स्तर की सी सर्टिफिकेट की परीक्षा में भी खुद को अव्वल साबित किया। व्योम 2026 के दौरान पांच दिनों में 46 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें तकनीकी, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में करीब 3 हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें से 156 छात्रों ने शानदार प्रदर्शन के जरिए पुरस्कारों की सूची में जगह बनाई। इन विजेताओं को करीब 2 लाख रुपए के नकद पुरस्कार दिए गए।

...ताकि अवसर आपका इंतजार करें

व्योम का हिस्सा बने हर एक छात्र की हौसला अफजाई करते हुए यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा ने कहा कि, मंच वही बड़ा होता है, जहां से सपनों को उड़ान मिलती है। व्योम सिर्फ एक फेस्ट नहीं, बल्कि उन युवाओं की पहचान है जो अपने दम पर कुछ अलग करने का हौसला रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अवसर का इंतजार मत करो, खुद को इतना तैयार करो कि हर अवसर आपका इंतजार करे। कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने कहा कि, किताबों से मिली जानकारी जरूरी है, लेकिन असली सीख तब मिलती है जब आप उसे जीते हैं। व्योम उसी सीख का नाम है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि अगर सोच बड़ी है और मेहनत सच्ची है, तो सफलता देर से ही सही, लेकिन जरूर मिलती है। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. सौरभ रूंगटा, सीईओ सोनल रूंगटा भी मौजूद रहे।

बीट्स, एनर्जी और कैंपस वाइब्स का फिनाले

व्योम का समापन एक हाई-ऑक्टेन डीजे नाइट के साथ हुआ, जिसने पूरे कैंपस को फेस्टिव मोड में ला दिया। सनबर्न कैंपस के डीजे ने जैसे ही कंसोल संभाला, पावर फुल बीट्स और ट्रेंडिंग ट्रैक्स ने माहौल को पूरी तरह इलेक्ट्रिफाई कर दिया। हर बीट पर क्राउड का रिस्पॉन्स जबरदस्त था और डांस फ्लोर पूरी तरह एनर्जी से भरा नजर आया। लाइटिंग, लेजर इफेक्ट्स और साउंड का परफेक्ट सिंक इस रात को एक रियल कॉन्सर्ट फील दे रहा था। स्टूडेंट्स अपने दोस्तों के साथ फ्री होकर वाइब कर रहे थे, सेल्फी और रील्स बनाते हुए हर मोमेंट को कैप्चर कर रहे थे। यह सिर्फएक डीजे नाइट नहीं, बल्कि पूरे फेस्ट का सेलिब्रेशन था, जिसने व्योम को एक यादगार और ग्रैंड एंडिंग दी।

एनएचआई की आधुनिक परियोजनाओं से पंजाब-हरियाणा में कनेक्टिविटी को नई रफ्तार

चंडीगढ़/ए.। देश में सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में तेजी से हो रहे परिवर्तन के बीच ने नवाचार और सतत विकास को केंद्र में रखते हुए नई तकनीकों को अपनाना शुरू किया है। सड़क निर्माण में अब पारंपरिक सामग्रियों के साथ-साथ ठोस कचरा, फ्लाई ऐश और कृषि अपशिष्ट जैसे राइस हस्क (धान की भूसी) का उपयोग किया जा रहा है। इस दिशा में के साथ किए गए समझौते के तहत राइस हस्क, फ्लाई ऐश और मिट्टी के मिश्रण से सड़क निर्माण का प्रयोग 300 मीटर के ट्रायल पैच के रूप में शुरू किया जा रहा है। यह पहल पर्यावरण संरक्षण, लागत में कमी और संसाधनों के कुशल उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पत्र सूचना कार्यालय, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ के पत्रकारों के लिए आयोजित पंजाब अध्ययन दौरे के दौरान सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में हो रहे इन नवाचारों और विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा की गई। इस अवसर पर ह्र्ब्रद्ध के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशिम बंसल ने विभिन्न परियोजनाओं और नई तकनीकों पर प्रकाश डाला।

NHAI द्वारा पूर्व में भी वैकल्पिक संसाधनों के उपयोग में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की जा चुकी है। मोहाली क्षेत्र में लगभग 30,000 मीट्रिक टन ठोस कचरे का उपयोग कर सड़क निर्माण किया गया, जिससे न केवल लैंडफिल पर दबाव कम हुआ, बल्कि लागत में भी कमी आई। इस प्रकार, सड़क निर्माण अब पर्यावरणीय दृष्टि से अधिक जिम्मेदार और टिकाऊ बनता जा रहा है। चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए लगभग 120 किलोमीटर लंबे रिंग रोड नेटवर्क का विकास किया जा रहा है। इसमें ईस्टर्न और वेस्टर्न बायपास शामिल हैं, जो शहर के भीतर के यातायात को बाहर डायवर्ट कर भीड़भाड़ को कम करेंगे। परियोजना के कई हिस्से पूर्ण हो चुके हैं, जबकि कुछ निर्माणाधीन हैं और कुछ छ्क्क्र चरण में हैं। आने वाले लगभग ढाई वर्षों में इस नेटवर्क के पूर्ण होने की संभावना है। यह प्रणाली के आउटर रिंग रोड की तर्ज पर विकसित की जा रही है, जिससे दीर्घकालिक ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित होगा। नई सड़क परियोजनाओं से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को नई गति मिल रही है। दिल्ली से और जाने वाले यात्रियों को अब भीड़भाड़ वाले मार्गों से गुजरने की आवश्यकता कम होगी, क्योंकि बायपास मार्ग तेज और सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त, लुधियाना क्षेत्र में एयरपोर्ट तक सीधी पहुंच सुनिश्चित होने से औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। नई परियोजनाओं में ग्रीनफील्ड और एक्सेस-कंट्रोल्ड कॉरिडोर को प्राथमिकता दी जा रही है।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार 120 पौवा देशी मदिरा जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खरोरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 120 पौवा देशी शराब और नगदी रकम जप्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत शुक्ला के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 29 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चिचोली स्थित यादव चिकन एवं मछली सेंटर में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और घेराबंदी कर एक संदिग्ध को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ईश्वर उर्फ बिट्टू बताया और अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया। तलाशी के दौरान दुकान से एक बोरी में रखे 120 पौवा देशी मदिरा (मसाला शोले) बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 पौवा शराब एवं 3,600 रुपये नगद सहित कुल 15,600 रुपये का मशरूका जप्त किया।

एनडीपीएस मामलों की विवेचना मजबूत करने रायपुर में कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा मादक पदार्थों से जुड़े प्रकरणों की विवेचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में आयोजित इस कार्यशाला में पुलिस और न्यायपालिका के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज सिन्हा एवं शैलेश शर्मा ने विषय विशेषज्ञ के रूप में पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।

कार्यशाला में रायपुर कमिश्नरेट और ग्रामीण क्षेत्र के कुल 125 विवेचकों व पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान एनडीपीएस प्रकरणों की जांच में आने वाली प्रक्रियात्मक त्रुटियों, साक्ष्य संकलन की बारीकियों और कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई।

सुविचार

ठोकरें खाकर भी न संभले तो यह मुसाफिर का नसीब है वरना रास्ते के पत्थर तो अपना फर्ज निभा ही देते हैं।

चुनौती से निपटने एकजुटता जरूरी

मिडिल ईस्ट में छिड़ी जंग का जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है तो भला भारत इससे कैसे अछूता रह सकता है? यह तो नये भारत की बढ़ती हुई ताकत का ही सुपरिणाम है कि दुनिया के तमाम देशों में गैस और तेल को लेकर जैसी त्राहि त्राहि मची है वैसी विकट स्थिति भारत में नहीं है। गैस सिलेंडर की किल्लत जरूर हुई है लेकिन अब इसकी आपूर्ति भी धीरे धीरे सामान्य हो रही है। पेट्रोल और डीजल आसानी से उपलब्ध है। अमेरिका सहित कई देशों में पेट्रोल और डीजल के दाम तीस प्रतिशत तक बढ़ चुके हैं। जिसके चलते वहां महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच रही है। जिससे आम आदमी का जीना मुहाल होता जा रहा है। कई देशों में लाकडाऊन की नौबत आ गई है लेकिन भारत में स्थिति पूरी तरह नियंत्रित है। पेट्रोल और डीजल के दाम नहीं बढ़ाए गए हैं उल्टे इन पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी कम की गई है। ताकि दाम बढ़ाने की नौबत न आए। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत में लाकडाऊन नहीं होगा। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा में अपने उद्बोधन के दौरान पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर देशवासियों को सचेत किया था कि इस युद्ध के लंबा चलने पर भारत के सामने भी कठिन चुनौती आ सकती है और ऐसा हुआ तो हमें एकजुट होकर इसका सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने उदाहरण के रुप में कोरोना काल का जिक्र किया था और कहा था कि जिस तरह हमने एकजुट होकर कोरोना के खिलाफ जंग जीती थी उसी तरह हम इस चुनौती का भी मुकाबला कर लेंगे। प्रधानमंत्री की इस बात का बतंगड़ बनाते हुए अफवाहजीवियों ने यह भ्रम फैला दिया कि देश में अन्य कुछ देशों की तरह लाकडाऊन लगने वाला है। इसी बेसिरपैर की अफवाह के चलते देश के कई राज्यों में पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगने लगी। लोग अतिरिक्त पेट्रोल और डीजल खरीदने लगे। वाकई ये अफवाह बाज तो परमाणु बम से भी ज्यादा खतरनाक हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। बहरहाल यह संतोष का विषय है कि इस विषम स्थिति में हमारे देश के विपक्ष ने सरकार का साथ देने का एलान किया है। सर्वदलीय बैठक में विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने दलगत भावना से उपर उठकर संभावित चुनौती का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। यही है हमारे देश की असली ताकत कि आपदा की स्थिति में हम अपने तमाम मतभेदों को दरकिनार कर एकजुट हो जाते हैं और हर चुनौती से निपटने में सफल होते हैं। कभी तो सब कुछ काबू में है लेकिन यदि अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग लंबी चली तो भारत पर भी देर सवेर इसका दुष्प्रभाव अवश्य पड़ेगा। इसलिए हमे संभावित कठिन चुनौती का सामना करने और इसका एकजुट होकर मुकाबला करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कबीर वाणी

मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा।
तेरा तुझकौं सौंपता, क्या लागै है मेरा॥

मेरे पास अपना कुछ भी नहीं है। मेरा यश, मेरी धन-संपत्ति, मेरी शारीरिक-मानसिक शक्ति, सब कुछ तुम्हारी ही है। जब मेरा कुछ भी नहीं है तो उसके प्रति ममता कैसी? तेरी दी हुई वस्तुओं को तुम्हें समर्पित करते हुए मेरी क्या हानि है? इसमें मेरा अपना लगता ही क्या है?

तूँ तूँ करता तूँ भया, मुझ मैं रही न हूँ।
वारी फेरी बलि गई, जित देखौं तित तूँ ॥

जीवात्मा कह रही है कि 'तू है' 'तू है' कहते-कहते मेरा अहंकार समाप्त हो गया। इस तरह भगवान पर न्यौछावर होते-होते मैं पूर्णतया समर्पित हो गई। अब तो जिधर देखती हूँ उधर तू ही दिखाई देता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ सब को अपने ही अनुभव पर, अपने ही आत्मा के साथ, अपने ही समझ पर, अपनी ही बुद्धि से जीवन जीना है।

◆ दास भाव से भक्ति की शुरुआत सबसे अच्छी है।

◆ सबसे दयनीय स्थिति यही है मनुष्यता की कि अपनी बुद्धि अपने ही खिलाफहै और उसको हम बैलेंस नहीं कर पा रहे हैं।

◆ भौतिक मनुष्य की मुस्कुराहट नकली और धार्मिक मनुष्य की मुस्कुराहट असली होती है। अगर हरि को किसी ने बैठाया है तो सिर्फ प्रेम से, अपने संस्कार से। तुम्हारे भीतर प्रेम जितना गहरा होगा हरि उतना रीझ जाएगा तुमसे। किसी और चीज का जोर नहीं चलता हरि के ऊपर। विश्वास करना या न करना यह तुम्हारे जीवन के सुख का आध गार है। भगवान का कुछ बनता भी नहीं कुछ बिगड़ता भी नहीं, गुरु का कुछ बनता भी नहीं कुछ बिगड़ता भी नहीं; सब तुम्हारे विश्वास पर निर्भर है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1919 : महात्मा गांधी ने 'रॉलेक्ट एक्ट' का विरोध करने की घोषणा की। 1949 : राजस्थान राज्य की स्थापना। जयपुर को राजधानी बनाया गया। 1981 : अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन पर एक बंदूकधारी ने वॉशिंगटन में गोली चलाई। घटना में 70 वर्षीय रीगन गंभीर रूप से घायल हुए। 1992 : फिल्मकार सत्यजीत रे को 'ऑस्कर लाइफटाइम अचीवमेंट ऑनरेरी' से नवाज़ा गया। 1997 : कांग्रेस ने 10 महीने पुरानी एचडी देवेगौड़ा सरकार से कमज़ोर नेतृत्व का हवाला देते हुए समर्थन वापस ले लिया, जिसके बाद एक साल में तीसरी बार सरकार बदली। 2003 : लंदन में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा, संगत के लिए खोला गया। समारोह में हजारों लोगों ने शिरकत की। इसे भारत से बाहर दुनिया का सबसे बड़ा गुरुद्वारा बताया गया। 2010 : पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में सह आरोपी आतंकवादी परमजीत सिंह भौंरा को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई गई।

बस्तर में शांति का सवेरा: अब चुनौती पुनर्वास और विकास की

लगभग साढ़े चार दशकों तक नक्सलवाद की भीषण चुनौती से जूझते रहे छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर अंचल में हाल के घटनाक्रम एक ऐतिहासिक मोड़ का संकेत दे रहे हैं। बड़े नक्सली कमांडर पापाराव के आत्मसमर्पण, सैकड़ों माओवादी कैडरों की मुख्यधारा में वापसी और राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा द्वारा केंद्र सरकार की 31 मार्च की निर्धारित समय-सीमा से पहले ही नक्सलवाद के खात्मे के दावे ने इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता की नई उम्मीद जगाई है। दशकों से भय, हिंसा और अनिश्चितता में जी रहे बस्तर के लोगों के लिए यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक संभावित सामाजिक-आर्थिक पुनर्जागरण का संकेत है।

अशोक कुमार साहू

प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध बस्तर, जिसका भू-भाग केरल से भी बड़ा और घने वनों से आच्छादित है, विडंबना यह रही कि विकास की मुख्यधारा से दशकों तक दूर रहा। जहां एक ओर इस क्षेत्र की धरती में अपार खनिज संपदा छिपी है, वहीं दूसरी ओर नक्सलवाद की लंबी हिंसक पृष्ठभूमि ने इसे रक्तरंजित भी किया है। बीते वर्षों में नक्सलियों द्वारा हजारों निर्दोष ग्रामीणों की हत्या,उन्हें पुलिस मुखबिर बताकर और सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ों में बड़ी संख्या में नक्सलियों तथा जवानों के मारे जाने की घटनाओं ने इस क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने को गहराई से प्रभावित किया है। आदिवासी समुदाय इस संघर्ष में सबसे अधिक पीड़ित रहा,कभी नक्सलियों के संदेह का शिकार बनकर, तो कभी सुरक्षा बलों की सख्ती के बीच।

हालांकि कुछ वर्ष पहले तक नक्सलवाद के समाप्त होने की संभावना बेहद क्षीण प्रतीत होती थी, लेकिन हाल के वर्षों में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं। राज्य और केंद्र सरकार के समन्वित प्रयास, सुरक्षा बलों की सटीक रणनीति और लगातार बढ़ते दबाव ने नक्सली संगठनों को कमजोर किया है। परिणामस्वरूप आत्मसमर्पण की एक लंबी श्रृंखला देखने को मिली है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार, पिछले 26 महीनों में लगभग 2750 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। केवल 11 मार्च को हुए एक बड़े घटनाक्रम में 108 माओवादियों ने हथियार डालकर समाज की मुख्यधारा में वापसी की, जिनमें 44 महिलाएं भी शामिल थीं।

इन आत्मसमर्पणों में कई बड़े नाम शामिल हैं। 25 लाख रुपये के इनामी डीकेएसजेडसी सदस्य पापाराव, दंडकारण्य जोनल कमेटी के पश्चिम बस्तर डिवीजन के डीवीसीएम राहुल तेलाम, पंडरू कोवासी, झितरू ओयाम, पूर्व बस्तर डिवीजन के डीवाईसीएम रामधर उर्फ बीरू, उत्तर बस्तर डिवीजन के डीवाईसीएम मल्लेश, अनिल ताती, प्रकाश माड़वी, विकास मड़काम, संजय मड़काम, चंद्र मरकाम, रजनी रेंगो, संजय कोड़में, लिंगा कवासी तथा पीजीएलए बटालियन नंबर एक के

सीवाईपीसी कमांडर मुचाकी जैसे कई प्रमुख कैडरों का आत्मसमर्पण संगठनात्मक ढांचे के कमजोर पड़ने का संकेत है। इसके अतिरिक्त आंध्र-ओडिशा बॉर्डर (एओबी) क्षेत्र के डीवीसीएम कोसा मंडावी का आत्मसमर्पण भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

सुरक्षा बलों की कार्रवाई में बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और संसाधनों की बरामदगी ने नक्सली नेटवर्क की आर्थिक और सैन्य क्षमताओं को कमजोर किया है। एक ही स्थान से तीन करोड़ 61 लाख रुपये नकद और एक करोड़ 64 लाख रुपये मूल्य का एक किलो सोना बरामद होना इस बात का प्रमाण है कि नक्सली संगठन कितनी बड़ी आर्थिक संरचना के साथ काम कर रहे थे।

इन उपलब्धियों के पीछे केवल सुरक्षा बलों का दबाव ही नहीं, बल्कि राज्य सरकार की आकर्षक आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है। साथ ही, कई स्थानीय पत्रकारों और मध्यस्थों ने भी नक्सलियों को मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करने में अहम भूमिका निभाई है।

फिर भी, इस सकारात्मक परिदृश्य के बीच कुछ स्वाभाविक संशय भी बने हुए हैं। दशकों तक हिंसा और अस्थिरता में जी चुके लोगों के मन में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या वास्तव में अब बंदूकें खामोश हो जाएंगी? क्या गांवों में नक्सली कैडर और समर्थकों का प्रभाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा? बस्तर के वरिष्ठ पत्रकार करीमुद्दीन जैसे जानकार मानते हैं कि स्थिति में सुधार के स्पष्ट संकेत हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर पूरी तरह शांति स्थापित होने में समय लगेगा। उनके अनुसार, गांवों में अभी भी नक्सली समर्थक मौजूद हैं, जिनके पुनर्वास और पुनर्समावेशन की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे।

नक्सलवाद की जड़ों को समझे बिना उसके स्थायी समाधान की कल्पना नहीं की जा सकती। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत 1970 और 1980 के दशक में अविभाजित मध्यप्रदेश के समय हुई, जब आंध्र प्रदेश और अन्य क्षेत्रों से आए वामपंथी उग्रवादी समूहों ने दंडकारण्य के घने जंगलों में अपनी पैठ बनाई। आदिवासियों की गरीबी, सरकारी योजनाओं का अभाव, वन अधिकारों की अनदेखी और प्रशासनिक दूरी ने इस आंदोलन को पनपने का अवसर दिया। 25 मई 1983 को बीजापुर के बेलकनगुड़ा गांव में तेंदूपत्ता गोदाम में आगजनी को राज्य में नक्सलवाद की पहली बड़ी हिंसक घटना माना जाता है।

2004 में पीपुल्स वॉर ग्रुप और माओवादी कम्युनिस्ट सेंटर के विलय से बने सीपीआई (माओवादी) ने इस क्षेत्र में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। शुरुआती दौर में नक्सलियों ने आदिवासियों को तेंदूपत्ता के बेहतर दाम दिलाने और वन विभाग के कथित शोषण से राहत दिलाने जैसे कदम उठाए, जिससे उन्हें स्थानीय समर्थन मिला। उन्होंने आदिवासी समुदाय के भीतर सामाजिक हस्तक्षेप कर विश्वास अर्जित किया, जो बाद में उनके विस्तार का आधार बना।

राजनीतिक स्तर पर भी नक्सलवाद के प्रति दृष्टिकोण समय के साथ बदलता रहा। वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद पहली सरकार के मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने इसे केवल कानून-व्यवस्था की समस्या न मानकर सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से देखने की कोशिश की। हालांकि उनके इस रुख की आलोचना भी हुई। इसके बाद 2003 में भाजपा सरकार के गठन के साथ नक्सलवाद के खिलाफ सख्त नीति अपनाई गई।

ईरान संघर्ष: भारत की 'नीति' कितनी सामयिक, प्रासंगिक और प्रभावी?

राजीव खंडेलवाल

मध्य-पूर्व एक बार फिर वैश्विक अस्थिरता के केंद्र में है। ओमान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत निर्णायक चरण में पहुँचती दिख रही थी। जैसा 26 फरवरी को ओमान के विदेश मंत्री द्वारा महत्वपूर्ण प्रगति की बात कही गई थी। तब अचानक 28 फरवरी को अमेरिका द्वारा ईरान पर की गई सैन्य कार्रवाई ने पूरे समीकरण को ही बदल दिया। इसे ऑपरेशन एपिक फ्यूरी कहा गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उक्त ऑपरेशन का उद्देश्य ईरान के परमाणु मिसाइल कार्यक्रम को निष्क्रिय करना, क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करना तथा तथाकथित प्रतिरोध नेटवर्क को कमजोर करना बताया। मीडिया में दावा किया गया कि यह सैन्य कार्रवाई अमेरिका ने ट्रंप के दामाद जेरेड कुश्नर जो ट्रंप प्रशासन में विशेष शांति दूत की भूमिका में है, विदेश मंत्री व रक्षा मंत्री की सलाह पर इजराइल के कहने से की गई।

परन्तु लगभग 27 दिनों के संघर्ष के बाद भी ''कोई भी लक्ष्य'' की स्पष्ट प्राप्ति नहीं हो सकी है। उलटे, अमेरिका द्वारा ''अनावश्यक लादे गए'' इस युद्ध ने विश्व को एक ऐसे संकट के मुहाने पर ला खड़ा किया है, जहाँ से निकलने का मार्ग अभी धुंधला दिखाई देता है।

'' युद्ध की प्रकृति और विशेषता।''

इस युद्ध की एक उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि ईरान ने ''प्रत्यक्ष आक्रामकता'' के बजाय रक्षात्मक प्रतिरोध का उद्देश्य सामने रखकर प्रतिक्रियात्मक रणनीति अपनाई। ईरान ने ''पहले'' हमला करने से परहेज किया और हर सैन्य ''आक्रमण'' कार्रवाई का ''प्रत्युत्तर'' उसी ''अनुपात'' में देने की नीति अपनाई। इसने युद्ध को पूर्ण विस्तार लेने से कुछ हद तक रोके रखा। ट्रंप से मिली हमलों की धमकियों के मामले में भी ईरान ने यही नीति अपनाई।

'' वैश्विक प्रभाव: ऊर्जा से अर्थव्यवस्था तक ।''

सैन्य संघर्ष का प्रभाव केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित न रहकर वैश्विक स्तर पर होकर फैल रहा है। कच्चे तेल और एलपीजी की आपूर्ति पर दबाव, होर्मुज जलडमरूमध्य से समुद्री यातायात में बाधा, वैश्विक महंगाई में संभावित वृद्धि, आपूर्ति श्रृंखलाओं में अस्थिरता, भारत सहित अधिकांश देश इस प्रभाव व दुष्परिणाम से अछूते नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संसद में स्वीकारा ''यह संघर्ष वैश्विक

अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती है''।

'' भारत की कूटनीति: संतुलन या झुकाव? ''

भारत के संबंध अमेरिका, इजरायल, और ईरान तीनों से ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण व अच्छे रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री मोदी के जमाने में इजराइल व अमेरिका से प्रगाढ़ व प्रेसिडेंट ट्रंप से बेहद व्यक्तिगत संबंध स्थापित हुए हैं, जिसने रूस-भारत संबंध को भी एक कदम पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी जब पिछली बार वर्ष 2016 में ईरान गये थे, तब उन्होंने यह कहा था कि दोनों देशों की दोस्ती ''नई'' नहीं है, बल्कि ''इतिहास जितनी पुरानी'' हैं। भारत के व्यापारिक फायदे के लिए चाबहार बंदरगाह विकास, व्यापार-परिवहन ट्रांजिट समझौते हुए।

रणनीतिक स्वायत्तता का अभाव।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार ''डायलॉग और डिप्लोमेसी'' से शांति की कूटनीति अपनाने की अपील की है। यद्यपि इसके पीछे शायद उनकी सोच वहां रह रहे एक करोड़ से अधिक भारतीयों की सुरक्षा व उर्जा आपूर्ति रही है। ''आक्रमणकारी'' अमेरिका के ईरान पर किए हमले की प्रधानमंत्री ने ''आलोचना'' नहीं की, जो करनी चाहिए थी। खासकर तब, जब वे ''गल्फ देशों'' में स्थित अमेरिका के सैन्य अड्डों पर ईरान की बमबारी की आलोचना कर रहे है। तब मोदी निष्पक्ष नहीं दिख सके। स्पष्ट है, इस कारण वे देश के विपक्ष की आलोचनाओं का शिकार भी हुए प्रधानमंत्री का टीवी 09 समिट में दिया गया यह कथन कि भारत ने फैसले लेने का ''सामर्थ्य'' दिखाया है, स्वीकार योग्य नहीं है, क्योंकि वह तथ्यों के विपरीत है। वस्तुतः भारत की विदेश नीति में परंपरागत रूप से ''रणनीतिक स्वायत्तता'' पर आधारित रही है। परन्तु वर्तमान में इसका अभाव सा दिखता है।

'' प्रधानमंत्री को गुलाम कहना! कांग्रेस की गुलामी प्रवृत्ति''!

कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा का पत्रकार वार्ता में भारत के चुने हुए लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी का नाम लिए बिना ''साहब बीबी और गुलाम'' पोस्टर का इस्तेमाल कर उन्हें ''गुलाम'' कहना बेहद ''शर्मनाक'' है। इसे किसी भी रूप में कदापि स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वास्तव में यह कांग्रेस की ''गुलामी'' की कार्यशैली की प्रवृत्ति का ''अवतरण'' है। इस कथन की सर्वत्र घोर निंदा की जानी चाहिए थी।

पिछले 14 महीने से भारत की अमेरिका के प्रति ''नीति'' रणनीति स्वायत्तता के अभाव में ''चिंता'' का विषय।

वर्ष 2025 में ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से ही प्रधानमंत्री मोदी के ट्रंप के दबाव में आने से गुटनिरपेक्ष नीति का अगुवा करने वाले भारत की विदेश नीति की ''दिशा'' बदलने से वह भारतीय हितों को प्रभावी रूप से ''साध'' नहीं पा रही है। यह किस दबाव में? अलग विषय है। लेकिन निश्चित रूप से 15 महीने के ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में ट्रंप के भारत व मोदी के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर दिये गये बयानों के अवलोकन से स्पष्ट है कि ट्रंप भारत पर ''टर्म डिक्टेट'' कर रहा है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जिस प्रकार ब्रह्म में जीव भासता है वैसे ही जीव में वर्ण भासता है अतैव संस्कार के आधार पर वर्ण को पहचानने का प्रयास करें सब कुछ तो ब्रह्म है। ब्रह्म को जानने के बाद अपने को ही ब्रह्म मान लेने से न ज्ञान की ही प्राप्ति होती है न ही मोक्ष की। उपरोक्त पंक्तियां मन मस्तिष्क में उत्पन्न हुई इन्हें शास्त्रों में खोजने पर शास्त्रों में शायद ही मिले सम्भव है यह मिथ्या हो । जो जानता है वह ईश्वर ही जानता है सत्य यह भी नहीं।

- नवीन शंकर शर्मा

बेवजह खुद की अज़ीयत की है ग़ैर के ग़म से मुहब्बत की है दिल को वीरान किया तेरे लिए ये कैसी मैंने हिम्मत की है रूह तक भीग गई है मेरी इश्क़ ने ऐसी इबादत की है अब तो दुनिया से शिकायत क्या है खुद से ही मैंने शिकायत की है तेरे दर पर जो झुका सर मेरा तेरी रब जैसी इबादत की है छोड़ दी हमने ख़्वाहिशें सारी बस तेरी चाह में राहत की है!!

- नीरू श्रीवास्तव

भंवर से निकल कर,एक किनारा मिला है, जीने को एक तेरा सहारा मिला है, कश्मकश थी बहुत इस जिंदगी में मेरी अब कहीं जाकर, साथ तुम्हारा मिला है।

- लक्ष्मी गौर थपलियाल

अगर पहले से सब कुछ तय हुआ रक्खा है दुनिया में गुमां किस बात का तुझको हुआ जाता है बतला दे अगर बस रेत के कण के बराबर है ये धरती भी तू खुद को क्या समझता है मुझे इतना ही जतला दे ।

- मित्र ग़ाज़ियाबादी

आप बड़े बड़े गाँधी वादी देखे होंगे जो दूसरों को दिन भर नैतिकता और अहिंसा का ज्ञान बेचते रहते है...उनको बरेली पर गाँधी कि मूर्ति के साथ हुवे कृत्य का पता नहीं बताओ.... बहरहाल एक बात गांठ बांध लो गाँधी हो सावरकर या सिंह सबके लिए निष्ठा केवल भारत के सनातनीयों को है... विदेशी कौम हमेशा विदेशी रहेंगी...

- अंबरदानी

कभी कभी आप कुछ किये बिना ही लोगो की नज़र में बुरे बन जाते है ,क्योंकि आप वह नहीं करते जो लोग चाहते है ,पर आप खुद को दोष मत दीजिए,आप अपना कर्म कीजिये ;आप लोगों के नजरिए को नहीं बदल सकते।हमेशा याद रखिए अंत में आपका अपना खुद का किरदार ही मायने रखता है। **- मीनू वोहरा**

जिनगानी को जिनगानी में रखते हैं।
खुद को खुद की निगरानी में रखते हैं।।
गर्म हुआ माहौल बहुत ही दुनिया का।
किसमिस-से मन को पानी में रखते हैं।।
अलग अर्थ में ले लेते हैं लोग यहाँ। बात सभी काना-कानी में रखते हैं।। नहीं सँभलता बोझ ज्ञान का एक दिवस। खुद को अब हम नादानी में रखते हैं।।
कठिनाई ने पाला-पोसा खड़ा किया। पर लोगों को आसानी में रखते हैं।।

- दिनेश रोहित चतुर्वेदी

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन विपरीत परिस्थितियों वाला रहेगा दिन के आरंभ में ही परिवार अथवा आस-पड़ोसियों से कलह हो सकती है इसका प्रभाव भी दिन भर देखने को मिलेगा।

वृषः आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से लाभदायक रहेगा। घर के बुजुर्गों एवं कार्य व्यवसाय से अकस्मात लाभ होगा। लेकिन आज व्यर्थ के खर्च भी बढ़ेंगे।

मिथुनः आज के दिन आपकी बनाई योजनाए आरम्भ में विफल होती प्रतीत होंगी लेकिन कुछ समय बाद स्वतः ही सभी काम बनते चले जायेंगे।

कर्कः आज के दिन आपकी मानसिकता बिना परिश्रम किया सुख भोगने वाली रहेगी यह कामना कुछ हद तक पूर्ण भी हो जाएगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए हानिकारक रहेगा। कार्य क्षेत्र पर किसी गलत निर्णय के कारण आर्थिक हानि की संभावना है जिसकी भरपाई में समय लगेगा।

कन्याः आज के दिन आप एक साथ कई क्षेत्रों से लाभ कमा सकते है परंतु आज आलसी प्रकृति भी रहने के कारण कुछ ना कुछ आशा के विपरीत अवश्य होगा।

तुलाः आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा लेकिन आज आर्थिक रूप से दिन निराशाजनक ही रहने वाला है। प्रातः काल से किसी कार्य को पूर्ण करने की जल्दी रहेगी।

वृश्चिकः आज का दिन आप आराम से बिताएंगे कुछ दिनों से चल रही उलझने आज थोड़ी शांत होंगी। धार्मिक कार्यो में रुचि रहने से मानसिक शांति मिलेगी। व्यवसायी वर्ग काम को लेकर कुछ दुविधा में रहेंगे फिर भी आवश्यकता अनुसार धन की आमद हो ही जाएगी।

धनुः आज का दिन प्रतिकूल फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में किसी से बंधी आशा टूटने से मन दुखी होगा। आर्थिक कारणों से मध्यान तक का समय संघर्ष वाला रहेगा।

मकरः आज का दिन आपको प्रत्येक क्षेत्र में विजय दिलाएगा। आज जिस भी काम मे निवेश करेंगे उसमे दुगना धन मिलने की संभावना रहेगी लेकिन धन की आमद में थोड़ा विलम्ब हो सकता है। व्यवसाय के अतिरिक्त भी आय होने की संभावना है।

कुंभः आज का दिन धन-धान्य वृद्धि कारक रहेगा। घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति पर खर्च होगा। सुख-सुविधा भी बढ़ेगी। कार्य व्यवसाय में मध्यान तक दिन भर का कोटा पूरा कर लेंगे इसके बाद भी लाभ होता रहेगा।

मीनः आज आपकी बौद्धिक क्षमता में विकास होगा भले बुरे को परख कर ही कोई भी कार्य करेंगे फिर भी स्वभाव अनुसार छोटी बातों पर अकड़ दिखाना नही जाएगा।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) उत्तर प्रदेश के किस शहर को 2025 में यूनेस्को क्रिएटिव सिटी ऑफ गैस्ट्रोनॉमी घोषित किया गया है?

2) वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में किस देश ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया?

3) नेशनल गोपाल रत्न अवाड्र्स भारत में किस क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माने जाते हैं?

4)अल्बर्ट एक्का ब्रिगेड, जिसने हाल ही में अपना 56वां स्थापना दिवस मनाया, ने 1971 के युद्ध के दौरान किस सेक्टर से लड़ाई लड़ी थी?

5) कोइलाकैंथ क्या है, जो हाल ही में समाचारों में था?

उत्तरमाला- (1) लखनऊ (2) ब्राज़ील (3) पशुपालन और डेयरी क्षेत्र (4) पुंछ सेक्टर (5) प्रागैतिहासिक जीवित मछली

पहेली

शब्द सामर्थ्य -357

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 356 का हल

न्यूज गैलरी

विधायक ललित का निवास-कार्यालय सिविल लाइन में स्थानांतरित

दुर्ग। विधायक ललित चंद्राकर का निवास एवं कार्यालय स्थानांतरित किया गया है। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर का नया पता सिविल लाइंस में एफ1 और कार्यालय एफ-6, गोंडवाना भवन के बगल में रहेगा। जनदर्शन, भेंट व सभी विभागीय / जनसमस्या संबंधी कार्य अब निर्धारित कार्यालयीन समय में ही संपादित किए जाएंगे। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों से निवेदन किया गया है कि वे अपनी समस्याओं/आवेदनों के निराकरण हेतु कार्यालय एफ- 6, गोंडवाना भवन के पास, सिविल लाइंस दुर्ग स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। उनके कार्यालय का संपर्क नंबर निज सहायक युवराज बेलचंदन 9993109871, हितेश देशमुख 9827489009, शुभम शर्मा 9340195095 से संपर्क किया जा सकता है।

भिलाई के सूने मकान में चोरी का खुलासा

भिलाई। छावनी थाना क्षेत्र में सूने मकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का पूरा सामान बरामद कर लिया गया है। श्याम नगर स्थित तेलगू मोहल्ला, कैम्प 2 भिलाई निवासी महिला यू. येल्लमा (50) ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को परिवार समेत घर में ताला लगाकर विशाखापट्टनम गई थी। वापस लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। अंदर से एलईडी टीवी, होम थिएटर, सोने-चांदी के आभूषण समेत कई सामान गायब थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विवेक मिश्रा (20) निवासी शास्त्री नगर कैम्प-01 और एस. जगन (19) निवासी सुंदर नगर कैम्प-01, शामिल हैं। इस मामले में एक नाबालिग की संलिप्तता भी सामने आई है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग 45 हजार रुपए मूल्य का सामान बरामद किया है। बरामद सामान में एलईडी टीवी, होम थिएटर, चांदी के आभूषण और पीतल के बर्तन शामिल हैं।

अवकाश में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

दुर्ग। शासन की मंशा के अनुरूप आगामी छुट्टियों के दौरान पंजीयन कार्य की प्रक्रिया जारी रहेगी। जारी अधिसूचना के अनुसार, मार्च माह में पक्षकारों द्वारा कराए जाने वाले पंजीयन की अधिक संख्या को देखते हुए मार्च माह के अंतिम महावीर जयंती के अवसर पर 31 मार्च को भी सभी पंजीयन कार्यालयों में कामकाज सामान्य रूप से संचालित होगा। विभाग के अनुसार, मार्च का महीना राजस्व प्राप्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः जनहित में इन अवकाश के दिनों में भी उप पंजीयक कार्यालयों में दस्तावेजों के पंजीयन की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। जिला पंजीयक, कोषालय अधिकारी और भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों को 31 मार्च तक बैंकों में शासकीय लेनदेन सुचारू रखने हेतु यथोचित निर्देशित किया गया है। आम जनता की सुविधा के लिए स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन को ई-स्टाम्पों की निरंतर आपूर्ति और एनआईसी को सुचारू तकनीकी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

स्टाफ नर्स सूची जारी, ऑनलाइन दावा आपत्ति 3 अप्रैल तक आमंत्रित

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, दुर्ग अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु 20 जनवरी 2026 के माध्यम से 03 पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। उक्त विज्ञापित पदों स्टॉफनर्स पर दावा आपत्ति हेतु प्रारंभिक पात्र- अपात्र एवं अमान्य आवेदनों की सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। जिस हेतु अभ्यर्थी दावा आपत्ति वेबसाइट के माध्यम से स्वयं की रजिस्ट्रेशन आई.डी. से लॉग-ईन कर ऑनलाईन के माध्यम से 03 अप्रैल 2026 तक सायं 05.30 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी स्वयं की रजिस्ट्रेशन आई.डी. एवं पासवर्ड डालकर लॉग ईन करेंगे तत्पश्चात दावा आपत्ति हेतु उपलब्ध लिंक पर क्लीक कर दावा आपत्ति कर सकेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत अथवा अन्य माध्यम से कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ को और अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय बनाएं: राज्यपाल डेका

■ छग जर्नलिस्ट यूनियन प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन और सम्मान समारोह में शामिल हुए राज्यपाल

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि लोकतंत्र में व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बाद पत्रकारिता को चतुर्थ स्तंभ माना गया है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि एक मिशन और साधना है। समाज का दर्पण कहलाने वाली पत्रकारिता ने सदैव जनता और सत्ता के बीच संपर्क-सेतु की भूमिका निभाई है और लोगों को जागरूक किया है। इसीलिए इसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। राज्यपाल डेका आज भिलाई सेक्टर 4 स्थित एसएनजी ऑडिटोरियम में आयोजित छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन और सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आंसदी से सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया, पत्रकारों की भूमिका की सराहना की और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। राज्यपाल डेका ने इस अवसर पर महिला पत्रकारों को उनकी उत्कृष्ट लेखनी के लिए सम्मानित किया, जिसमें शगुफ्ता शिरीन, अनुभूति भाखरे, कोमल धनेसर, साक्षी सोनी शामिल है। समाजसेवी महिलाओं साधना चतुर्वेदी, अंजना श्रीवास्तव, लता बौद्ध, दीप्ति सिंग, सुनीता जैन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल डेका ने वर्तमान चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज पत्रकारिता एक कठिन दौर से गुजर रही है। सोशल मीडिया के विस्फोट ने सूचना के प्रवाह को लोकतांत्रिक तो बनाया है, लेकिन साथ ही विश्वास का गंभीर संकट भी खड़ा किया है। फेसबुक, व्हाट्सएप और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर हर व्यक्ति 'पत्रकार' बन चुका है और सत्यापन से पहले ही समाचार वायरल हो जाते हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि 'फेक न्यूज' और 'डीपफेक' ने सच और झूठ के बीच की रेखा धुंधली कर दी है। इन सबके बीच आज भी प्रिंट मीडिया ने अपनी विश्वसनीयता को कायम रखा है। राज्यपाल डेका ने कहा कि इन चुनौतियों का सामना करने के लिए पत्रकारिता को अपने मूल आदर्शों की ओर लौटना होगा। एक स्वस्थ पत्रकारिता ही एक स्वस्थ लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने इस चौथे स्तंभ को और अधिक सुदृढ़, विश्वसनीय और जनोन्मुखी बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष ईश्वर दुबे, सचिव सतीश बौद्ध व अन्य पदाधिकारी, राजाराम त्रिपाठी, प्रो. संजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज सहित बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के पत्रकार उपस्थित थे।

जिले में बेहतर विद्युत सप्लाई करने 132 केवी का नया सब-स्टेशन ऊर्जीकृत

■ प्रबंध निदेशक राजेश शुक्ला ने बटन दबाकर किया ऊर्जीकृत

■ मिलेगी निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए दुर्ग जिला में पारेषण क्षमता का विस्तार कर रही है। धमधा ब्लॉक के लिटिया-सेमरिया गांव में 220/132/33 केवी के नए उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है, जिसकी क्षमता 160 एमवीए है। इसे ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर ऊर्जीकृत किया। इस क्षमता विस्तार से दुर्ग व धमधा ब्लॉक क्षेत्र के 150 से अधिक गांव के विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

इस अवसर पर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह के निर्देशन में प्रदेश में पारेषण नेटवर्क को मजबूत बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र में पंजीगत निवेश के तहत कार्य कराए जा रहे हैं।

लिटिया सेमरिया में 132/33 के.वी. के नए उपकेंद्र की स्थापना की गई है, जिसमें 40-40 एमवीए के दो पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। इसकी अनुमानित लागत लगभग 100 करोड़ रुपए है। उपकेंद्र से 33 केवी के 6 फीडर से बिजली सप्लाई होगी।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संजय पटेल, एस सलेट, एएम परियल, मुख्य अभियंता अब्राहम वर्गीश, अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीपी सिंग, अधीक्षण अभियंता राजेश तिवारी, राजेंद्र मिश्रा, एसके भूआर्य, कार्यपालन अभियंता धर्मेंद्र भारती, छगन शर्मा, डीके साहू, बरखा दुबे, एस सिन्नी, सिद्धार्थ भावसार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। दुर्ग जिले के उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी, साथ ही औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आज

■ मानस भवन दुर्ग में मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में होगा आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग जिला दुर्ग द्वारा एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योजनांतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर के सहयोग से दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को भिलाई 3, 19 फरवरी को नगर निगम सुपेला भिलाई और 20 फरवरी को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में आयोजित चिन्हांकन शिविर में चयनित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण 30 मार्च को मानस भवन (रविशंकर स्टेडियम के पास) दुर्ग में मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान चिन्हित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, सामान्य ट्राइसाइकिल, वॉकर, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, सीपी चेयर, स्मार्ट केन, कृत्रिम पैर सहित विभिन्न सहायक उपकरण निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा चिन्हांकन शिविर में चयनित दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे वितरण दिवस पर अपने टोकन/पर्ची अनिवार्य रूप से साथ लाएं, ताकि निर्धारित सूची के अनुसार सहायक उपकरणों का वितरण किया जा सके।

13 किलो गांजा के साथ युवक पकड़ाया

भिलाई/नवप्रदेश। रेलवे सुरक्षा बल ने आज भिलाई रेलवे स्टेशन के पास पुल के नीचे बैठे युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके बैग से 13 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया। आरोपी गुजरात का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। आरपीएफको सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के स्टोर पारा इलाके में एक युवक संदिग्ध स्थिति में रेलवे ब्रिज के नीचे बैठा है। मुखबिर ने उसके पास मादक पदार्थ होने के संकेत भी दिये। सूचना मिलने पर टीम तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम हाडा वनराज साबजी भाई (21) निवासी राजकोट, गुजरात बताया। टीम ने गवाहों की मौजूदगी में उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें 7 पैकेट गांजा मिला। इन पैकेटों का वजन किया गया तो कुल 13.504 किलो गांजा निकला। बरामद गांजे की कीमत करीब 6 लाख 75 हजार 200 रुपए आंकी गई है। रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने मौके पर ही तलाशी और जब्ती की पूरी कार्रवाई की और गांजे को सील कर लिया। इसके बाद आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत गिरफ्तार किया गया। आगे की कार्रवाई के लिए आरोपी और जब्त गांजे को शासकीय रेलवे पुलिस थाना भिलाई को सौंप दिया गया। कोर्ट के आदेश के बाद उसे केंद्रीय जेल दुर्ग भेज दिया गया।

महामाया मंदिर और शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। महाष्टमी के अवसर पर कुम्हारी स्थित मां महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न हुआ। हवन का कार्यक्रम शाम 4 बजे प्रारंभ हुआ। मां महामाया ट्रस्ट समिति द्वारा हवन पूजन की तैयारियां की गई थी। नवरात्र के नौ दिनों में अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है। नौ दिन उपवास रहने वाली व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में शामिल होते हैं। तभी व्रतियों के नवरात्र के व्रत पूर्ण होते हैं। मंदिर प्रांगण में महाष्टमी में अलसुबह दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ था। मंदिर में अत्यधिक भीड़ दिखाई दी। शाम चार बजे पुरोहित गुमानधर दीवान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया। शाम 5 बजे पूर्ण आहुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर महामाया मंदिर में 2172 ज्योत जलाए गए थे, जिनमें विदेशों से भी लोगों ने अपने व परिवार की मंगल कामना के लिए ज्योत प्रज्वलित कराया।

भंडारा का आयोजन

भारत युवा संकल्प समिति द्वारा प्रति वर्ष की भाँति इस नवरात्रि में भी भोग भंडारा का आयोजन मां महामाया माता मंदिर प्रांगण में किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। समिति कई वर्षों से यह आयोजन कर रही है। आयोजन में हरीश सोनी, कुलेश्वर वर्मा, रामजी यादव, ओम प्रकाश साहू, किशोर धीवर, राकेश सेन का सहयोग रहा।

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार किया, इसलिए जनता ने सरकार बदल दी : किरण देव सिंह

■ यूं ही सरकारें नहीं बदलतीं, जनता सब कुछ देखती है और सही समय पर फैसला करती है

भिलाई/नवप्रदेश। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने दुर्ग जिले के अहिवारा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूं ही पांच साल में सरकारें नहीं बदल जाती हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा पर नशे की फैक्ट्री खोलने के कांग्रेस के आरोपों पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछले पांच साल में कांग्रेस सरकार के दौरान ही ऐसे काम हुए, जिसकी वजह से जनता ने सरकार बदल दी।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को खुद आत्ममंथन करना चाहिए। पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस की सरकार के समय जो अत्याचार, दुराचार और भ्रष्टाचार हुआ, उसी का नतीजा है कि जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा कि यूं ही सरकारें नहीं बदलतीं, जनता सब कुछ देखती है और सही समय पर फैसला करती है।

किरण देव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार लगातार काम कर रही है। केंद्र की डबल इंजन सरकार का फायदा सीधे लोगों तक पहुंच रहा है। सरकार की योजनाएं गांव-गांव और हर जरूरतमंद तक पहुंच रही हैं। यही वजह है कि जनता का भरोसा भाजपा पर लगातार बढ़ रहा है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने अपना फैसला विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव और पंचायत चुनाव में साफ तौर पर दे दिया है। लोकतंत्र में जनता की भूमिका सबसे बड़ी होती है और जनता ने अपने वोट से यह दिखा दिया है कि वह किसके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ अब धीरे-धीरे शांति और विकास की राह पर वापस आ रहा है।

आदिवासियों को जल-जंगल और जमीन छीनकर बेघर किया, बेरोजगारी बढ़ा रही भाजपा सरकार: बाकलीवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। राजीव भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में आदिवासी कांग्रेस एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश ठाकुर की अध्यक्षता में आदिवासी समाज की विशेष बैठक हुई। बैठक में आदिवासी समाज के विकास और उत्थान में आदिवासी कांग्रेस और जिला कांग्रेस की विशेष सहभागिता सुनिश्चित करने कार्य योजना बनाई गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि केंद्र और छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा सरकार बनी है, तब से आदिवासियों के साथ अन्याय हो रहा है। उनका शोषण हो रहा है। आदिवासियों का मुख्य मुद्दा जल, जंगल, जमीन के छीने जाने और अधिकारों के दमन का है। भाजपा सरकार लगातार प्राकृतिक संपदाओं को कुछ चुने हुए अरबपतियों को बेच रही है। आदिवासियों के घर, जंगल और उनकी विरासत को नष्ट किया जा रहा है। आदिवासियों को बेघर किया जा रहा है। आदिवासियों की जीविका चलाने वाले वनोपज भी नष्ट हो रहे हैं। तेंदूपत्ता, महुआ जैसी फसल का आदिवासी अर्थव्यवस्था के लिए बहुत बड़ा महत्व है। उन्हें खत्म किया जा रहा है। उनके रोजगार और व्यवसाय की रीढ़ तोड़ी जा रही है। आदिवासी क्षेत्रों की पंचायतों के लिए आवंटित बजट या तो लैप्स हो जाता है, या ट्रांसफर कर दिया जाता है। ये आदिवासी समाज के खिलाफ सोची-समझी साजिश है, ताकि वे स्वावलंबी और सशक्त न हो पाएं।

बैठक में विशेष रूप से आदिवासी विकास कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राकेश ठाकुर, मनोज नेताम, चन्दू ध्रुव, खिलेश कुमार नेताम, त्रिलोक नेताम, राज ठाकुर (उइके), प्रकाश ठाकुर, कमल किशोर नागवंशी, शंकलाल उईके, मनोज कुमार ठाकुर, शंकर ठाकर, के राहुल, के वाय राज, चंचल ठाकुर, नम्रता ध्रुव, संगीता ठाकुर, सगम, गौरव उमरे, आनंद कपूर ताम्रकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सुशासन की नई पहल: अब गांवों में ही होगा निदान

■ जिले में ग्रामीण और खण्ड स्तरीय सचिवालयों का संचालन

दुर्ग/नवप्रदेश। ग्रामीण प्रशासन को अधिक जनोन्मुख, पारदर्शी और संवेदनशील बनाने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इस पहल के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में 'ग्रामीण सचिवालय' और जनपद पंचायत स्तर पर 'खण्ड सचिवालय' की स्थापना की जा रही है, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सके। यह व्यवस्था छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्ष 2004 में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पुनः प्रभावी की गई है। ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाले ग्रामीण सचिवालय के लिए सप्ताह के विभिन्न दिन जैसे सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार निर्धारित किए गए हैं। इन सचिवालयों में 11 महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। ग्राम पंचायत सचिव, पटवारी, सहायक विकास विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, लाइनमेन, पंप मैकेनिक, सहकारिता समिति सेवक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, प्रधान पाठक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और पशु चिकित्सा क्षेत्र सहायक शामिल हैं। जनपद स्तर पर खण्ड सचिवालय की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। जनपद पंचायत दुर्ग में खण्ड सचिवालय का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय बुधवार को जनपद पंचायत भवन दुर्ग में किया जाएगा। जपं धमधा के लिए प्रत्येक माह प्रथम और तृतीय सोमवार को जनपद पंचायत भवन धमधा में खंड सचिवालय का आयोजन होगा। जपं पाटन में माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को जपं भवन पाटन में संपन्न होगा। इन खण्ड सचिवालयों में संबधित जनपद क्षेत्र के 'खण्ड स्तर' के समस्त अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इन सचिवालयों की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक माह की 5 और 20 तारीख को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से जिला कार्यालय को प्रस्तुत की जाएगी ताकि विकास कार्यों और जन-शिकायतों की समीक्षा प्रभावी ढंग से की जा सके।

शिविर: नामांतरण, सीमांकन और त्रुटि सुधार जैसे प्रकरणों का होगा मौके पर ही निराकरण

अप्रैल से जून तक तीन चरणों में 'राजस्व पखवाड़ा' शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्रदेश भर में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'राजस्व पखवाड़ा 2026' के आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के राजस्व न्यायालयों के कार्यों को सुचारू बनाना, समय-सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों का निराकरण करना और आम जनता की समस्याओं को मौके पर ही हल करना है। शासन के निर्देशानुसार यह पखवाड़ा वर्ष 2026 में तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रथम चरण 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक, द्वितीय चरण 4 मई से 18 मई तक और तृतीय चरण 1 जून से 15 जून तक संचालित होगा। तहसील दुर्ग के अंतर्गत प्रथम चरण के लिए ग्रामवार रोस्टर तैयार किया गया है, जिसके तहत निर्धारित तिथियों पर विभिन्न ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में शिविर लगाए जाएंगे। 1 अप्रैल को ग्राम पंचायत बोरई, कोटनी, नगपुरा, ढाबा, भेड़सर और सिरसाखुर्द में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। 2 अप्रैल को ग्राम पंचायत जेवरा, करंजा भिलाई, अरसनारा, ननकट्ठी और खेदामारा में राजस्व कार्यों का संपादन होगा। 3 अप्रैल के लिए ग्राम पंचायत ढौर, कुटेलाभाठा और चिखली में शिविर स्थल निर्धारित किए गए हैं। 6 अप्रैल को नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत आने वाले करहीडीह, उरला, सिकोला, बघेरा, दुर्ग शहर और पुलगांव क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित होंगे। 7 अप्रैल को ग्राम पंचायत गनियारी, रसमड़ा, महमरा, अंजोरा (ख) और कोलिहापुरी में शिविर लगाए जाएंगे। 8 अप्रैल को ग्राम पंचायत चंगोरी, भोथली और तिरगा में राजस्व संबंधी आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। 9 अप्रैल को ग्राम पंचायत निकुम, आलबरस, अछोटी, अण्डा, रिसामा, कुथरेल, कोनारी, भानपुरी और चंदखुरी में आयोजन होगा। 10 अप्रैल 2026 को नगर पंचायत उतई के साथ-साथ धनोरा, पुरई, पाउवारा, खोपली, मातरोडीह और मचान्दुर में शिविर लगेंगे। इसके अलावा 13 अप्रैल को निगम दुर्ग के पोटियाकला, बोरसी, कसारीडीह, तितुरडीह और कातुलबोड़ क्षेत्रों में समस्याओं का समाधान किया जाएगा। 15 अप्रैल को इस चरण के अंतिम दिन नगर निगम भिलाई नगर के जुनवानी, खम्हरिया, कोहका, कुरूद, सुपेला और नगर निगम रिसाली के रूआबाधा, रिसाली, डुडेरा सहित दूमरडीह में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़ा के दौरान राजस्व प्रशासन द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से अविवादित नामांतरण और अविवादित खाता विभाजन के उन प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाएगा जो समय-सीमा से बाहर हो चुके हैं। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सीमांकन, व्यपवर्तन और वृक्ष कटाई मामलों को सुलझाया जाएगा।

'शासन के भरोसे स्वास्थ्य सेवा: छुईखदान में महिला डॉक्टर की कमी बरकरार'

- 107 पंचायतों का अस्पताल, फिर भी एक भी महिला डॉक्टर नहीं
- डेढ़ साल से गायब पोस्टेड डॉक्टर पर भी कार्रवाई नहीं

छुईखदान/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान जिले के छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। 107 पंचायतों और नगर पंचायत क्षेत्र की बड़ी आबादी को सेवाएं देने वाले इस अस्पताल में आज की स्थिति में एक भी महिला डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, जिससे महिला मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

गर्भवती महिलाओं सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं को इलाज के दौरान असहज परिस्थितियों से गुजरना पड़ रहा है। कई मामलों में उन्हें बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों में रेफर किया जा रहा है, जिससे समय

और आर्थिक दोनों तरह का अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा का कहना है कि महिला डॉक्टर की नियुक्ति के लिए शासन को पत्र भेजा जा चुका है और अब नियुक्ति शासन स्तर पर निर्भर है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्र्व्व्ह मनीष बघेल के अनुसार, बॉन्ड पर पदस्थ महिला डॉक्टर का कार्यकाल फरवरी में समाप्त हो गया है और नई पोस्टिंग का इंतजार किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी बताया कि अर्चना रात्रे नामक महिला डॉक्टर की पोस्टिंग तो यहां है, लेकिन वह पिछले डेढ़ साल से अनाधिकृत रूप से अस्पताल नहीं आ रही हैं, जो इस समस्या का एक बड़ा कारण है।

मामले ने अब राजनीतिक रूप भी ले लिया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें इस विषय की जानकारी पहले नहीं थी, लेकिन अब वे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर महिला डॉक्टर की जल्द नियुक्ति के लिए पहल करेंगे।

नगर पंचायत अध्यक्ष नम्रता गिरिराज किशोर दास वैष्णव ने भी माना कि महिला डॉक्टर के अभाव में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि महिलाओं को इलाज के लिए बाहर न जाना पड़े।

वहीं भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह ने कहा कि उन्हें इस विषय की जानकारी अभी मिली है और वे प्रशासन व उच्च अधिकारियों से चर्चा कर इस समस्या का जल्द समाधान कराने का प्रयास करेंगे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब एक महिला डॉक्टर की पोस्टिंग होने के बावजूद वह डेढ़ साल से अनुपस्थित हैं, तो इस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई? साथ ही यह भी देखना होगा कि शासन स्तर से नई नियुक्ति कब तक होती है और छुईखदान क्षेत्र की महिलाओं को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं कब तक मिल पाती हैं।

न्यूज गैलरी

बाइक ने दूसरे बाइक चालक को किया घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। बाइक की टक्कर से युवक घायल हो गया। रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को खोपली निवासी निहाल चंद्राकर (21) ने बताया कि, वह 21 मार्च की सुबह लगभग 9 से 10 बजे के बीच आवश्यक कार्य से अपनी बाइक से बेलटुकरी जा रहा था, तभी नरतोरी मोड़ के पास सामने से आ रही बाइक क्र. सीजी 06 जीएन 6805 ने उसकी बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे उसे चोटें आई। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

महिला के साथ गाली-गलौच जान से मारने की धमकी

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना पुलिस ने जान से मारने की धमकी देकर गाली-गलौज करने के मामले में तीन महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को बैगनडीह निवासी प्रियंका साहू (34) ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाली अरूंधति, सुजाता और रीता ने 20 मार्च को उसके और उसके पति प्रदीप साहू के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 53 में ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रिपोर्ट दर्ज कर बसना पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक मुकेश जुवेल अपने साथी राजू उर्फ फिरोज खान के साथ अपनी बाइक सीडी डिलक्स क्रमांक सीजी 04 डीजेड 5851 से बकरा लेने जा रहा था। बाइक को मुकेश जुवेल चला रहा था, तभी नेशनल हाईवे 53 पर सत्कार ढाबा के पहले पीछे से अज्ञात वाहन चालक ने बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार मुकेश जुवेल के सिर, दोनों हाथ, दोनों पैर व कमर के नीचे का हिस्सा पूरी तरह से कुचल गया एवं पीछे बैठे राजू उर्फ फिरोज खान के बाएं पैर दोनों हाथ व सिर में चोटें आई। दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मुकेश जुवेल को मृत घोषित व घायल राजू उर्फ फिरोज खान को रेफर कर दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 106(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष से की मुलाकात

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर नियुक्ति के लिए आभार जताया है। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर उनका आभार जताया।

विश्वनाथन को भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ में मिली बड़ी जिम्मेदारी

महासमुंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने जिले के वरिष्ठ एवं

अनुभवी नेता एमआर विश्वनाथन को शिक्षा प्रकोष्ठ का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। साथ ही उन्हें शिक्षा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग का सह-प्रभारी भी नियुक्त करते हुए दोहरी जिम्मेदारी दी गई है। क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले विश्वनाथन लंबे समय से सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे हैं। उनकी कार्यशैली और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी गहरी समझ को देखते हुए पार्टी ने उन्हें प्रदेश स्तर पर यह जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं दुर्ग संभाग के सह-प्रभारी के रूप में वे दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव जैसे महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्रों में पार्टी के सांगठनिक ढांचे को मजबूती प्रदान करेंगे।

जनपद उपाध्यक्ष ने बेलसोंडा में श्रद्धालुओं को किया शरबत वितरण

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम बेलसोंडा में चैत्र नवरात्र उत्साह और

श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। ज्वांरा विसर्जन के लिए उमड़े जनसैलाब के बीच भक्ति और सेवा का विहंगम दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर महासमुंद जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने शीतल शरबत वितरण किया। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि भक्ति के मार्ग पर भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना ही सबसे बड़ा पुण्य है, माता के आशीर्वाद से हमारे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि सदैव बनी रहे, यही मेरी मंगलकामना है। इस दौरान वार्ड पंच शंकर चंद्राकर, मोहन साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर तेजन चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, ज्वाला चंद्राकर, नितिन चंद्राकर, हितेश चंद्राकर, ओम ढीमर, मनोज साहू, जयदेव सिंग, आदित्य चंद्राकर, विनय यादव, अंकू चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, लोकेश्वरी चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

टेवारी-देवसरा सागौन प्लांटेशन में अवैध कटाई पर वन विभाग की कार्रवाई

सागौन की कटाई करते तीन गिरफ्तार

टेवारी-देवसरा सागौन प्लांटेशन में अवैध कटाई, वन अमले की सक्रियता पर सवाल

छुरा/नवप्रदेश। टेवारी-देवसरा सागौन प्लांटेशन में अवैध कटाई, वन अमले की सक्रियता पर सवाल शीर्षक से सिर्फ *नवप्रदेश* में प्रकाशित खबर पर वनसंरक्षक रायपुर एवं वन मंण्डलाधिकारी गरियाबंद ससिसानंद ने संज्ञान में लेते हुए अपने अधिनस्थ अधिकारी कर्मचारियों को घुट्टी पिलाने के बाद स्थानीय वन अमला ने रात्रि गस्त करने लगे तब टेवारी - देवसरा के सागौन प्लांटेशन में लकड़ी चोरो द्वारा बाड करते हुए तीन आरोपी डिगेश्वर , दुष्यंत, पंचराम निवासी देवसरा सहित सागौन के पांच लठ्ठा पकड़ा गया 1.426घनमीटर सागौन लठ्ठा की कीमत 1.66 लाख रुपए। आरोपी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पूरे वन परिक्षेत्र के सागौन प्लांटेशन में पांच सौ से अधिक सागौन पेड़ों की कटाई एक साल में हुआ है नवप्रदेश में प्रकाशित खबर के बाद कुंभकर्णी निद्रा से जागने के बाद पांच लठ्ठा पकड कर अपने हाथों से अपने पीठ थपथपाते नहीं थक रहे हैं ग्राम के प्रर्यावरण प्रेमीयो ने बताया कि अवैध कटाई के पीछे वन चौकीदार, वन रक्षक की मिली-भगत से सब कुछ चल रहा है। वन चौकीदार को दस हजार रुपए मजदूरी मिलता है, एक लाख रुपए के मोटर साइकिल से जंगल में घूम घूम कर चौकीदारी करता है प्रति दिन दो सौ रुपए का पेट्रोल खर्च करता है तो क्या चार हजार रुपए में घर परिवार, जेब खर्च, मोबाइल खर्च कैसे वाहन करता होगा यह सोचने की बात है। वन विभाग में इमारती लकड़ी बेचने वाले एक गिरोह सक्रिय है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी उप वनमण्डलाधिकारी अधिकारी सप्ताह में दो रात्रि गश्त पर निकले तो अवैध कटाई थम जाएगा लेकिन अधिकारी लक्करी वाहन से उतर कर पंगड्ंडी रास्ते में चलना शान के खिलाफ समझते हैं तो वन रक्षक एवं चौकीदार का बल्ले बल्ले रहता है। अधिकांश वन रक्षक एवं वन चौकीदार विभाग के प्रति ईमानदारी पूर्वक जंगल को बचाने में लगे हुए हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

भटगांव/नवप्रदेश। मनरेगा में चल रहे निर्माण कार्यों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही कार्यों का औचित्य के भी जानकारी ली जा रही है इस विषय में वीगत दो-तीन दिनों से जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे द्वारा सारंगढ़ विधानासभ के जिले के तीनों ब्लाकों में दौरा किया जा रहा है जिसमें मनरेगा के अंतर्गत चल रहे मजदूरी मूलक एवं निर्माण कार्यों की जानकारी कार्य स्थल में पहुंचकर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे द्वारा तकनीकी सहायक एसडीओ पी ओ से पूरी जानकारी लेकर निरीक्षण किया जा रहा है साथ ही डुश्चश, क्क्ह द्वारा जारी किए गए कार्यों की सूची का स्थल निरीक्षण कर उन कार्यों का औचित्य भी जानने का प्रयास किया जा रहा है और निर्माण कार्य जिन स्थलों पर किया जा रहा है क्या वहां पर वह उचित है किसी भी कार्य के लिए स्थल चयन महत्वपूर्ण होता है इस संबंध में पंडरीपानी, बछौरडी ,नवापारा, रेडा कलमी ,ड्डश्वद्बह्स्त्रड्ड साल्हे, पेंड्रावन में महतारी सदन , नर्सरी , बालक छात्रावास, बालिका छात्रावास, नल जल योजना सभी कार्यों का निरीक्षण कर सभी की समीक्षा जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति में की जानी है इस संबंध में दौरा किया जा रहा है जिससे कार्यों का औचित्य एवं मजदूर मुलाक कार्यों की समीक्षा के साथ ही कार्य क्या है एस्टीमेट के अनुकूल किया जा रहे हैं या नहीं मूल्यांकन सत्यापन की समीक्षा की जा सके।

विधायक योगेश्वर ने सुनी 'मन की बात'

महासमुंद/नवप्रदेश। रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। इस अवसर पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने प्रभारक्षेत्र बोलपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम को सुना। विधायक सिन्हा वर्तमान में बोलपुर विस क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने मंडल अध्यक्ष कंचन घोष के निवास पर 'मन की बात' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान बंटी शर्मा, डॉ. उज्जल

मजूमदार, दीपक घोष, बिनॉय मंडल, राजेंद्र कुमार, अनिर्बान रॉय और सुकांता हाजरा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के 132वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे तनाव का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा आवश्यकताओं का प्रमुख केंद्र है, जिससे पेट्रोल-डीजल के संकट की स्थिति बन रही है। इसके बावजूद भारत अपने मजबूत वैश्विक संबंधों और बढ़ती क्षमता के चलते इन चुनौतियों का सामना कर रहा है। पीएम ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों से दूर रहें और सरकार द्वारा दी जा रही आधिकारिक जानकारी पर ही विश्वास करें। उन्होंने मार्च माह को वैश्विक स्तर पर हलचल भरा बताते हुए कोविड काल की चुनौतियों को भी याद किया तथा खाड़ी देशों द्वारा भारतीयों को दी जा रही सहायता के लिए आभार जताया।

भाजपा का खरोरा मंडल प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

खरोरा/नवप्रदेश। मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग संपन्न नवभारत खरोरा - भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत खरोरा मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में परदेसी राम जी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष,प्रदेश महामंत्री (ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़) श्री अशोक सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया साथ में ,

अभिनेष कश्यप जी उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, श्री अंजय शुक्ला जी उपाध्यक्ष पादप बोर्ड, श्री उत्पल साहू जी जिला उपाध्यक्ष वक्ता के रूप में उपस्थित हुए, अध्यक्षता के रूप में श्री अनिल सोनी जी, श्री टिकेश्वर मनहरे जी, डॉ बी आर गौतम जी के द्वारा अध्यक्षता किया गया सभी वक्ताओं के द्वारा अपने अपने विषय को संगठन के कार्यों, विचारों सिद्धांतों के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन मिला,संगठन के वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद, समय प्रबंधन, संगठन विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ता की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वेदराम मनहरे प्रदेश संयोजक नशा मुक्ति अभियान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा के लिए समर्पित एक सशक्त माध्यम है।

31 मार्च के बाद सार्वजनिक होगी बकायादारों की सूची

- राजस्व वसूली अभियान में आई तेजी

पिथौरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत पिथौरा द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए राजस्व वसूली अभियान को युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार, लंबित करों की वसूली के लिए विभाग सख्त रुख अपना रहा है। नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी बिरझु राम सोनबेर ने कहा कि 31 मार्च की समय सीमा समाप्त होने के पश्चात भी यदि करों का

भुगतान नहीं किया गया, तो बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक कर दी जाएगी। बताते चले की वसूली अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रविवार को शासकीय अवकाश होने के बावजूद नगर पंचायत की राजस्व टीम मुस्तैद रही। अवकाश के दिन भी घर-घर जाकर करदाताओं को नोटिस दिए गए और मौके पर ही कर वसूली की प्रक्रिया जारी रही। निकाय प्रशासन का लक्ष्य 31 मार्च तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना है। सीएमओ बिरझु राम सोनबेर ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि नगर के विकास और बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए समय पर करों का भुगतान अनिवार्य है।

नगर पंचायत में 50 लाख से अधिक का राजस्व लंबित

नगर पंचायत का कुल बकाया 50 लाख रुपये से अधिक पहुँच चुका है। इसमें संपत्ति कर, जल कर और समेकित कर जैसी मदें शामिल हैं। राजस्व की इस बड़ी राशि के लंबित होने के कारण नगरीय विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिसे देखते हुए प्रशासन अब कुर्की और नाम सार्वजनिक करने जैसी कठोर कार्रवाई की तैयारी में है।

केसला में मना राम जन्मोत्सव

खरोरा/नवप्रदेश। समीप ग्राम केसला में श्री राम चौक में राम मूर्ति के पास रामनवमी के पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया । हिंदू धर्म में रामनवमी के पर्व का बेहद खास महत्व है इस दिन भगवान राम की जन्म उत्सव के रूप में मनाया जाता है और चैत्र नवरात्रि के नौवे दिन पड़ता है इस वर्ष 27 मार्च को रामनवमी का पर्व मनाया गया । दोपहर 12:00 से भक्त जनों के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात भक्त जनों के द्वारा महा आरती के साथ ही

प्रसाद का वितरण किया गया भारी संख्या में राम भक्त के लोग उपस्थित थे।

पूर्व विधायक ने कहा- हर बार यह कार्यक्रम सुनकर गर्व होता है कि हम ऐसे महान और प्रगतिशील भारत के नागरिक हैं

मन की बात हमें जोड़ती है, प्रेरित करती है और राष्ट्र निर्माण में संकल्प दिलाती है: रंजना

धमतरी/नवप्रदेश। मन की बात का 132 वां संस्करण आज प्रसारित हुआ,देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश और विदेश के नागरिकों से अपने विचार साझा किए,इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू ने धमतरी के स्वामी विवेकानंद वार्ड में मन की बात के कार्यक्रम का श्रवण किया, श्रीमती साहू ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने में हो रहे प्रेरणादायक कार्यों, ऐतिहासिक उपलब्धियों और आम नागरिकों की असाधारण कहानियों से जुड़ने का माध्यम है। प्रधानमंत्री जी के शब्दों से

हमें अपने राष्ट्र की संस्कृति, परंपरा, नवाचार और जनभागीदारी की ताकत का एहसास होता है। हर बार यह कार्यक्रम सुनकर गर्व होता है कि हम ऐसे महान और प्रगतिशील भारत के नागरिक हैं। मन की बात हमें जोड़ती है, प्रेरित करती है और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाती है। प्रधानमंत्री जी ने आजनके संवाद में बताया की कैसे पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का देश के कोने कोने में लाभ नागरिक ले रहे हैं,जिस क्षेत्र में युद्ध चल रहा है वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है,यह चुनौती पूर्ण समय है,जो इसमें राजनीति कर रहे हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए,एक पेड़ माँ के नाम ली मुहिम ने बताया की जब किसी कार्य को लेकर जनभागीदारी होती है तो वो मुहिम अपार सफलता प्राप्त करती है उसका उदाहरण है की पर्यावरण संरक्षण की भावना आज देश के नागरिकों के मन में बस गई है,प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और यह समय जल संरक्षण के संकल्प को दोहराने का है। पीएम मोदी ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में 'जल संचय अभियान' ने देशभर में लोगों को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से फिटनेस और स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब 100 दिन से भी कम समय में आने वाला है और पूरी दुनिया में योग के प्रति आकर्षण लगातार बढ़ रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। उन्होंने बताया कि जब देश के युवाओं की शक्ति राष्ट्र निर्माण में जुड़ती है, तो इससे देश को बहुत बड़ी मदद मिलती है। मन की बात देश के लोगों से सीधा संवाद का मंच बन चुका है। उक्त अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश सह प्रभारी सोशल मीडिया लक्ष्मण गौतम, पूर्व पार्षद सुशीला तिवारी, विजय रामरख्यानी, देवेश अग्रवाल, उमेश शाह, विशाल रामरख्यानी, वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र मिश्रा , विद्याधर दीवान, राजेश त्रिपाठी, नीरज श्रीवास्तव, पूजा रामरख्यानी, प्रीति रामरख्यानी, प्रिया रामरख्यानी, काशवी रामरख्यानी, नील जगयासी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने 8.10 करोड़ की सिंचाई परियोजना नहर लाइनिंग कार्य का किया शुभारंभ

■ किसानों के लिए बड़ी सौगात, राम्हेपुर नहर लाइनिंग से 1540 एकड़ में पहुंचेगा पानी

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग आज साकार होने की ओर बढ़ गई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ग्राम सारंगपुर पहुंचकर 8.10 करोड़ रुपये की लागत से बोड़ला विकासखंड अंतर्गत छीरपानी जलाशय से जुड़ी राम्हेपुर वितरक नहर एवं उससे संबद्ध माइनर नहरों के सी.सी. लाइनिंग कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान साबित होगी। कार्य पूर्ण होने पर कुल 1540 एकड़ क्षेत्र में सुचारू सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा 6 गांवों के 800 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। नहरों के सुदृढ़ीकरण से जल का अपव्यय रुकेगा, अंतिम छोर तक पानी पहुंचेगा और खेती-किसानी को नई मजबूती मिलेगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने गांव के विकास के लिए 41 लाख रुपए की सीसी रोड निर्माण और गांव के मेन चौक में भव्य डोम निर्माण की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार गांव, गरीब और किसान को केंद्र में रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कहा कि नहरों की लाइनिंग से पानी का अनावश्यक रिसाव रुकेगा, जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और नहरों के अंतिम छोर तक भी समान रूप से पानी पहुंच सकेगा। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आय में

भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिले। उन्होंने कहा कि नहर निर्माण कार्य से उनकी खेती को सीधा लाभ मिलेगा। आज से निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, इसलिए गांव के लोग भी इसमें सक्रिय रूप से ध्यान दें और जनसहयोग से कार्य को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी विकास कार्य की सफलता में आमजन की भागीदारी सबसे अहम होती है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने इस अवसर पर गांव में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने अपने वादे के अनुरूप गठन के साथ ही कैबिनेट की पहली बैठक में आवास योजना को स्वीकृति देकर इसे प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को योजनाओं के तहत मिली राशि गांव में ही आसानी से मिल सके, इसके लिए ग्राम पंचायत भवन में डिजिटल सुविधा केंद्र संचालित किया जा रहा है,

1540 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का होगा विस्तार

वर्तमान में इन नहरों के माध्यम से लगभग 1045 एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है। परियोजना पूर्ण होने के पश्चात सिंचाई क्षमता में 495 एकड़ की अतिरिक्त वृद्धि होगी, जिससे कुल 1540 एकड़ क्षेत्र में किसानों को नियमित एवं सुचारू रूप से खरीफफसलों के लिए पानी मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में कृषि उत्पादन को नई गति मिलने की उम्मीद है। 13.65 किलोमीटर लंबी नहरों का होगा कायाकल्प-परियोजना के अंतर्गत कुल लगभग 13.65 किलोमीटर लंबाई की नहरों का सी.सी. लाइनिंग एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से राम्हेपुर वितरक नहर (4650 मीटर), सिल्हाटी माइनर-1 (1230 मीटर), सिल्हाटी माइनर-2 (1680 मीटर), बघरा माइनर (780 मीटर) तथा राम्हेपुर टेल माइनर (दांयी एवं बांयी) कुल 5310 मीटर शामिल हैं। इसके साथ ही नहरों में आवश्यक पक्के संरचनाओं का पुनर्निर्माण एवं मरम्मत कार्य भी किया जाएगा, जिससे नहरों की मजबूती और जल प्रवाह की क्षमता में वृद्धि होगी।

राजनांदगांव जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष विपिन यादव द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। यह कार्यकारिणी संगठन को मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान द्वारा जारी बयान में विपिन यादव ने कहा कि यह कार्यकारिणी संगठन की रीढ़ साबित होगी और सभी पदाधिकारी मिलकर जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने बताया कि सूची को अंतिम रूप देने से पहले वर्तमान एवं पूर्व विधायकों तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों से व्यापक रायशुमारी की गई, जिसमें सभी वर्गों एवं महिलाओं को उचित स्थान दिया गया है। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि कल संध्या 5 बजे छुरिया में सभी नवनियुक्त पदाधिकारी भेंट-मुलाकात करेंगे, जहां संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। नवगठित जिला कार्यकारिणी (पद अनुसार नाम) उपाध्यक्ष रमेश डाकलिया, बलिराम साहू, गोविंद टंडन, धीरज मेश्राम, रज्जू जान, मन्ना यादव, होम दत्त वर्मा, श्रीमती रामादेवी वर्मा, जितेंद्र सिंह भाटिया, केशव यादव, लालचंद साहू, दुर्गेश द्विवेदी, महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बांधव, महेंद्र यादव, कमलजीत पिंटू, रितेश जैन, चुम्मन साहू, रवि साहू, हेमंत वैष्णव, प्रवक्ता अनीस खान ने कहा कि यह नवगठित टीम संगठनात्मक एकता एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए कांग्रेस पार्टी को और अधिक सशक्त बनाएगी।

नदी में उफना मिला चार दिनों से लापता बुजुर्ग महिला का शव

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्ही और दपका के बीच बहने वाली लमानीन नदी में रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने नदी के पानी में एक बुजुर्ग महिला का शव तैरते हुए देखा। मृतका की पहचान ग्राम कुम्ही निवासी 60 वर्षीय मंगनी बाई चंद्रवंशी के रूप में हुई है, जो पिछले चार दिनों से लापता थीं। मछुआरों ने दी ग्रामीणों को सूचना-मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह करीब 10 बजे एक मछुआरा लमानीन नदी के किनारे मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान उनकी नजर पानी में तैरते एक अर्धनग्न शव पर पड़ी। मछुवारे ने तत्काल इसकी सूचना गांव के प्रमुख लोगों और अन्य ग्रामीणों को दी। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई जिसके बाद ग्रामीणों ने डायल 112 और स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी।26 मार्च से लापता थी महिला-परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक मंगनी बाई मानसिक रूप से विक्षिप्त थीं। बीते गुरुवार, 26 मार्च 2026 को वह बिना बताए घर से कहीं निकल गई थीं। परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी काफी तलाश की लेकिन कहीं पता न चलने पर खैरागढ़ थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। चार दिनों के बाद आज उनका शव मिलने से परिवार में शोक की लहर है।

कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री

महासमुंद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा भेजी गई प्रस्तावित जिला कार्यकारिणी का अनुमोदन किया है। सूची में जिला कांग्रेस कमेटी में 1 कोषाध्यक्ष, 12 उपाध्यक्ष, 18 महामंत्री, 20 सचिव एवं 10 कार्यकारिणी सदस्यों को स्थान मिला है। वरिष्ठ कांग्रेसी सेवन लाल चंद्राकर जिला कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष होंगे। उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विजय साव, अतुल बग्गा, फिरोज मेमन, राजेंद्र चंद्राकर, फूलसिंह ध्रुव, परमानंद नायक, हेमसागर पटेल, संजय शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, तौकिर दानी, भारत मेश्राम शामिल हैं। इसी प्रकार 18 महामंत्रियों में सतनाम सिंह चावला, समीम खान, गणेश शर्मा, हरिशंकर यादव, सोमेश दवे, हीरा बंजारे, विजय बंजारे, ढेलू निषाद, गिरीश पटेल, रामलाल सिन्हा, हरदेव ढिल्लो, मनोहर ठाकुर, भरत सिंह ठाकुर, संतोष पटेल,शामिल हैं।

हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही माना, युवक को किया बरी

शादीशुदा महिला की सहमति से फिजिकल रिलेशन बनाना दुष्कर्म नहीं: हाईकोर्ट

■ बेमेतरा जिले का मामला

बिलासपुर/नवप्रदेश। 'बालिग, शादीशुदा महिला की मर्जी और सहमति से बनाए गए शारीरिक संबंध रेप की श्रेणी में नहीं आते।' छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने रेप के एक मामले में फैसला सुनाते हुए यह टिप्पणी की है।हाईकोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त किए जाने के खिलाफ अपील की अनुमति मांगने वाली याचिका को खारिज कर दिया।

इस मामले की सुनवाई के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है। कोर्ट ने कहा कि, शादीशुदा महिला की सहमति से बने संबंध को रेप नहीं माना जा सकता है। युवक को दोषमुक्त कर दिया गया। दरअसल, बेमेतरा जिले की निवासी पीड़िता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में बताया गया कि वह एक एग्रीकल्चरल कॉलेज में मजदूरी करने जाती थी, जहां गांव के बाकी लोग भी काम करते थे। वहीं, गांव का एक व्यक्ति, जो इस मामले में आरोपी है, वो भी मजदूरी के लिए आता था। 19 जून 2022 को आरोपी ने उससे बातचीत शुरू की और शादी का वादा करते हुए उसे बहलाने की कोशिश की। पीड़िता ने अपनी शिकायत में कहा कि, आरोपी ने बार-बार शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। 25 जुलाई 2022 की सुबह करीब 4 बजे जब वह शौच के लिए जा रही थी, तब आरोपी उससे मिला और फिर शादी का भरोसा दिलाकर उसे अपने घर ले गया और संबंध बनाए। पीड़िता के अनुसार उस समय वह करीब तीन माह की गर्भवती थी। सामाजिक बदनामी के डर से उसने इस घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। बाद में पति के पूछने पर उसने पूरी बात बताई और इसके बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

आरोपी ने सहमति से फिजिकल रिलेशन बनाए

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि, गवाहों के बयानों से यह साबित नहीं होता कि आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने या चोट पहुंचाने की धमकी देकर उसकी सहमति प्राप्त की थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि पीड़िता को यह भ्रम था कि वह कानूनी रूप से आरोपी की पत्नी है। इसके अलावा, यह साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि विक्टिम अपनी सहमति नहीं बता पाई थी। विक्टिम के कोर्ट में दिए गए बयानों को देखने से यह साफ है कि आरोपी ने सहमति से विक्टिम के साथ फिजिकल रिलेशन बनाए थे।

अफवाहों पर ध्यान न दें, बालोद में पेट्रोल-डीजल और गैस का पर्याप्त स्टॉक: कलेक्टर

कलेक्टर की अपील- घबराएं नहीं, संयम रखें

बालोद/नवप्रदेश। जिले में ईंधन की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा है कि जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, इसलिए आम नागरिकों को घबराने या अनावश्यक स्टॉक करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। प्रशासन द्वारा आपूर्ति श्रृंखला पर लगातार नजर रखी जा रही है, जिससे किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है। अफवाहों से बचें, न करें अनावश्यक भंडारण- पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों में ईंधन की कमी को लेकर भ्रम की स्थिति बन रही थी। इस पर विराम लगाते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कहा- सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें, अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें। अपनी जरूरत के अनुसार ही खरीदारी करें-उन्होंने कहा कि अनावश्यक स्टॉक करने से बाजार में कृत्रिम कमी की स्थिति बन सकती है, जिससे आम जनता को परेशानी हो सकती है। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने बताया कि जिले में कालाबाजारी और अनावश्यक भीड़ रोकने के लिए अधिकारियों

मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन

कवर्धा/नवप्रदेश। बोड़ला द्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत दिनांक 28 एवं 29 मार्च 2026 को मंडल स्तरीय प्रशिक्षण हिंदू संगम परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ द्य जिसमें बोड़ला मंडल के सैकड़ो जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं ने दो दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल होकर राष्ट्र भाव,समाज सेवा से अंत्योदय तक अपने विचारों को पहुंचाने के लिए संकल्पित हुए ।

इस प्रशिक्षण महा अभियान में नौ सत्र रखी गई थी द्य जिसका

समापन रविवार को भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी द्वारा संगठन को मजबूती देने के लिए बूथ प्रबंधन पर प्रकाश डाला द्य उन्होंने संगठन के एक-एक कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अभी से जुट जाने की बात कही द्य उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर विशेष जोर डाला और कहा हमारा बूथ सबसे मजबूत थीम को लेकर काम करने की जरूरत है द्य श्री चंद्रवंशी ने कहा भाजपा के कार्यकर्ता सत्ता में सुख भोगने के लिए नहीं,बल्कि अंतिम व्यक्ति तक अपने विचारों को और सरकार की योजनाओं को फलीभूत करने के लिए काम करते हैं।

समृद्धि से भरा हमर छत्तीसगढ़ विदेशी राम धुर्वे- प्रशिक्षण के आठवीं सत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता विदेशी राम ध्रुव ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति और धरोहर के विषय में अपनी बात रखी ।

सोमनी में अवैध प्लाटिंग का मामला गरमाया, नहर किनारे जमीन बेचने का आरोप, एफआईआर की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। ग्राम सोमनी में अवैध प्लाटिंग को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। जीवन-ए कॉलोनी निवासी ब्रजेश सिंह राजपूत ने प्रशासन को शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया है कि खसरा नंबर 182/57 की भूमि पर नियमों को दरकिनार कर अवैध रूप से प्लॉट काटकर बेचे गए हैं।

शिकायत में बताया गया है कि ग्राम सोमनी निवासी कृष्णा तिवारी द्वारा उक्त भूमि को करीब 20-25 टुकड़ों में विभाजित कर बेच दिया गया। आरोप है कि जमीन से लगी शासकीय नहर के पाई को रास्ता

बताकर खरीदारों को गुमराह किया गया, जबकि वास्तविकता में वहां कोई वैध सड़क उपलब्ध नहीं है। शिकायतकर्ता के अनुसार प्लॉट लेने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, नाली, पानी और बिजली भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। साथ ही इस जमीन की बिक्री के लिए किसी भी विभाग से आवश्यक अनुमति भी नहीं ली गई।आरोप यह भी है कि संबंधित व्यक्ति ने अपने राजनीतिक प्रभाव का उपयोग कर इस अवैध प्लाटिंग को अंजाम दिया, जिससे खरीदारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच तहसीलदार, आरआई और पटवारी से कराई जाए तथा दोषी के खिलाफ अवैध प्लाटिंग, शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आम जनता को भ्रमित करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की जाए।

जनहित के मुद्दों पर भाजपा से सवाल पूछते रहेंगे: संगीता

■ वर्षा शरद सिन्हा के बयान पर जोरदार पलटवार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम की राजनीति में एक बार फिर बयानबाज़ी तेज हो गई है। कांग्रेस पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन ने भाजपा पार्षद वर्षा शरद सिन्हा के बयान पर जोरदार पलटवार करते हुए साफ कहा है कि जनहित के मुद्दों पर सवाल उठाना उनका अधिकार ही नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने दो टूक कहा कि चाहे मामला बिजली खंभों की सुरक्षा का हो, शहर में बढ़ते नशे का हो या फिर भ्रष्टाचार के आरोपों का विपक्ष हर मुद्दे पर सत्ता पक्ष से जवाब मांगता रहेगा।

श्रीमती देवांगन ने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता की समस्याओं पर विपक्ष को आत्ममंथन की सलाह देना सत्ताधारी दल को शोभा नहीं देता। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली के खंभों का मुद्दा उठाना कोई सस्ती लोकप्रियता नहीं बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर विपक्ष की

आवाज सत्ता पक्ष को चुभ रही है तो इसका सीधा मतलब है कि विकास केवल कागजों और भाषणों तक सीमित है, ज़मीन पर नहीं। श्रीमती देवांगन ने शहर के गुडाखू लाइन क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सार्वजनिक कुएं को पाटकर वहां अवैध दुकानें खड़ी की गई हैं। उन्होंने सवाल उठाया इन दुकानों का किराया आखिर किसकी जेब में जा रहा है साथ ही उन्होंने संकेत दिए कि विपक्ष के पास भ्रष्टाचार से जुड़े 2-3 और बड़े मामलों की जानकारी है जिनका खुलासा जल्द किया जाएगा। कांग्रेस पार्षद ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अफीम की अवैध खेती पर लगाम लगाने में विफलता साफ नजर आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में धकेला जा रहा है जबकि सत्ता पक्ष इस पर जवाब देने के बजाय विपक्ष को चुप रहने की सलाह दे रहा है। अपने बयान के अंत में संगीता देवांगन ने साफ कहा हम जनता के पहरेदार हैं। जब तक खंभों से लेकर खेती और कुओं के घोटालों तक हर मुद्दे पर जवाबदेही तय नहीं होगी हम सवाल पूछते रहेंगे। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि उनकी सक्रियता सत्ता पक्ष को असहज कर रही है तो यह उनकी विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इस बयान के बाद नगर निगम की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। एक ओर जहां कांग्रेस आक्रामक रुख में नजर आ रही है ।

बेलर नवागांव में साहू समाज का परिक्षेत्रीय वार्षिक सम्मेलन संपन्न

नगरी / नवप्रदेश। तहसील साहू समाज नगरी सिहावा अंतर्गत बेलरगांव परिक्षेत्र के ग्राम नवागांव में 29 मार्च को परिक्षेत्रीय स्तर पर वार्षिक सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा निकालकर भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात भक्ति संगीत के बीच अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया।इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं समाज प्रमुखों ने अपने संबोधन में समाज की एकता बनाए रखने, नशामुक्ति को बढ़ावा देने तथा धर्मांतरण पर रोक लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

वार्षिक अधिवेशन: शिक्षा है विकास की आधारशिला, डौण्डीलोहारा विकासखंड के ग्राम नर्मदाधाम सुरसुली में आयोजन

निषाद समाज अधिवेशन में गूंजा केंद्रीय मंत्री का संदेश

बालोद/नवप्रदेश। जिले के डौण्डीलोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नर्मदाधाम सुरसुली में आयोजित निषाद (केंवट) समाज के वार्षिक अधिवेशन में केंद्रीय जलशक्ति राज्य मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है, इसके बिना प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती।

गौरवशाली विरासत पर किया प्रकाश: उन्होंने निषाद समाज के ऐतिहासिक योगदानों का उल्लेख करते हुए बताया कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम को गंगा पार कराने का गौरव निषाद

समाज को प्राप्त हुआ। इसके अलावा काली मंदिर (कोलकाता), मुंबई के नामकरण तथा हड़प्पा संस्कृति में भी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सामूहिक विवाह में नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के दौरान आयोजित सामूहिक विवाह में केंद्रीय मंत्री ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के प्रतिभावान व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से नेत्रहीन बालिका कुमारी भावना निषाद को हारमोनियम प्रदान कर उनकी प्रतिभा की सराहना की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गुण्डरदेही विधायक एवं निषाद समाज के प्रदेशाध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद ने की। विशिष्ट अतिथियों में संजारी बालोद विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नोहरू राम निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, राष्ट्रीय संत श्री गोपाल नंदन गिरी, डॉ. बीके कश्यप, श्री चेमन देशमुख, श्रीमती कांति सोनबरसा, श्री गुलशन चंद्राकर, श्रीमती प्रभा नायक, श्री चंद्रेश हिरवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वक्ताओं ने निषाद समाज के इतिहास, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदानों पर प्रकाश डालते हुए इसे एक वैभवशाली और प्रेरणादायक समाज बताया।

बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. चौधरी ने समाज के लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा शेरनी के दूध के समान है, जो पिएगा वह जरूर दहाड़ेगा। उन्होंने नवोदित पीढ़ी को उच्च शिक्षित बनाने और नशापान से दूर रहने की समझाइश भी दी।

संकट के बीच पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी ऐतिहासिक फैसला: सौरभ

बालोद/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी किए जाने के साथ-साथ वैश्विक युद्धजनित परिस्थितियों के बीच ईंधन आपूर्ति की सख्त मॉनिटरिंग के निर्णय का भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने स्वागत किया है। उन्होंने इसे आमजन के हित में लिया गया एक संतुलित, दूरदर्शी और जिम्मेदार कदम बताया।सौरभ लुनिया ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी का निर्णय जहां एक ओर आर्थिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में

महत्वपूर्ण है, वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ईंधन व्यवस्था पर विशेष नजर रखना उसकी संवेदनशीलता को दर्शाता है।उन्होंने बताया कि युद्ध जैसी वैश्विक परिस्थितियों के कारण कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है, लेकिन भारत में केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की आपूर्ति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, जिससे देश में किसी प्रकार की कमी या अव्यवस्था उत्पन्न न हो।साथ ही, सरकार द्वारा कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए भी कड़े निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर लगातार निरीक्षण एवं नियंत्रण की प्रक्रिया जारी है। सौरभ लुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में कमी के साथ-साथ ईंधन आपूर्ति की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करना देशवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत और विश्वास का संदेश है।

कुरूद में रामनवमी पर निकली श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

नगर में गूंजा जय श्रीराम के जयकारे, बैंड बाजे और आतिशबाजी के साथ उमड़ा रामभक्तों का सैलाब

कुरुद/नवप्रदेश। श्री राम नवमी के पावन पर्व पर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा कुरूद नगर साथ ही राष्ट्रीय बैंड और धमाल की धूम, साहु डी जे लाइट्स की जगमग श्री राम जी की विशाल नयनाभिराम प्रतिमा के साथ आजाद हिंदू युवा मंच के लोगों की भारी भीड़ ने पूरे कुरूद नगर राम मय कर दिया।

कुरूद. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमीं का पर्व कुरूद नगर में पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में जहां एक ओर सदियों पुरानी परंपराओं का निर्वहन हुआ, वहीं दूसरी ओर युवाओं के उत्साह ने उत्सव को भव्य रूप प्रदान किया। ऐतिहासिक परंपरा को कायम रखते हुए आजाद हिंदू युवा मंच के तत्वावधान में नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में

प्रभु श्रीराम की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजे और डीजे की भक्तिमय धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा। आजाद हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में रामनवमी पर प्राचीन श्रीराम मंदिर से पूजा अर्चना कर पूरे शानोशौकत के साथ प्रभु श्रीरामचन्द्र की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। समाजिक संगठनों एवं सियासी पार्टियों के नेताओं ने जगह जगह रामरथ पर फूल बरसाकर रामभक्तों का स्वागत किया। शुक्रवार को बाजे-गाजे के साथ मनमोहक रथ में रामनवमी की शोभायात्रा निकाली गई। प्राचीन श्रीराम मंदिर के महंत अखिलेशदास वैष्णव ने पूजा अर्चना कर रथ को रवाना किया। फिर चंडी मंदिर से विधिवत शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इस मौके पर नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारणी चन्द्राकर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महिम शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य नीलम चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर आदि नेताओं ने भगवान राम की पूजा अर्चना की और शोभायात्रा में शामिल हुए।

आजाद हिन्दू युवा मंच ने निकाली शोभायात्रा

कुरूद. मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमीं का पर्व

कुरूद नगर में पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में जहां एक ओर सदियों पुरानी परंपराओं का निर्वहन हुआ, वहीं दूसरी ओर युवाओं के उत्साह ने उत्सव को भव्य रूप प्रदान किया। ऐतिहासिक परंपरा को कायम रखते हुए आजाद हिंदू युवा मंच के तत्वावधान में नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजे और डीजे की भक्तिमय धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा।

नगरी के 3 अधिवक्ताओं को भाजपा विधि प्रकोष्ठ में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

क्षेत्र में हर्ष का माहौल

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधि प्रकोष्ठ में नगरी क्षेत्र के सक्रिय एवं ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। पार्टी ने अधिवक्ता अभिषेक जैन एवं अधिवक्ता आर.पी. साहू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा अधिवक्ता तुलसीराम साहू को जिला सह-संयोजक का दायित्व प्रदान किया है।

इन नियुक्तियों को संगठन द्वारा उनके कार्यों, निष्ठा एवं सक्रिय योगदान का सम्मान माना जा रहा है। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। उनकी नियुक्ति पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस सहित पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, पिंकी शाह, वरिष्ठ नेता रविशंकर दुबे, नागेंद्र शुक्ला, विकल गुप्ता, मोहन नाहटा, कमल डागा, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, अजय ध्रुव, गरिमा नेताम, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, शशि ध्रुव तथा नगर एवं मंडल स्तर के अनेक जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसके अलावा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भी तीनों अधिवक्ताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में विधि प्रकोष्ठ संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने करवाया बोर खनन, ग्रामीणों ने जताया नवप्रदेश का आभार

कमार परिवारों को अब मिलेगा स्वच्छ पानी

नवप्रदेश खबर का असर

छुरा /नवप्रदेश। नवप्रदेश में प्रकाशित खबर के बाद शासन प्रशासन हरकत में आया और आज बोर खनन कर कमार परिवार को स्वच्छ जल की ब्यवस्था किया गया। छुरा ब्लॉक के मुख्यमंत्री गोद ग्राम केडीआमा (रमनपुर) में कमार परिवारों को झरिया का दूषित पानी पीने को मजबूर होने की खबर प्रकाशित होते ही विभाग हरकत में आ गया है। लंबे समय से बंद पड़े सौर बोरवेल और पेयजल संकट को लेकर सामने आई गंभीर स्थिति के बाद कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गरियाबंद विप्लव धृतलहरे ने मौके पर गाड़ी और टीम भेज दी है।

गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार पिछले दो महीनों से पेयजल के लिए जूझ रहे थे। बोरवेल खराब होने के कारण उन्हें मजबूरी में असुरक्षित झरिया का पानी पीना पड़ रहा था, जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा था। इस मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पहले ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी।

खबर सामने आने के बाद एक-दो हफ्ते बाद होने वाले काम को विभाग ने तुरंत संज्ञान में लिया और बोरवेल मशीन की टीम को रवाना किया गया। शनिवार शाम टीम मौके पर पहुंची और देर रात तक बोरखनन का कार्य पूर्ण किया गया। इस दौरान कमार परिवार की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि अब हमें भी इस भरी गर्मी में भी साफ और ठंडा पानी पीने को मिल जाएगा। परिवार ने इसके लिए मीडिया और प्रशासन को धन्यवाद दिया।

सरपंच योगेश ध्रुव ने भी विभाग की इस कार्रवाई को देर से उठाया गया लेकिन सकारात्मक कदम बताया है। उन्होंने भी मीडिया और प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि मीडिया के सहयोग से दो महीने से विभाग के चक्कर काट रहे कमार परिवारों को अब झरिया (छोटे गड्ढे) का असुरक्षित और मटमैला पानी पीने के लिए विवश नहीं होना पड़ेगा।

जिले में कांग्रेस का बढ़ता जनाधार

■ जिला अध्यक्ष और पूर्व पंचायत मंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस को मिल रही बड़ी सफलता

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले की राजनीति में इन दिनों बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा और पूर्व पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ला के मजबूत नेतृत्व में पार्टी को लगातार सफलता मिल रही है,वहीं बीजेपी का संगठन अंदर ही अंदर कमजोर होता नजर आ रहा है।बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थाम रहे हैं,जिससे सियासी समीकरण तेजी से बदल रहे हैं।

जिले में कांग्रेस संगठन लगातार विस्तार की ओर बढ़ रहा है।जिला अध्यक्ष और पूर्व पंचायत मंत्री के सक्रिय नेतृत्व और जमीनी पकड़ के चलते पार्टी में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है।गांव-गांव और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के प्रयासों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है।

बीते दिनों देवभोग क्षेत्रों से बीजेपी के कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने कांग्रेस में प्रवेश किया।कांग्रेस नेताओं ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों और जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस से जुड़ रहे हैं।उनका कहना है कि वर्तमान समय में जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस ही उस भरोसे पर खरी उतर रही है। इसी तरह रविवार को राजिम बूथ गठन का बैठक संपन्न हुआ जिसमें राजिम मंडल अध्यक्ष गोविंद कहार को नियुक्त किया गया।

राम जन्मोत्सव पर रामभक्तों को हलवा-शरबत का वितरण

नगरी/नवप्रदेश। नगर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शुक्रवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर रामभक्तों द्वारा नगर में प्रसाद स्वरूप हलवा एवं शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस आयोजन में स्थानीय श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। प्रमुख रूप से सोमनाथ देवांगन, कुलदीप देवांगन, पुखराज देवांगन, हीरालाल देवांगन, भैरव देवांगन, पलक देवांगन, परिधी देवांगन, प्रणव देवांगन, नमन, भावेश, वंश, पूर्वी, तारणी, तानिया, भोमराज, खेमराज, डाकेश देवांगन, बलजीत छबड़ा, मनोज साहू, यशकुमार, फलेन्द्र साहू, झम्मन अन्य लोगों का उत्साह रहा।

सांकरा बांध में मखाना खेती की शुरुआत स्व सहायता समूहों को मिलेगा रोजगार

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सांकरा के बांध में मखाना खेती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ आज शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत स्व सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा मखाना के बीज डाले गए, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद जताई जा रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा सहित जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरुण सार्वा ने कहा कि सांकरा में मखाना खेती से आसपास के स्व सहायता समूहों को स्थायी रोजगार मिलेगा और महिलाओं की आजीविका मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि इस पहल से 17 स्व सहायता समूहों की लगभग 200 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ज्ञात हो कि मखाना खेती को बढ़ावा देने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्वयं के व्यय से तालाब निर्माण कराया गया तथा केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री को भी इस संबंध में अनुशंसा की गई थी। उनके धमतरी दौरे के दौरान मखाना से बनी पुष्पमाला पहनाकर इस पहल की जानकारी दी गई थी। योजना के अनुसार सांकरा बांध में लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में मखाना खेती की जाएगी, जिसकी शुरुआत फिलहाल 25 से 30 एकड़ में की गई है। यह खेती क्षेत्र में पहली बार हो रही है, जिसे लेकर महिलाओं और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

श्रीरामनवमी पर जय श्रीराम के नारों से गूंजा नगर

कुरुद/नवप्रदेश। श्री राम नवमी के पावन पर्व पर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा कुरूद नगर साथ ही राष्ट्रीय बैंड और धमाल की धूम, साहु डी जे लाइट्स की जगमग श्री राम जी की विशाल नयनाभिराम प्रतिमा के साथ आजाद हिंदू युवा मंच के लोगों की भारी भीड़ ने पूरे कुरूद नगर राम मय कर दिया।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमीं का पर्व कुरूद नगर में पूरी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में जहां एक ओर सदियों पुरानी परंपराओं का निर्वहन हुआ, वहीं दूसरी ओर युवाओं के उत्साह ने उत्सव को भव्य रूप प्रदान किया। ऐतिहासिक परंपरा को कायम रखते हुए आजाद हिंदू युवा मंच के तत्वावधान में नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। बैंड-बाजे और डीजे की भक्तिमय धुन पर थिरकते श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा।

आजाद हिन्दू युवा मंच के तत्वावधान में रामनवमी पर प्राचीन श्रीराम मंदिर से पूजा अर्चना कर पूरे शानोशौकत के साथ प्रभु श्रीरामचन्द्र की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।

जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा गरियाबंद

रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों भक्त शामिल

गरियाबंद/नवप्रदेश। रामनवमी के पावन अवसर पर शनिवार को जिला मुख्यालय पूरी तरह राममय नजर आया। हिंदू रक्षा मंच के तत्वावधान में विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। कार्यक्रम में बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव और महर्षि आश्रम के महाराज सच्चिदानंद गिरी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर नागरिकों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

यात्रा की शुरुआत शाम करीब पांच बजे श्रीराम जानकी मंदिर से विधिवत पूजन के साथ हुई। सबसे आगे हनुमान स्वरूप में सजी वानर सेना और अखाड़ा दल ध्वज लेकर चल रहे थे, जो आकर्षण का केंद्र बने रहे। लहराते भगवा ध्वज और गूंजते जयघोषों से पूरा माहौल भक्तिरस में डूबा रहा। सुसज्जित रथ पर विराजमान श्रीरामलला की मनमोहक प्रतिमा ने सभी को भावविभोर कर दिया।

वहीं मगरलोड और कोपरा के अखाड़ों द्वारा प्रस्तुत शौर्य प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित किया। लोगों ने उत्साह के साथ इन प्रदर्शनों का स्वागत किया। तिरंगा चौक में हिंदू रक्षा मंच, नगर पालिका परिषद और जनरल व्यापारी संघ द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया तथा शीतल पेयजल और शर्बत का वितरण किया गया।

इस दौरान विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि रामनवमी आस्था, श्रद्धा और संस्कारों का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं महाराज सच्चिदानंद गिरी ने कहा, ऐसे आयोजन हमारे संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह प्रेम, सेवा और भाईचारे को बढ़ावा देने का संदेश देते है।

प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था के बीच यह शोभा यात्रा तिरंगा चौक से सुभाष चौक, यादव पारा, बजरंग चौक होते हुए सदर बाजार से पुनः मंदिर पहुंच इसका समापन हुआ। आयोजन समिति ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग देने वाले नागरिकों, व्यापारियों, विभिन्न संगठनों और प्रशासन का आभार जताया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर
रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा बीरगांव कालोनी, रायपुर में निर्मित एस.आई.एच.एस. -डी भवन योजना के अतंर्गत, भवन क्रमांक एस.आई.एच.एस.-डी-2 श्रीमती ए. एल. पॉल पति स्व. श्री जे. ई. पॉल को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 26.09.2013 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 03.03.2026 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री कुलदीप शर्मा पिता श्री कुन्दन लाल शर्मा के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड / भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र 01
कबीर नगर रायपुर (छ.ग)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रं. 08
मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार

पत्र क्रं./29666/न.पा.नि./जोसयक्रुंर
नामांतरण प्र. क्रं. वार्ड का नाम 70 संत रविदास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 70 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR568H0367H जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती (SAVITA PANDEY) पिता / पति श्री/श्रीमती (MANAKLAL DEVKI PANDEY) के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती (RAMTEKKAR RAMTEKKAR) पिता / पति श्री/श्रीमती (W/O SHRI ARUN) ने मृत्यु प्रमाण पत्र सह पत्र शपथ पत्र दान पत्र, पंजीकृत विक्रय विलेख पालिक निगम अधिनियम 1956 की हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। सूचना जारी करे।

श्रीमती राजेश्वरी पटेल
(जोन कमिश्नर)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./ब-121/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता एवं सर्वसाधारण को सूचना प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक उमाशंकर पिता मंगल निवासी दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा आवेदन पेश किया है कि स्व. चंद्रिका बाई पति मंगल का मृत्यु दिनांक 07.02.2009 को ग्राम दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग में मृत्यु होने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक उमाशंकर पिता मंगल निवासी दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 06.04.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2026 को जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
पाटन जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण एंव ग्राम सेमरी प.ह.नं. 31 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनक को सुचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक भोलाराम कौशिक पिता स्व. पुनाराम कौशिक निवासी ग्राम दरबार मोखली तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम सेमरी प.ह.नं. 31 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 834/1 रकबा 0.12 हे. को विक्रेतागण पेकेन्द्र पित्ता अमेराम (अन्य 03) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.05.2011 से कय आधार पर प्रमाणीकरण किये जाने एवं केता कमांक 2 धनीराम पिता स्व. पुनाराम फौत होने से उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक भोलाराम कौशिक पिता स्व. पुनाराम कौशिक निवासी ग्राम दरबार मोखली तहसीलपाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र के आधार पर उपरोक्तानुसार मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की कार्यवाही पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 13.04.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियम तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.03.2026 को जारी किया गया।

तहसीलदार
पाटन जिला दुर्ग(छ.ग.)

पेज 1 का शेष...

वनांचल में पेड़ों से झरता...

अधिक झड़ेंगे। ग्रामीणों के अनुसार महुआ बीनना केवल एक मौसमी काम नहीं, बल्कि उनकी पूरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यहां के जंगलों में महुआ के अलावा चिरौटा (कसांदी), साल (सरई) के बीज, इमली और आंवला जैसे अन्य वनोपज भी मिलते हैं, लेकिन महुआ इनमें सबसे महत्वपूर्ण है। एक-एक फूल बीनकर वे अपनी खाली जेबों में खनक पैदा करते हैं। यह नकद आय कर्ज चुकाने, घर का राशन जुटाने, बच्चों की पढ़ाई, शादी-ब्याह और बीमारी जैसे खर्चों के लिए काम आती है।

अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ...

किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च यानी कल हुआ।

अडाणी डिफेंस ने आर्मी...

ने मशीन गन की पहली खेप लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

40,000 मशीन गन का ऑर्डर

कंपनी के अनुसार, एलएमजी का कुल ऑर्डर लगभग 40,000 यूनिट का है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ए. अंबरासु ने समय से पहले डिलीवरी की सराहना करते हुए कहा कि इससे साबित होता है कि प्रोजेक्ट को तेजी से पूरा करने की क्षमता मौजूद है।

बिजली चाहिए तो ...

के ही ज्यादा बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि कनेक्शन प्रीपैड होने से पहले बचे स्मार्ट मीटर भी लग जाएंगे। पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराना होगा। जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रीचार्ज कराना होगा। इस रीचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रीचार्ज कराना होगा।

धमधा में भीषण आग...

के ग्राम सुखरी में फसल कटाई के बाद खेत तैयार करने के दौरान आग लगाई गई थी, जो हवा के कारण फैल गई। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा के कारण वे सफल नहीं हो सके। मौके पर धमधा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के दिशा-निर्देश पर तहसीलदार, आरआई, पटवारी, पुलिस अमला और दमकल विभाग की टीम पहुंची, जिनकी मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

इस आगजनी में फसलों के साथ-साथ पाइप, बोरवेल वायर, स्टार्टर, सब्जी बाड़ी, पेड़-पौधे और खेतों की बाड़ भी जलकर नष्ट हो गए। चार मवेशियों के झुलसने की भी सूचना है, जिनका उपचार जारी है। फिलहाल प्रशासन द्वारा पूर्ण रूप से क्षति का आकलन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने शीघ्र सर्वे कर उचित मुआवजा (क्षतिपूर्ति) देने और फसल बीमा राशि दिलाने की मांग की है। किसान नेता टेकसिंह चंदेल (धमधा) ने कहा कि किसानों को पहले प्रशासन का छलावा और अब इस बड़ी आपदा के चलते त्रासदी झेलनी पड़ रही है। यह बहुत बड़ी क्षति है। प्रत्येक किसान की क्षतिपूर्ति दी जानी चाहिए, अन्था किसान बंधु संगठन धमधा और किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

20 किलोमीटर तक दिखा धुआं

ग्रामीणों का कहना है कि इस आगजनी ने उनकी सालभर की मेहनत को पूरी तरह बर्बाद कर दिया है और अब उनके सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। आग का धुआं करीब 20 किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया, जिसे देखने आसपास के क्षेत्रों से लोगों की भीड़ जुट गई।

कोरिया मॉडल बना राष्ट्रीय...

जनभागीदारी आधारित जल संरक्षण का प्रेरक उदाहरण बताया।

सके अतिरिक्त, केंद्रीय स्तर पर भी इस मॉडल को सराहना प्राप्त हुई है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल द्वारा भी कोरिया मॉडल को अन्य राज्यों में लागू किए जाने योग्य पहल के रूप में उल्लेखित किया गया, जिससे इसकी उपयोगिता और विस्तार की संभावनाएँ स्पष्ट होती हैं। कोरिया जिले में लगभग 1370 मिमी वार्षिक वर्षा होने के बावजूद भू-आकृतिक परिस्थितियों के कारण जल का तीव्र बहाव होता था, जिससे भूजल पुनर्भरण सीमित था।

कोरिया मॉडलः जन आंदोलन की अवधारणा

जल संचय जन भागीदारी अभियान के अंतर्गत लागू 5% मॉडल के तहत किसानों ने अपनी भूमि का 5त्न भाग छोटी सीढ़ीदार जल संरचनाओं के लिए समर्पित किया साथ ही सोखता गड्ढे और मनरेगा के अंतर्गत संरचनाएं बनाई गईं।

सामुदायिक एवं वैज्ञानिक समन्वय

महिलाओं ने नीर नायिका, युवाओं ने जल दूत के रूप में भूमिका निभाई और ग्राम सभाओं के माध्यम से विकेंद्रीकृत योजना को सशक्त बनाया। इससे समुदाय स्वयं कार्यान्वयनकर्ता बना।

2025 की उपलब्धिया (जल पुनर्भरण)

जिले में कुल लगभग 2.8 स्र्ष्टरू (28 लाख घन मीटर) जल का भूजल में पुनर्भरण हुआ। यह जल मात्रा लगभग 230-235 (12000 द्व२/तालाब) बड़े तालाबों के बराबर और 1800 से अधिक (1500 द्व२/डबरी) डबरियों के बराबर है। (गणनाएं मानक वैज्ञानिक मानकों एवं सावधानीपूर्वक किए गए आकलन पर आधारित हैं।)

न्यूज गैलरी

जीवराज रात्रे की ऐतिहासिक विदाई हजारों नम आंखों ने दी अंतिम सलामी

सरसींवा(सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश। बहुजन समाज पार्टी के समर्पित एवं लोकप्रिय कार्यकर्ता युवराज रात्रे के निधन पर क्षेत्र शोक में डूब गया। ग्राम करियारवार (टिहलीपाली) में उनकी अंतिम यात्रा एक ऐतिहासिक जनसैलाब में तब्दील हो गई, जहां हजारों की संख्या में लोगों ने उमड़कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। यह दृश्य केवल एक अंतिम संस्कार नहीं, बल्कि एक जननायक के प्रति समाज के असीम प्रेम, सम्मान और विश्वास का जीवंत प्रमाण था।अंतिम यात्रा में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन, प्रदेश महासचिव डॉ. रोहित डहरिया सहित सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके साथ ही विभिन्न सामाजिक संगठनों, सर्वसमाज के प्रतिनिधियों एवं अन्य राजनीतिक दलों के लोगों ने भी भारी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर एकजुटता का परिचय दिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

धरसींवां / कूंरा / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत खरोरा मंडल में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री (ओबीसी मोर्चा, छत्तीसगढ़) श्री अशोक सिन्हा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।अपने उद्बोधन में श्री अशोक सिन्हा ने संगठन के वैचारिक अधिष्ठान, एकात्म मानववाद, समय प्रबंधन, संगठन विस्तार तथा राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ता की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि समाज सेवा के लिए समर्पित एक सशक्त माध्यम है।कार्यक्रम के दौरान श्री सिन्हा ने कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण वर्ग में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और संगठनात्मक मजबूती के लिए अपने संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और जनसेवा के प्रति अधिक प्रतिबद्ध बनाने का प्रभावी माध्यम है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में लेटरल एंट्री से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

महासमुंद/ नवप्रदेश। जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा कक्षा 7वीं से 11वीं (सीबीएसई पाठ्यक्रम, अंग्रेजी माध्यम) में रिक्त सीटों को भरने हेतु पात्र विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य के अनुसार कक्षा 7वीं में बालक वर्ग के लिए 1 सीट तथा कक्षा 11वीं में बालक वर्ग के लिए 7 सीटें उपलब्ध हैं। इच्छुक विद्यार्थी 01 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विद्यालय पहुंचकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 30 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। चयन पूरी तरह परीक्षा में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों एवं विद्यार्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है, ताकि वे इस अवसर का लाभ उठा सकें।

कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम सोमनी में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

राजनांदगांव / नव प्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध प्लाटिंग एवं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम राजनांदगांव श्री गौतम पाटिल एवं तहसीलदार राजनांदगांव श्री प्यारेलाल नाग के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा ग्राम सोमनी के खसरा नंबर 182 में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग स्थल पर निर्माण किए जा रहे रोड और पुल-पुलिया को बुलडोजर से हटाया गया। इस दौरान अवैध प्लाटिंग एवं अतिक्रमण करने वालों को भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या अवैध निर्माण नहीं करने की हिदायत दी गई। जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है।

गुरुकुल किड्स कैंप के भव्य समापन पर बच्चों ने किया मनभावन प्रदर्शन

कवर्धा/ नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शाला गुरुकुल पब्लिक स्कूल में 26 मार्च से 29 मार्च तक चार दिवसीय किड्स कैंप का आयोजन किया गया।किड्स कैंप के समापन दिवस पर संस्था के पदाधिकारीगण, शाला के प्राचार्य, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ ,बड़ी संख्या में नन्हें मुन्ने बच्चे तथा पालकगण उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बताया कि इस किड्स कैंप में लगभग 300 बच्चे भाग लिया। इस किड्स कैंप में प्रतिभागी बच्चों की उम्र के हिसाब से उन्हें तीन समूहों यथा मिकी वर्ग (3 से 4 वर्ष), डोनाल्ड (4 से 5 वर्ष)तथा गूफी वर्ग (5 से 6 वर्ष) में विभाजित किया था। नन्हे मुन्ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल, विविध प्रकार की गतिविधियाँ , नृत्य और संगीत, चित्रकला, पेंटिंग,पपेट शॉ, पेपर क्राफ्ट,पूल पार्टी,रैन डांस, मुवी थिएटर,लिफ आर्ट तथा स्टोन आर्ट जैसी मनोरंजक गतिविधियों के द्वारा बच्चों की अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का कार्य विद्यालय के कुशल प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया।

चार धाम यात्रा के लिए फायदेमंद साबित होगी दुर्ग-हरिद्वार स्पेशल ट्रेन

दुर्ग-हरिद्वार-दुर्ग के मध्य 11 फेरों के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

भाटापारा / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से चार धाम की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए इस ग्रीष्म काल में एक स्पेशल ट्रेन की शुरुआत दुर्ग से होने जा रही है जो अगले माह की 19 अप्रैल से 29 जून तक दुर्ग से हरिद्वार के मध्य साप्ताहिक ट्रेन के रूप में 11 फेरे के लिए चलेगी,इस ट्रेन के चलने से लोगों में काफी उत्साह है। इस समर स्पेशल ट्रेन की घोषणा से भाटापारा के लोगों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए रेल अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

चार धाम की यात्रा पर इस वर्ष जाने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने एक स्पेशल ट्रेन दुर्ग से हरिद्वार के मध्य चलाने की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से दिनांक 19 अप्रैल से 28 जून 2026 तक 11 फेरे के लिए प्रत्येक रविवार को चलेगी 7 इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, हरिद्वार से दिनॉक 20 अप्रैल से 29 जून तक 11

फेरे के लिए प्रत्येक सोमवार को चलेगी 7 इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग, रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल एवं उमरिया स्टेशनों में दिया गया है 7

उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार 08743 दुर्ग-हरिद्वार साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन, दुर्ग से प्रत्येक रविवार को 11.00 बजे रवाना होकर तथा रायपुर 11.36 बजे, भाटापारा 12.28 बजे, उसलापुर 13.45 बजे, पेंड्रारोड 15.13 बजे, अनूपपुर 15.53 बजे, शहडोल आगमन 16.35 बजे, उमरिया आगमन 17.33 बजे तथा मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये होते हुये दूसरे दिन सोमवार को 11: 25 बजे हजरत निजामुद्दीन एवं 17.30 बजे हरिद्वार स्टेशन पहुंचेगी 7 इसी प्रकार 08744 हरिद्वार-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन हरिद्वार से प्रत्येक सोमवार को 18.55 बजे रवाना होकर 23:10 बजे हजरत निजामुद्दीन तथा इस मार्ग के मध्यवर्ती स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन रात 23.40 बजे उसलापुर और तीसरे दिन 00.40 बजे भाटापारा पहुंचेगी और रायपुर 01.40 बजे होते हुए बुधवार को 03.00 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

यह समर स्पेशल ट्रेन रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ग्वालियर, धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा, कोसीकलाँ, निज़ामुद्दीन, मेरठ नगर, रुड़की इत्यादि स्टेशनों पर रुकेगी ,इस ट्रेन के चलने की घोषणा से चार धाम की यात्रा में जाने की सोच रहे तीर्थ यात्रियों के लिए सबसे ज्यादा फायदा मंद साबित होगी।

पुरुषों ने लिया महिला सम्मान व संविधान समरसता का संकल्प

राजनांदगांव / नवप्रदेश। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगांव द्वारा ग्राम पंचायत सोने गांव के सामुदायिक परिसर में ग्रामीण पुरुषों को महिला-सम्मान और संविधान समरसता पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें चैरिटी के महिला सदस्य श्रीमती शोभा बाई गन वीर द्वारा सोने गांव के पुरुषों को एकत्रित कर उन्हें महिला जीवन के महत्वपूर्ण कार्यों से अवगत कराते हुए कहा महिला जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण है महिला वर्ग समाज को सुधारने हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है इसलिए हमें महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता स्थापित करना चाहिए किसी भी महिला के प्रति अपमानजनक टिप्पणी नहीं करना चाहिए ।

हमेशा महिलाओं के प्रति सम्मान पूर्ण दृष्टिकोण रखना

चाहिए जिससे महिलाओं का गौरव ही नहीं बल्कि समाज का भी सुधार हो पाएगा इसी कड़ी में चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक श्री ओम प्रकाश सहारे ने संविधान की मूलभूत सिद्धांतों से परिचय कराते हुए कहा हम सबको संविधान के दायरे में रहकर जीवन का निर्वाह करना पड़ता है जीवन के धरातल में महिला और पुरुष दोनों का समाज में देश में योगदान है जिसमें महिला वर्ग समाज को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है वह अपने घर परिवार को टूटने से भी बचाती है इसलिए महिलाओं का सदैव सम्मान करते रहना चाहिए हमारे भारतीय संविधान में भी महिलाओं के सम्मान हेतु मार्गदर्शन दिया गया है। इस प्रकार जागरूकता कार्यक्रम में सभी उपस्थित लोगों ने महिला सम्मान करने एवं संविधान समरसता का पालन करने हेतु संकल्पित हुए।

प्रभारियों की नियुक्ति ले बूथ व पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन को मिलेगी मजबूती

बागबाहरा / नवप्रदेश। जिले में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय व मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने बूथ एवं पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमेटियों के गठन के लिए विभिन्न ब्लॉकों में प्रभारियों की नियुक्ति की है।

जिला अध्यक्ष यादव ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत बूथ और पंचायत स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कमेटियों के गठन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। इस कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए ब्लॉक स्तर पर प्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नियुक्त प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन विस्तार के साथ-साथ कमेटियों के गठन का दायित्व दिया गया है। इनमें महासमुंद शहर के लिए श्रीमती रश्मि चंद्राकर, महासमुंद ग्रामीण के लिए लक्ष्मण पटेल, झलप-पटेवा के लिए विनोद चंद्राकर, बागबाहरा ग्रामीण के लिए नरेंद्र सेन, बागबाहरा शहर के लिए तौफिक दानी, कोमाखान के लिए अब्दुल समीम खान, पिथौरा के लिए मंजीत सलूजा, बसना के लिए मनोजकांत साहू, सांकरा के लिए गणेश शर्मा, भंवरपुर के लिए भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सरायपाली शहर के लिए फिरोज मेमन, सरायपाली ग्रामीण के लिए कृष्णा चंद्राकर तथा छुईपाली के लिए विजय बंजारे को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बच्चों ने देखी चिप्स-कुरकुरे और स्नैक्स बनाने की कला

महासमुंद / नवप्रदेश। पीएम श्री सेजेस तुमगांव स्कूल के कक्षा 6वीं और 7वीं के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहद खास और सीख से भरपूर रहा, जब वे शैक्षणिक भ्रमण पर पंचज्य फूड प्रोडक्ट्स लिमिटेड, बिरकोनी पहुंचे। इस प्रेरणादायक दौरे में बच्चों ने चिप्स, मिक्सचर और कुरकुरे जैसे लोकप्रिय स्नैक्स के निर्माण की पूरी प्रक्रिया को करीब से देखा और समझा।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जाना कि कैसे आलू को काटने से लेकर तलने, मसाला मिलाने, पैकिंग और गुणवत्ता जांच तक हर चरण में सावधानी, तकनीक और टीमवर्क की जरूरत होती

है। फैक्ट्री में लगी आधुनिक मशीनों, स्वच्छता व्यवस्था और कार्य प्रणाली ने बच्चों को विशेष रूप से आकर्षित किया।

प्रधानाचार्य देवेंद्र अगलावे के नेतृत्व में शिक्षक सिद्धांत गायगीरे, सत्यम पांडे, सागर झा, नवीन दास, जयश्री टंडन और सुषमा गिलहरे भी साथ रहे। बच्चों ने कामगारों से संवाद कर यह भी जाना कि गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाने के लिए किस प्रकार की मेहनत और अनुशासन जरूरी होता है। भ्रमण के अंत में प्रधानाचार्य श्री अगलावे ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा, 'आज आपने देखा कि साधारण दिखने वाले उत्पाद भी कड़ी मेहनत, बेहतर योजना और मजबूत टीमवर्क से तैयार होते हैं।

छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के नवीन प्रदेश कार्यालय का भव्य उद्घाटन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के नवीन प्रदेश कार्यालय का शुभ उद्घाटन आज अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह अवसर संगठन के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण क्षण रहा, जिसमें प्रदेशभर से आए पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय श्री व्ही. श्रीनिवास राव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक रहे, जिनके करकमलों से कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया।

प्रभात फेरी व भजन संध्या का कार्यक्रम

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। स्थानीय सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धुमधाम से मनाया जा रहा है। आयोजन के अंतर्गत आज प्रातः प्रभातफेरी का आयोजन गुप्ति मनोहर बहु मंडल एवं ज्ञान वक्षम निपुणा जैन पाठशाला द्वारा किया गया। श्वेतांबर जैन मंदिर नवापारा से राजिम जैन मंदिर तक की प्रभातफेरी में छोटे बड़े सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सुंदर भजन एवं जय जयकारों से वातावरण को गुंजित किया। राजिम श्री संघ द्वारा प्रभात फेरी में शामिल श्रावक श्राविकाओं का स्वागत किया गया। देव गुरु दर्शन

के पश्चात क्विज टाइम का आयोजन किया गया जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए गए। गुप्ति मनोहर बहु मंडल द्वारा नवकारसी की व्यवस्था रखी गई।

छोटी जमीन-बड़ी सोच: किसान प्रमोद ने उद्यानिकी खेती से लिखी सफलता की कहानी

महासमुंद / नवप्रदेश। जिले के विकासखंड अंतर्गत ग्राम करमापटपर (भदरसी) के किसान प्रमोद चंद्राकर ने यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधन भी सफलता की राह में बाधा नहीं बनते, यदि सोच नई हो और मेहनत सच्ची हो। महज 0.41 हेक्टेयर भूमि के स्वामी श्री चंद्राकर आज अपने क्षेत्र में प्रगतिशील किसान के रूप में पहचान बना चुके हैं। पहले वे पारंपरिक धान की खेती करते थे, जिसमें लागत अधिक और मुनाफा सीमित था। लेकिन समय के साथ उन्होंने बदलाव का साहसिक निर्णय लेते हुए उद्यानिकी खेती की ओर रुख किया। यही निर्णय उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा)
जिला उत्तर बस्तर कांकेर, (छ.ग.)
कलेक्टेट परिसर प्रथम तल, फोन नं. 07868-241224
e-mail id - miningkanker2@gmail.com

क्र. 726/रेत/ई-निविदा/2025 कांकेर, दिनांक 25/03/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन पट्टा खदान आबंटन हेतु इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला उ. ब. कांकेर छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम-7 के तहत् इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से पंचम चरण में साधारण रेत उत्खननपट्टा खदान **अरौद-2, तहसील चारामा** आबंटन किया जाना है, जिस हेतु अर्हता प्राप्त बोलीदार इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है।

इलेक्ट्रॉनिक-नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु तकनीकी एवं वित्तीय बोली, **07 दिवस, 15.04.2026 से 21.04.2026 (05:30 PM तक)** तक जमा की जायेगी। बोली केवल MSTC के ऑनलाईन पोर्टल https://mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp के माध्यम से स्वीकार की जायेगी। निविदा के नियम नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी पोर्टल, खनिज साधन विभाग की वेबसाईट https://chhattisgarhmines.gov.in/ जिला कार्यालय की वेबसाईट https://kankergov.in तथा कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.), संबंधित ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/जिला पंचायत भवन के सूचना पटल में अवलोकन कर प्राप्त कर सकता है।

कलेक्टर
जी- 252607418/2 उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग
कोंडागांव वनमंडल के काष्ठागार के e-Auction का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कोंडागांव वनमंडल के अंतर्गत कोंडागांव काष्ठागार में संग्रहित **ईमारती काष्ठ/जलाऊ/**बांस का **e-Auction** द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि **e-Auction** में भाग लेवें । **e-Auction** की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

वनमंडल का नाम	काष्ठागार का नाम	नीलाम दिनांक व समय
कोंडागांव वनमंडल कोंण्डागांव	कोंडागांव काष्ठागार	01/04/2026 प्रातः 9:00 बजे से

प्रजाति	अविक्रित वनोपज			योग		
	ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)		ई. काष्ठ (घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी (नग में)	
1	2	3	4	5	6	7
सागौन	26.161	322	201	26.161	322	201
साल	4159.697	842	1586	4159.697	842	1586
बीजा	230.353	88	169	230.353	88	169
साजा	57.749	96	20	57.749	96	20
हल्दू	110.07	18	21	110.07	18	21
नीलगिरी	5.453	3378	175	5.453	3378	175
अन्य	254.181	207	304	254.181	207	304
योग-	**4843.664**	**4951**	**2476**	**4843.664**	**4951**	**2476**
व्या.बास	9.980 N.T. (21060 Nog)			9.980 N.T. (21060 Nog)		

शर्ते -
(1) प्रत्येक क्रेता को **e-Auction** के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
(2) क्रेता **e-Auction** के पूर्व क्रय लाटों के अफसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
(3) लाटों की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल से लॉग इन करके देख सकते हैं।
(4) e-Auction में लॉट क्रय करने के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसकी लॉट के अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमण्डलाधिकारी
कोण्डागांव वनमण्डल
कोण्डागांव
जी- 252607426/3

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जिला-बीजापुर (छ0ग0)
// निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 13 (तृतीय बार) //

क्रमांक /271/ निविदा/ ग्रा.यां. सेवा/2025-26 बीजापुर, दिनांक 24/03/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण के कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। मैनुअल निविदा आमंत्रण की अंतिम तिथि **01/04/2026 को अपरान्ह 5.00** बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है, तथा निविदा दिनांक **02/04/2026 को 3.30** बजे अपरान्ह में खोली जावेगी -

क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य, चिकटराज वार्ड नं.-14 बीजापुर	11.11	01/04/2026
2	बालक कल्याण समिति भवन का निर्माण कार्य बीजापुर	8.65	
3	किशोर न्याय बोर्ड भवन का निर्माण कार्य बीजापुर	8.65	
4	नवीन भवन का निर्माण कार्य प्राथमिक शाला बन्द्रपारा, भोपालपटनम / प्राथमिक शाला कोरेजेड़ वि.ख. भोपालपटनम (2 कार्य प्रति नग)	10.72	
5	"आई" टाईप भवन का निर्माण कार्य शासकीय उद्यान रोपणी पेगड़ापल्ली, वि.ख. भोपालपटनम	5.27	

निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 26/03/2026 को 5:30 बजे सायं से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बीजापुर
जिला-बीजापुर (छ0ग0)
जी- 252607419/4

आज मोबाइल बैन के बीच होगी निगम की सामान्य सभा, सत्ता-विपक्ष आमने-सामने

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की वर्ष 2026 की पहली सामान्य सभा आज सुबह 11 बजे से शुरू होगी। इस बार की बैठक कई मायनों में खास रहने वाली है, क्योंकि सभा में पार्षदों के मोबाइल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है।

सामान्य सभा से एक दिन पहले शनिवार को सभापति ने भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों की संयुक्त बैठक लेकर उन्हें नियमों की जानकारी दी और सभा के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की।

वहीं, विपक्ष ने भी रणनीति तैयार कर ली है। नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने कांग्रेस पार्षदों की बैठक लेकर सत्तापक्ष को पुराने वादों, जमीनी कामकाज और पारदर्शिता के मुद्दों पर घेरने की तैयारी की है। दूसरी ओर महापौर मीनल चौबे ने भाजपा पार्षदों के साथ बैठक कर एजेंडा-वार तैयारी कराई और प्रश्नकाल के लिए संभावित सवालों के जवाब तैयार करने के निर्देश दिए।

नियमों का कड़ाई से पालन-सभापति ने पार्षदों को निर्देश दिए हैं कि वे आसंदी को संबोधित करते हुए ही अपनी बात रखें, बिना आधार के सीधे आरोप लगाने से बचें और सभा के दौरान चाय-कॉफी का सेवन भी न करें।

मोबाइल बैन का कारण

निगम प्रशासन ने यह सख्त फैसला पिछली सामान्य सभा में हुई घटनाओं के बाद लिया है। वर्ष 2025 में महापौर के पहले बजट सत्र के दौरान एक पार्षद के मोबाइल पर रील्स देखने का मामला सामने आया था। चेतावनी के बावजूद मोबाइल उपयोग जारी रहने से बैठक की गरिमा प्रभावित हुई थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार सभा में मोबाइल लेकर प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

आज होने वाली इस सामान्य सभा में जहां सत्तापक्ष अपने कामकाज का बचाव करेगा, वहीं विपक्ष शहर के विकास कार्यों और अधूरे वादों को लेकर आक्रामक रुख अपनाने की तैयारी में है। ऐसे में बैठक के दौरान तीखी बहस होने के आसार हैं।

न्यूज गैलरी

असम के तैराकों ने राज्यपाल डेका से की सौजन्य भेंट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 प्रतियोगिता में भाग लेने आए असम राज्य के तैराक खिलाड़ियों ने आज यहां लोक भवन में राज्यपाल श्री रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात की। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक जीतकर फर्स्ट रनर-अप का स्थान हासिल किया है।राज्यपाल श्री डेका ने खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेलों में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना से ही ऐसी सफलता हासिल होती है। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर खिलाड़ियों के साथ असम स्विमिंग एसोसिएशन के संयुक्त सचिव श्री दिव्य ज्योति शर्मा, तकनीकी अधिकारी श्री जान मनी बोरा तथा कोच भी उपस्थित रहे।

श्री राम सेवा समिति शंकर नगर में रामनवमी पर अजय महाकाली भजन की प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। रामनवमी श्री राम जन्म उत्सव पर्व पर स्थानीय श्री राम जन्म समिति बालाजी शाखा सेक्टर 2 द्वारा शुक्रवार को राम जन्म उत्सव बड़ी धूम धाम से शिव शक्ति हनुमान श्री राम जानकी मंदिर परिसर में समस्त सनातनी भक्तों के बीच मनाया गया प्रातः 9 बजे से श्रद्धालुओं के बीच श्री राम जी के जन्म के साथ हवन के पश्चात महाप्रसाद भंडारे का आयोजन भी किया गया दोपहर 1 बजे से भजन व जसगीत के अंतर्गत शीतल जसगीत मानस मंडली शक्ति नगर की शानदार प्रस्तुति से भक्तों के साथ साथ भगवान भी खुश होकर बारिश के रूप में स्वयं विराजमान हुवे साथ ही मंदिर परिसर में शंकर नगर महिला मंडली की प्रस्तुति हुई संध्याकाल 6 बजे से मुख्य भजन संध्या में दुर्ग खेरथा से सुप्रसिद्ध जस गीत झांकी परिवार की मनमोहक प्रस्तुति विभिन्न देवी देवताओं की झाकियों के साथ भजन से श्रद्धालु ने देर रात लुफ्त उठाया इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ नान के अध्यक्ष, पुरंदर मिश्रा विधायक उत्तर रायपुर, लोकेश कावड़िया अध्यक्ष निःशक्त जन, श्रीचंद सुंदरानी पूर्व विधायक, राजेश गुप्ता पार्षद,राम प्रजापति मंडल अध्यक्ष, सुधीर कुमार चौबे मंडल महामंत्री एवं समिति सदस्य, बिहारी राम वर्मा पूर्व सरपंच,डी.आर.साहू, राधेश्याम राय, सीताराम वर्मा, जयकिशन भट्टर, महेश तिवारी, मनोज पाण्डेय,आनंद राम मोंगरे, दिलीप नामपल्लीवार पी.आर.ओ.सीताराम कुर्रे, रामेश्वर साहू,बबला साहू, लंकेश वर्मा,बबला ध्रुव, अमित वर्मा, तुलसी राम साहू, मनीराम साहू, टेकराम साहू, मीना सेन, आरती साहू, श्रीधर दीवान, संजय चौबे, ओमप्रकाश दुबे, एवं अन्य गणमान्य नागरिक गण अरविंद साहू उपस्थित रहे।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 11 जून को, आवेदन प्रक्रिया शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2026 का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। यह परीक्षा 11 जून को होगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 27 मार्च से शुरू हो गई है। आवेदक अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट के माध्यम से 27 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 28 से 30 अप्रैल तक का समय दिया गया है। वहीं, परीक्षा के प्रवेश पत्र 1 जून 2026 को जारी किए जाएंगे।33 जिलों में परीक्षा केंद्र- बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा प्रदेश के सभी 33 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। परीक्षा सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक आयोजित होगी। बता दें कि ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा। हालांकि, छत्तीसगढ़ के स्थानीय अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने पर शुल्क वापस कर दिया जाएगा। यह राशि उसी बैंक खाते में लौटाई जाएगी, जिससे भुगतान किया गया था।

लैब असिस्टेंट परीक्षा के मॉडल आंसर जारी, दावा आपत्ति 1 तक

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) ने प्रयोगशाला सहायक / सैम्पल ग्रेड-2 भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी व्यापमं की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। यदि किसी प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति हो, तो उम्मीदवार 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे तक ऑनलाइन दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को अपने प्रोफाइल में लॉगिन कर दावा-आपत्ति टैब में जाना होगा। ऑफलाइन या डाक से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं होंगी।

फिलहाल सप्लाई को लेकर किसी बड़े संकट के संकेत नहीं

पाइपलाइन सप्लाई से राजधानी में पेट्रोल-डीजल का संकट नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की खपत लगातार ऊंचे स्तर पर बनी हुई है, लेकिन फिलहाल सप्लाई को लेकर किसी बड़े संकट के संकेत नहीं हैं। राजधानी रायपुर में पाइपलाइन के जरिए नियमित आपूर्ति होने से ईंधन की उपलब्धता सुचारू बनी हुई है।

रायपुर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सचिव अभय भंसाली के मुताबिक, राजधानी में रोजाना पेट्रोल की खपत करीब 5 लाख लीटर और डीजल की खपत लगभग 9 लाख लीटर तक पहुंच रही है। वहीं पूरे छत्तीसगढ़ में प्रतिदिन पेट्रोल की खपत करीब 15 लाख लीटर और डीजल की खपत लगभग 40 लाख लीटर आंकी गई है।

उन्होंने बताया कि रायपुर से लगे लखौली क्षेत्र में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति मुख्य रूप से पारादीप से पाइपलाइन के जरिए होती है, जिससे सप्लाई बाधित होने की संभावना काफी कम हो जाती है।

कीमत स्थिर रहना ही राहत-अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने के बावजूद देश में कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। भंसाली के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा दी गई हालिया छूट का सीधा फायदा उपभोक्ताओं को कीमतों में कमी के रूप में नहीं मिलेगा।

डिपो और रिजर्व स्टॉक से सुरक्षा

रायपुर और बिलासपुर में प्रमुख ऑयल कंपनियों के डिपो मौजूद हैं, जहां पर्याप्त मात्रा में ईंधन का भंडारण किया जाता है। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार देश में लगभग 60 दिनों का रिजर्व स्टॉक बनाए रखने की व्यवस्था रहती है, जिससे अचानक किसी संकट की स्थिति में आपूर्ति प्रभावित नहीं होती।ग्रामीण इलाकों में डीजल की खपत पेट्रोल की तुलना में अधिक है। खेती-किसानी, ट्रैक्टर और सिंचाई के उपकरणों के लिए डीजल पर निर्भरता अधिक होने के कारण इसकी मांग लगातार बनी रहती है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुनी 'मन की बात'

■ **कोरिया जिले के जल संरक्षण मॉडल की प्रधानमंत्री ने की सराहना**

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 132वीं कड़ी सुनी और इसे राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश के कोने-कोने में हो रहे सकारात्मक नवाचारों और जनभागीदारी को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर समाज में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोरिया जिले के किसानों के जल संरक्षण प्रयासों की सराहना छत्तीसगढ़ के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है। यह दर्शाता है कि प्रदेश में जमीनी स्तर पर हो रहे कार्य अब राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं।उन्होंने कहा कि 'आवा पानी झोंकी' जैसे अभिनव मॉडल के माध्यम से किसानों ने अपने खेतों में रिचार्ज तालाब और सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर वर्षा जल को सहेजने का सराहनीय कार्य किया है।

आईडीबीआई बैंक फ्रॉड केस में नया मोड़: प्रिंटिंग प्रेस सील न होने पर उठे सवाल, आज प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। आईडीबीआई की चरौदा शाखा में एफडी और म्युचुअल फंड फ्रॉड मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। फर्जी बांड पेपर तैयार करने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालक तोपसिंह वर्मा और उसके एक पूर्व कर्मचारी की गिरफ्तारी के बावजूद संबंधित प्रिंटिंग प्रेस का संचालन जारी रहने से पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने धरसीवां स्थित उक्त प्रिंटिंग प्रेस से बैंक के एफडी बांड, म्युचुअल फंड दस्तावेज और काउंटर रसीदें बरामद की थीं। इसके बाद भी प्रेस को सील नहीं किया गया, जबकि नियमों के मुताबिक ऐसे मामलों में जांच पूरी होने तक संबंधित संस्थान को सील करना सामान्य प्रक्रिया मानी जाती है।

पीड़ितों में आक्रोश, कार्रवाई पर उठे सवाल

फ्रॉड के पीड़ितों ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी के जेल में होने के बावजूद प्रिंटिंग प्रेस का चालू रहना कई संदेह पैदा करता है। उनका कहना है कि वहां और भी फर्जी कार्य हो सकते हैं। पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए इसे अधूरी कार्रवाई बताया है।

आज होगा प्रदर्शन

मामले को लेकर पीड़ितों ने आज 30 मार्च को राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित बैंक के रीजनल ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने की घोषणा की है। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता भी शामिल होंगे, जिनमें राजेंद्र पप्पू बंजारे, श्रीकुमार शंकर मेनन, छाया वर्मा, अनीता शर्मा और पंकज शर्मा प्रमुख हैं। पीड़ितों की मांग है कि उनकी फंसी हुई राशि ब्याज सहित वापस की जाए और सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उन्हें भुगतान का लिखित आश्वासन चाहिए।

1.53 करोड़ से अधिक की रकम फंसी

बताया जा रहा है कि इस पूरे फर्जीवाड़े में 21 पीड़ितों की करीब 1 करोड़ 53 लाख रुपए से अधिक की राशि फंसी हुई है। आरोपियों द्वारा दिए गए फर्जी बांड पेपर पर बैंक की सील भी लगी हुई है।

फोरम का आदेश: 50 हजार रुपए लेकर भी ठेकेदार ने किया आधा अधूरा काम, अब 45 हजार चुकाना होगा हर्जाना

रायपुर/नवप्रदेश। जिला उपभोक्ता फोरम में एक शिकायत आती है। जिसमें परिवादी बताते हैं कि वे अपने मकान में तीन फेज बिजली कनेक्शन, ड्रिलिंग, सेप्टिक टैंक और नाली खुदाई जैसे कार्यों के लिए हरिओम कान्ट्रेक्टर वर्क्स सर्विसेस को ठेका दिया था। ठेकेदार ने पूरे काम और सामग्री सहित कुल 75 हजार रुपए लगने की बात कही। इस पर सहमति बनने के बाद 29 अप्रैल 2015 को परिवादी ने 20 हजार रुपए एडवांस दिया। जिसके बाद ठेकेदार ने कुछ श्रमिक भेजकर टैंक और नाली का काम शुरू कराया और बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन प्रक्रिया भी पूरी करवाई। दो माह में काम खत्म करने का भरोसा दिया। मगर जून के दूसरे सप्ताह तक मात्र 20 प्रतिशत कार्य हो सका। परिवादी द्वारा लगातार संपर्क करने पर ठेकेदार बीमारी और मजदूरों की कमी जैसे कारण बताकर काम में देरी करता रहा। इसी दौरान ठेकेदार ने अतिरिक्त 5 हजार रुपए की मांग की, जो परिवादी ने दे दिए। फिर ठेकेदार ने 25 हजार रुपए और मांगे, जो परिवादी ने भुगतान कर दिए। इस तरह कुल 50 हजार रुपए ठेकेदार को दिए जा चुके थे।

इसके बावजूद काम अधूरा ही रहा। मजबूर होकर परिवादी ने अधूरे काम किसी अन्य ठेकेदार को सौंपा, जिसके लिए उसे अतिरिक्त 50 हजार रुपए खर्च करने पड़े। बाद में जब परिवादी ने पहले ठेकेदार से दिए गए पैसों के अनुपात में काम न होने पर राशि वापस मांगी, तो ठेकेदार ने इंकार कर दिया। जिसके बाद परिवादी ने जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत की। फोरम ने दोनों पक्षों की बात सुनकर ठेकेदार को दोषी मानते हुए परिवादी को 45000 रुपए देने का आदेश जारी किया।

रोजगार-बेरोजगारी का आंकड़ा जुटाने प्रदेश में होगा सर्वे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रोजगार और बेरोजगारी की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के लिए जल्द ही व्यापक सर्वेक्षण कराया जाएगा। इसके लिए आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय द्वारा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में सर्वे के सफल संचालन के लिए एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वेक्षण से जुड़े कर्मियों को तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि राज्य में पहली बार यह सर्वे कंप्यूटर असिस्टेड पर्सनल इंटरव्यू (सीएपीआई) प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। इस आधुनिक तकनीक से रोजगार और बेरोजगारी दर का अधिक सटीक और विश्वसनीय आंकड़ा प्राप्त किया जा सकेगा, जो भविष्य की नीतियों के निर्माण में सहायक होगा। कार्यक्रम में जोनल कार्यालय नागपुर के सांख्यिकी सेवा अधिकारी राकेश चौरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ में तीन दिन धूप, उसके बाद बदलेगा मौसम

प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री रायपुर में रहा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में फिलहाल तापमान सामान्य बना हुआ है और कुछ जगहों पर हल्की बारिश दर्ज की गई है। अगले तीन दिनों तक तापमान में खास बदलाव नहीं होगा, इसके बाद 2-3 डिग्री गिरावट संभव है। मौसम विभाग ने गरज-चमक, वज्रपात और 30-40 किमी/घंटा तेज हवाओं की चेतावनी दी है। रायपुर में 29 मार्च को मौसम साफ रहने और तापमान 39 डिग्री तक रहने का अनुमान है।

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज फिलहाल स्थिर बना हुआ है, जहां अधिकतम

तापमान सामान्य स्तर पर दर्ज किया जा रहा है। प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश ने जरूर दस्तक दी है, लेकिन गर्मी का असर अभी बरकरार है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, जबकि इसके बाद 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट की संभावना जताई गई है। वहीं, गरज-चमक, तेज हवा और वज्रपात को लेकर भी अलर्ट जारी किया गया है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम का वर्तमान हाल: प्रदेश में अधिकतम तापमान सामान्य बना हुआ है। एक-दो स्थानों पर हल्की से बहुत हल्की वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कुछ क्षेत्रों में हल्की राहत महसूस की गई। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.6डिग्री पेण्ड्रा रोड में रिकॉर्ड किया गया। वर्षा के आंकड़ों के अनुसार हसौद, भटगांव और देवभोग में 1-1 सेमी वर्षा दर्ज की गई है।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026

86 किलोग्राम भारोत्तोलन में महाराष्ट्र की साक्षी बुरकुले ने जीता स्वर्ण

■ **छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने रजत, असम की बिटुपुना देओरी को कांस्य**

रायपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत 86 किलोग्राम भारोत्तोलन प्रतियोगिता महिला वर्ग में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस स्पर्धा में महाराष्ट्र की साक्षी बंडू बुरकुले ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक कब्जा किया। यह प्रतिस्पर्धा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की खेल मैदान में आयोजित की जा रही है।

साक्षी बुरकुले ने स्नैच में 68 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 82 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 150 किलोग्राम के साथ पहला स्थान हासिल की, उनका प्रदर्शन पूरे मुकाबले में सबसे मजबूत रहा। छत्तीसगढ़ की रिशिका कश्यप ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल की। उन्होंने कुल 121 किलोग्राम (स्नैच 55 किलोग्राम, क्लीन एंड जर्क 71 किलोग्राम) वजन उठाया। वहीं असम की बिटुपुना देओरी ने 118 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में असम की लिंडा 114 किलोग्राम के साथ चौथे स्थान पर रहीं, जबकि त्रिपुरा की सुमी मोग (77 किलोग्राम) और आंध्र प्रदेश की जेसी रानी (61 किलोग्राम) क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहीं।

कम उम्र में अनाथ हुए मिजोरम के किशोर इसाक

मालसावमटलुआंगा ने चोट की चिंता को पीछे छोड़कर जीता केआईटीजी स्वर्ण-मिजोरम के युवा वेटलिफ्टर इसाक मालसावमटलुआंगा 16 साल की उम्र पूरी करने से पहले ही अपने माता-पिता दोनों को खोने के बाद लगभग खेल छोड़ने की कगार पर पहुंच गए थे। इस दोहरी त्रासदी ने इस मिजो किशोर को अंदर तक तोड़ दिया था, लेकिन उनके बचपन के कोच और चाचा-चाची के सहारे ने उनके खेल करियर को संभाल लिया। 18 वर्षीय इसाक ने कड़ा संघर्ष करते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में पुरुषों के 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अपने परिवार को गर्व महसूस कराया। पीठ की तकलीफ से जूझते हुए भी इसाक ने क्लीन एंड जर्क में शानदार प्रदर्शन किया। स्नैच में दूसरे स्थान पर रहने के बाद उन्होंने कुल 235 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जीत के तुरंत बाद उनके चाचा ने उन्हें गले लगा लिया, जो इस युवा खिलाड़ी के जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह रहे हैं। इसाक के पिता हेमिंग मालसावमटलुआंगा की 2018 में एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, उसी साल उन्होंने वेटलिफ्टिंग की शुरुआत की थी। परिवार के इकलौते बेटे होने के कारण उनके सामने यह सवाल खड़ा हो गया था कि वह खेल जारी रखें या परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के लिए कमाई पर ध्यान दें।

महिला 86+ किग्रा वेटलिफ्टिंग में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने जीता स्वर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत महिला 86.किलोग्राम वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इस स्पर्धा में मिजोरम की ज़ोसांगज़ुआली ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ज़ोसांगज़ुआली ने स्नैच में 70 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 83 किलोग्राम वजन उठाकर कुल 140 किलोग्राम के साथ पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने मिजोरम को गौरवान्वित किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित पंडित रविशंकर शुक्ल

विश्वविद्यालय खेल परिसर में किया जा रहा है। असम की पिंकी बोरो ने शानदार प्रयास करते हुए कुल 125 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक पर कब्जा जमाया।

उन्होंने स्नैच में 55 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 70 किलोग्राम का प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश की गुंजन उइके ने भी दमदार खेल दिखाते हुए कुल 86 किलोग्राम के साथ कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने स्नैच में 39 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 47 किलोग्राम वजन उठाया। प्रतियोगिता में त्रिपुरा की ट्विस्मु जमातिया चौथे स्थान पर रहीं, जिन्होंने कुल 77 किलोग्राम वजन उठाया।प्रतियोगिता की खास बात यह रही की सभी खिलाड़ियों ने युवा आयु में बेहतरीन तकनीक और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया।

हॉर्मुज स्ट्रेट पार कर एलपीजी जहाज भारत पहुंचे, ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षितः एमईए

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि हॉर्मुज स्ट्रेट पार करके एलपीजी से लदे हुए चार जहाज भारत पहुंच चुके हैं। साथ ही भरोसा दिलाया कि सरकार अपने जहाजों की सुरक्षित आवाजाही के लिए संबंधित देशों के संपर्क में है, ताकि देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

नई दिल्ली में एक साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में एमईए प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत का अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का दृष्टिकोण 1.4 अरब लोगों की जरूरतों को सुरक्षित करने की अनिवार्यता, बाजार की गतिशीलता और वैश्विक स्थिति पर आधारित है।

जब उनसे पूछा गया कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से भारत के कितने जहाज आए हैं। इस पर जायसवाल ने कहा, हमने आपको उन भारतीय जहाजों की जानकारी दी है जो अब तक स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को पार कर चुके हैं। हमारे पास चार जहाज थे, वे एलपीजी से लदे हुए थे। वे भारत पहुंच चुके हैं। वे कुछ दिन पहले स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं। हम सभी संबंधित देशों के संपर्क में बने हुए हैं, ताकि हमारे जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके और हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर चिंता बढ़ा दी है। खासकर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के रणनीतिक महत्व के कारण, जो एक प्रमुख तेल परिवहन मार्ग है। जब उनसे उन कुछ रिपोर्टों के बारे में पूछा गया, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने रूस से एलपीजी या एलएनजी आयात करने के लिए अमेरिका से मंजूरी मांगी थी, तो जायसवाल ने जवाब दिया, आप हमारी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के हमारे व्यापक दृष्टिकोण से अच्छी तरह परिचित हैं। यह हमारे लोगों की जरूरतों को सुरक्षित करने की हमारी अनिवार्यता, बाजार की गतिशीलता और वैश्विक स्थिति पर आधारित है। इसलिए, हमारे ऊर्जा स्रोतों के संबंध में निर्णय लेने के लिए ये तीन मुद्दे या शर्तें हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। जहां तक विशिष्ट मुद्दों का सवाल है, जैसे कि हम किस देश से तेल खरीद रहे हैं, तो मेरा मानना है कि बेहतर होगा कि आप इस संबंध में अपना प्रश्न पेट्रोलियम मंत्रालय से पूछें, क्योंकि वे इसका बेहतर जवाब दे पाएंगे। सरकार के अनुसार, पेट्रोलियम और एलपीजी की आपूर्ति की स्थिति नियंत्रण में है और देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी नहीं है, जबकि रिटेल आउटलेट्स के पास पर्याप्त स्टॉक है और वे ईंधन निरंतर उपलब्ध करा रहे हैं।

न्यूज गैलरी

10 वर्षों में 8.1 अरब डॉलर के खेल उपकरणों का होगा निर्यात

नईदिल्ली। देश में खेल के प्रति जुनून व निर्माण इंफ्रास्ट्रक्चर के चलते इससे जुड़े सामान का निर्यात अगले 10 वर्षों में 8.1 अरब डॉलर तक हो सकता है। इसके लिए एमएसएमई आधारित क्लस्टरों निर्माण होंगे। इससे 54 लाख अतिरिक्त नौकरियों के अवसर बन सकते हैं। इससे भारत उच्च-गुणवत्ता वाले खेल उपकरणों का विश्वसनीय वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित हो सकेगा। नीति आयोग ने रिपोर्ट में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोडमैप दिया है। इसके मुताबिक, प्रौद्योगिकी अपनाने, गुणवत्ता-परीक्षण, कच्चे माल ,उन्नत सामग्रियों में निवेश बढ़ाना होगा। मजबूत एंकर ब्रांड साझेदारियों, व्यापार नीति के जरिये बेहतर बाजार पहुंच, समन्वित ब्रांडिंग प्रयास से निर्यात लक्ष्य पाया जा सकता है। इसी साल इटली में शीतकालीन ओलंपिक, ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेल व जापान में एशियाई खेल होंगे। अगले साल 2027 में मेघालय में राष्ट्रीय खेल, 2028 में लॉस ऐंजिल्स में ओलंपिक खेल व पैरा ओलंपिक खेल होंगे। 2030 में दोहा में एशियाई खेल होंगे। 2030 में अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल खेल व 2032 में ब्रिसबेन में ओलंपिक खेल होंगे। 2034 में रियाद एशियाई खेल की मेजबानी करेगा। वहीं, 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत ने अहमदाबाद की दावेदारी पेश की है। इन वर्षों में इतने आयोजनों के चलते खेल सामान व उपकरणों की खासी मांग होगी। भारत अपनी तैयारी कर इसमें अहम भूमिका निभा सकता है।

शेयर बाजार में कोहराम, एक ही दिन में निवेशकों के 9 लाख करोड़ स्वाहा

मुंबई। अमेरिकी-ईरान युद्ध में तनाव बढ़ने और शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता के चलते वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के चलते हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुआ। इस दौरान प्रमुख बेंचमार्क निफ्टी 50 और सेंसेक्स में 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। बाजार बंद होने के समय 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,690.23 अंक यानी 2.25 प्रतिशत गिरकर 73,583.22 पर था, तो वहीं एनएसई निफ्टी50 486.85 अंकों यानी 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,819.60 पर था। दिन के कारोबार में सेंसेक्स 74,883.79 पर खुलकर एक समय 1,736 अंक या 2.30 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 73,534.41 के दिन के निचले स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी50 23,173.55 पर खुलकर एक समय 501 अंक या 2.15 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर 22,804.55 पर पहुंच गया। व्यापक बाजारों ने बेंचमार्क सूचकांकों को पीछे छोड़ दिया। निफ्टी मिडकैप में 2.23 प्रतिशत तो निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक में 1.74 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, सेक्टरवार देखें तो, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसयू) सबसे ज्यादा नुकसान झेलने वाला सेक्टर रहा, जिसमें 3.86 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली। इसके बाद निफ्टी रियल्टी (3.17 प्रतिशत की गिरावट), निफ्टी ऑटो (2.82 प्रतिशत की गिरावट), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (2.69 प्रतिशत की गिरावट) और निफ्टी प्राइवेट बैंक (2.01 प्रतिशत की गिरावट) का प्रदर्शन भी खराब रहा।

आईफोन का तगड़ा फीचर तुरंत हो जाएगा लॉक

नई दिल्ली (ए.)। अक्सर ऐसा होता है कि आप अपने आईफोन पर किसी से कोई जरूरी या प्राइवेट चैट कर रहे होते हैं और अचानक आपका कोई दोस्त या भाई-बहन मस्ती में आपका अनलॉक फोन छीनकर भाग जाता है। ऐसे में सबसे बड़ा डर यही सताता है कि कहीं वह आपकी पर्सनल चैट न पढ़ ले या गैलरी न खोल ले। अगर आप भी कभी इस तरह की मुसीबत में फंसे हैं, तो आईफोन का एक ऐसा छिपा हुआ फीचर है जो आपको इस शर्मिंदगी से पल भर में बचा सकता है। इस शानदार फीचर की मदद से अगर कोई आपका फोन छीनता है, तो आपको उसे हाथ लगाने की जरूरत नहीं है, बल्कि सिर्फ मुंह से एक शब्द बोलते ही आपका फोन तुरंत लॉक हो जाएगा। आईफोन में यूजर्स की सुविधा के लिए 'वोकल शॉर्टकट्स' नाम का एक बेहद कमाल का फीचर दिया गया है। यह खास फीचर फोन की एक्सेसिबिलिटी सेटिंग के अंदर छिपा होता है।

रुपए में गिरावट और सट्टेबाजी रोकने बैंकों को दिया रोजाना लिमिट लागू करने का निर्देश

नई दिल्ली। रुपए में गिरावट को रोकने और सट्टेबाजी (स्पेकुलेटिव ट्रेडिंग) पर लगाम लगाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को नया निर्देश दिया है।

आरबीआई ने अधिकृत डीलर के रूप में काम करने वाले बैंकों को कहा है कि वे दिन के अंत तक रुपए में अपनी ओपन पोजीशन को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखें। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिकी-इजरायल और ईरान के बीच तनाव के कारण व्यापार घाटा बढ़ा है और रुपए पर दबाव बढ़ गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि सभी कमर्शियल बैंक इस रोजाना लिमिट को 10 अप्रैल तक लागू करें। साथ ही, जरूरत पड़ने पर बाजार की स्थिति के अनुसार यह लिमिट बदली भी जा सकती है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अगर रुपए में गिरावट जारी रहती है तो आरबीआई आगे और भी सख्त कदम उठा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि रुपए को सहारा देने के लिए आरबीआई ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार (फॉरेक्स रिजर्व) का काफी इस्तेमाल किया है, जिससे उसकी हस्तक्षेप करने की क्षमता कुछ सीमित हो गई है।

शुक्रवार को रुपया पहली बार 94 प्रति डॉलर के नीचे चला गया और करीब 1 प्रतिशत गिरा। अमेरिकी-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक इसमें कुल मिलाकर 4 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। वहीं ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई है, जो आरबीआई के अक्टूबर में तय किए गए 70 डॉलर के अनुमान से काफी ज्यादा है। इससे भारत का आयात बिल बढ़ा है और महंगाई व मुद्रा संतुलन बनाए रखना आरबीआई के लिए मुश्किल हो गया है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आती है और बाजार का वैल्यूएशन (पी/ई रेशियो) कम होता है, तो भारतीय बाजार में तेजी लौट सकती है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की रिपोर्ट के अनुसार, रुपया आने वाले समय में सुधरकर करीब 91 प्रति डॉलर तक पहुंच सकता है। साथ ही, 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी मौजूदा 6.83 प्रतिशत से घटकर करीब 6.65 प्रतिशत तक आ सकती है।

यह सामान्य स्थिति आने में 2-3 महीने लग सकते हैं। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की कीमतें बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था अभी स्थिर बनी हुई है, लेकिन कच्चे तेल की कीमतें आगे भी देश के बाहरी संतुलन को प्रभावित करेंगी। अगर वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ सकता है और इसका असर आर्थिक विकास और महंगाई पर भी पड़ सकता है।

वंदे भारत में यात्रियों की सेहत से खिलवाड़ पड़ा भारी

***आईआरसीटीसी ने ठेकेदार को किया ब्लैक लिस्ट, अमूल को भी थमाया नोटिस**

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे की सबसे प्रीमियम ट्रेनों में शुमार वंदे भारत एक्सप्रेस में परोसे गए खराब खाने को लेकर अब एक बड़ा एक्शन देखने को मिला है। पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री को परोसे गए अमूल ब्रांड के खराब दही के मामले को आईआरसीटीसी ने बेहद गंभीरता से लिया है। 15 मार्च को दर्ज की गई इस शिकायत के बाद आईआरसीटीसी ने सीधे अमूल कंपनी को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही यात्रियों की सेहत के साथ हुए इस खिलवाड़ पर कैटरिंग ठेकेदार के खिलाफ भी सख्त कदम उठाते हुए भारी जुर्माना लगाया गया है।कैटरिंग ठेकेदार पर गिरी गाज, जानकारी के मुताबिक, यात्री की इस गंभीर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आईआरसीटीसी ने ट्रेन के लाइसेंसी कैटरिंग ठेकेदार पर कड़ा जुर्माना लगाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिर्फ जुर्माना ही नहीं, बल्कि लाइसेंसी का कॉन्ट्रैक्ट पूरी तरह से समाप्त करने की आधिकारिक प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, भविष्य में ऐसी लापरवाही को रोकने के लिए उक्त ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई भी की जा रही है, ताकि वह आगे से रेलवे में किसी भी तरह की सेवाएं न दे सके। इस पूरे विवाद में अब आईआरसीटीसी ने अमूल कंपनी को स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया है।

छत्तीसगढ़ ने एक रजत और दो कांस्य जोड़े

0-छग की अनुश्का भगत ने तीसरा रजत जीता, जबकि निखिल जाल्को और न्यासा को कांस्य

0-महाराष्ट्र और अरुणाचल प्रदेश ने भी तीसरे दिन खोला अपना स्वर्ण खाता

रायपुर। कर्नाटक ने यहाँ के अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक तालिका में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली, जबकि मेजबान छत्तीसगढ़ ने पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ दिन दर्ज करते हुए शुक्रवार को एक रजत और दो कांस्य पदक जीते।

कर्नाटक के मजबूत तैराक मणिकांता एल ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत अपने खाते में जोड़े। तीसरे दिन के अंत तक कर्नाटक के पास 13 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक हो गए हैं। ओडिशा 6 स्वर्ण, 2 रजत और 9 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि असम 2 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य के साथ तीसरे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ 6 पदकों (3 रजत, 3 कांस्य) के साथ त्रिपुरा के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है। छत्तीसगढ़ के लिए अनुश्का भगत ने महिलाओं की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में अपना तीसरा रजत पदक जीता। निखिल जाल्को ने पुरुषों की 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में दूसरा कांस्य हासिल किया, जबकि न्यासा पैकरा ने 100 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया।

पहले संस्करण के खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

पहले 2 हफ्ते नहीं खेलेंगे महेंद्र सिंह धोनी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की शुरुआत से पहले चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में खेलने को लेकर बड़ी खबर सामने आई है. एमएस धोनी के आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्तों में खेलने की संभावना कम है. वह अपनी पिंडली में खिंचाव से उबर रहे हैं.

चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से सीजन के पहले मैच की सुबह जारी बयान में पुष्टि की गई कि धोनी पिंडली की चोट के लिए रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं. इससे

टीम टूर्नामेंट के शुरुआती हिस्से में अपने स्टार खिलाड़ी के बिना उतर सकती है. चेन्नई का पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है. 28 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन की शुरुआत से ठीक पहले चेन्नई से फैंस को दिल तोड़ने वाली खबर मिली. टीम की तरफ से आधिकारिक तौर पर इस बात को पक्का कर दिया गया कि धोनी चोटिल होने की वजह से शुरुआती मुकाबलों में खेलने नहीं उतरेंगे।

वैभव सूर्यवंशी अब बन सकते हैं भारतीय टीम का हिस्सा

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट के युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी 15 साल के हो गए हैं। सिर्फ 14 साल की उम्र में ही इस खिलाड़ी ने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। अब ये खिलाड़ी सीनियर भारतीय टीम का हिस्सा बनाने के योग्य है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के नियम के तहत किसी भी खिलाड़ी को सीनियर टीम में खेलने के लिए कम से कम 15 साल की उम्र होनी चाहिए। अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड वैभव को चुन सकती है। अंडर-19 विश्व कप में वैभव का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मैचों में 62.71 की औसत से 439 रन बनाए थे। उनकी स्ट्राइक रेट 169.49 की रही थी। उनके बल्ले से 1 शतक के अलावा 3 अर्धशतक भी निकले थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रन रहा था जो फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ आया। उन्होंने 30 छक्के लगाए। वह अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छ ह्यक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

पीएसएल में जर्सी का रंग निकलने से लाल हुई गेंद

नईदिल्ली। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 की शुरुआत 26 मार्च को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में लाहौर कलंदर्स और हैदराबाद किंग्समेन के बीच उद्घाटन मैच के साथ हुई। हालांकि, पहले मैच में ही बड़ा विवाद सामने आ गया। इस मैच में जर्सी का रंग निकलने के कारण सफेद गेंद पहले गुलाबी और फिर बार में लाल होती दिखी। हैदराबाद किंग्समेन के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने अंपायर से इसकी शिकायत भी दर्ज कराई। आइए पूरा मामला जानते हैं। लाबुशेन ने मैच के बाद कहा, दूसरे ओवर के बाद मैंने अंपायरों से कहा, क्या हो रहा है? गेंद लाल है। यह कपड़ों की वजह से होगा या कुछ ऐसा ही। मैंने पहले कभी ऐसा नहीं देखा। उन्होंने कहा, मैंने ऐसे मौके देखे हैं जब बल्ले पर लगी कोई चीज गेंद पर लगती है, या पैड से टकराती है और उस पर से थोड़ा रंग लग जाता है। मुझे यकीन है कि फ्रेंचाइजी जल्द इस समस्या को सुलझा लेंगी।

हार्दिक पांड्या ने विश्व कप जीत के बाद किया वादा निभाया

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर साबित किया कि उनका प्रभाव मैदान के बाहर भी उतना ही बड़ा है। टी-20 विश्व कप 2026 जीतने वाले इस हरफनमौला खिलाड़ी ने इस बार वानखेड़े स्टेडियम के ग्राउंड्समैन के लिए दिल जीत लेने वाला कदम उठाया। महीनों पहले किया गया अपना वादा निभाते हुए हार्दिक ने ग्राउंड्समैन को सम्मानित किया और उन्हें उपहार व आर्थिक सहायता देकर खास अंदाज में आभार जताया। मुंबई इंडियंस के कप्तान ने विश्व कप से पहले वानखेड़े में देर रात तक जमकर अभ्यास किया था। कई बार उनकी ट्रेनिंग सामान्य समय से काफी आगे तक चली, लेकिन इस दौरान ग्राउंड्समैन ने उन्हें हर तरह की सुविधा और सहयोग दिया। हार्दिक ने उस वक्त उनका आभार जताते हुए वादा किया था कि वह इसे जरूर लौटाएंगे। उन्होंने अपना वादा निभाया और ग्राउंड स्टाफ को सम्मानित करते हुए उन्हें उपहार और आर्थिक प्रोत्साहन देकर धन्यवाद दिया।

दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

नईदिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयन समिति ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए संतुलित और मजबूत टीम चुनी है, जिसकी कमान हरमनप्रीत कौर को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना निभाएंगी।

टीम में शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। वहीं गेंदबाजी विभाग में रेणुका ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटिल जैसे नाम टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। इसके अलावा कुछ युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है, जिनमें काश्वी गौतम, क्रांति गौड़ और श्री चारणी शामिल हैं।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह टी20 सीरीज 17 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। सीरीज का दूसरा मैच 19, तीसरा 22 और चौथा 25 अप्रैल को खेला जाएगा। पहला और दूसरा मुकाबला डरबन में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और चौथा मैच जोहान्सबर्ग में आयोजित होगा। सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 27 अप्रैल को खेला जाएगा। सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम और रात में खेले जाएंगे, जिससे भारतीय दर्शकों के लिए भी यह सीरीज आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी।

यह दौरा आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है और टीम इंडिया इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर अपनी तैयारियों को और मजबूत करना चाहेगी।

भारतीय टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चारणी, श्रेयंका पाटिल, काश्वी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।

रणबीर कपूर बनेंगे राम, हनुमान जयंती पर जारी होगा रामायण का पहला लुक

भारतीय सिनेमा की प्रतीक्षित फिल्म रामायण को लेकर दर्शकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है. फिल्म के निर्माता नमित मल्होत्रा ने राम नवमी के पावन अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए प्रशंसकों को खुशखबरी दी है. उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म में भगवान राम की मुख्य भूमिका निभा रहे अभिनेता रणबीर कपूर का पहला लुक 2 अप्रैल, 2026 को हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर दुनिया के सामने पेश किया जाएगा। नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर एक बेहद खास पोस्ट साझा की. उन्होंने प्रशंसकों के धैर्य और अटूट विश्वास के लिए उनका आभार व्यक्त किया. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, शुभ राम नवमी.

आपके विश्वास और धैर्य के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद. 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन, हम मिलकर पहला कदम उठाएंगे. रामायण - नामित मल्होत्रा द्वारा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह फिल्म दिवाली 2026 और 2027 में वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी निर्माता ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि रामायण केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक गहरी जिम्मेदारी और भक्ति का विषय है. उन्होंने लिखा कि यह कहानी हम सभी की है और उनकी पूरी टीम इसे पूरी शुद्धता, श्रद्धा और भव्यता के साथ पर्दे पर उतारने के लिए पिछले कई सालों से मेहनत कर रही है. 2 अप्रैल को होने वाला रामा का लुक लॉन्च एक बड़े वैश्विक कार्यक्रम का हिस्सा होगा।

सड़कों की हालत खस्त, विकास के दावे ध्वस्त, राहगीर हो रहे पस्त

सड़क में 'गड्ढे' या गड्ढों में 'सड़क'

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों और राज्य मार्गों की हालत बेहद खराब बनी हुई है। अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग में गड्ढों, ब्लैक स्पॉट्स और खराब रखरखाव के कारण सड़क हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने इस मुद्दे पर कई बार स्वतः संज्ञान लेते हुए सख्त टिप्पणियां की हैं और तत्काल सुधार के आदेश दिए हैं। कई जिलों में राज्य मार्गों की स्थिति तो और भी दयनीय है। आम जनता अक्सर मजाक में कहती है- सड़क में गड्ढे नहीं, गड्ढों में सड़क बनी हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की स्थिति भी बेहद खराब है। राजनांदगांव, बेमेतरा, बालोद और सरगुजा समेत कई जिलों में नई बनाई गई या निर्माणाधीन सड़कें जल्दी ही उखड़ गई हैं। घटिया सामग्री के इस्तेमाल और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। कई ठेकेदारों को नोटिस जारी किए गए और कुछ अधिकारियों को निलंबित भी किया गया। विधानसभा सत्र में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार का सड़क बजट भारी है, रकम खर्च हो रही है, लेकिन सुहाने सफर का मजा अब भी दूर की कौड़ी है। सदन में सरकार ने जहां करोड़ों की स्वीकृतियों और योजनाओं का ब्यौरा पेश किया, वहीं विधायक और क्षेत्र की जनता का कहना है कि जमीनी स्तर पर सड़कों की हालत अब भी बेहद खराब है।

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों में एक साल में 6,728 मौतें

2025 में 15,318 रोड एक्सीडेंट, नक्सल प्रभावित इलाकों में भी बढ़ीं दुर्घटनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सड़क हादसों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। हर साल हजारों लोग सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवा रहे हैं। ताजा सरकारी आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में हादसों की संख्या बढ़ी है, कई जिलों में मौतों का आंकड़ा भी बढ़ा है। जिन इलाकों को कभी नक्सल हिंसा के लिए जाना जाता था, वहां अब सड़क हादसे भी बड़ी वजह बनते जा रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2024 में छत्तीसगढ़ में कुल 14,857 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थी। जो कि साल 2025 में बढ़कर 15,318 हो गई। यानी एक साल में 461 हादसों की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हादसों के साथ घायलों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। 2024 में 12,484 और 2025 में 13,135 घायल हुए हैं।

मौतों में मामूली कमी

मौतों के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2024 में 6,945 लोगों की सड़क हादसों में मौत हुई थी। साल 2025 में 6,728 लोगों की जान गई।

जर्जर सड़के के अलावा हादसों के पीछे कई वजह

सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश में बढ़ते सड़क हादसों के पीछे कई गंभीर कारण हैं। इनमें सड़क इंजीनियरिंग की खामियां और ट्रैफिक नियमों के पालन में कमी प्रमुख हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की जर्जर स्थिति भी जिम्मेदार है।

सड़कों का जाल

4,136.85
किलोमीटर राज्य राजमार्ग की कुल लंबाई छत्तीसगढ़ में

3,600
किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग छत्तीसगढ़ में

48,000
किलोमीटर से ज्यादा ग्रामीण सड़कें, राज्य के कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के लिए

महासमुंद: मौतें 16% बढ़ीं
कबीरधाम: मौतें 32% बढ़ीं
कांकेर: मौतें 11% बढ़ीं
सुकमा: मौतें 54% बढ़ीं
दंतेवाड़ा: सड़क हादसों में घायल होने वालों की संख्या 115 प्रतिशत तक बढ़ गई। यानी जिन क्षेत्रों को लंबे समय तक नक्सल हिंसा के लिए जाना जाता था।

खराब सड़कें और यातायात नियमों की अनदेखी से हादसे

- कई हाईवे और सड़कों पर अंधे मोड़
- संकेतक बोर्ड की कमी
- गड्ढों से भरी सड़कें
- खराब मेंटेनेंस
- कई जगह स्ट्रीट लाइट का अभाव
- रात में दुर्घटनाओं का ज्यादा खतरा
- ओवरलोडिंग पर नियंत्रण नहीं
- स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम बड़े शहरों तक सीमित प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं के कई ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। कई जगह इनको सुधारने का काम अब भी शुरू नहीं हुआ या अधूरा पड़ा है।

19 नवम्बर 2025 को केंद्र सरकार ने राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के **774** सड़क कार्यों **2,426** किमी) की दी स्वीकृति

प्रधानमंत्री सड़क: विभिन्न चरणों में छत्तीसगढ़ को अब तक कुल 9,722 सड़कें (48,594 किमी) स्वीकृत हुई हैं। 8,753 सड़कें (43,380 किमी) का निर्माण पूरा किया जा चुका

छत्तीसगढ़ सड़क बजट 2026-27 के मुख्य बिंदु

- **कुल बजट:** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपये का कुल बजट पेश किया गया है।
- **ग्रामीण सड़कें:** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूती के लिए 1,700+ करोड़।
- **सड़क उन्नयन:** 36 प्रमुख सड़कों के उन्नयन के लिए 200 करोड़।
- **पीडब्ल्यूडी बजट:** पीडब्ल्यूडी को सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए 9,450 करोड़ का बड़ा आवंटन।
- **विशेष परियोजना:** कोरबा-बिलासपुर इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा जैसी परियोजनाओं के लिए भी राशि स्वीकृत।
- **ट्राइबल एरिया रोड:** पीएम-जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह क्षेत्रों में सड़कों के लिए 1,699 करोड़ की स्वीकृति।

विधानसभा में जर्जर सड़क पर हुआ था हंगामा

मुंगेली की बदहाल सड़कों पर ध्यानाकर्षण लगाकर विधायक पुन्नूलाल मोहिले ने पूछा था सवाल

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में मुंगेली जिले की बदहाल सड़कों का मुद्दा उठा था। सत्ता पक्ष के ही भाजपा विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ध्यानाकर्षण लगाकर अपनी ही सरकार को घेर लिया। विधायक ने कहा कि जिले की कई प्रमुख सड़कें पिछले 10 से 15 साल से जर्जर हालत में हैं और इन गड्ढों की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस पर उपमुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने करोड़ों रुपये की स्वीकृतियों और प्रस्तावित निर्माण कार्यों का ब्यौरा देते हुए सरकार की कार्ययोजना सदन के सामने रखी थी।

सत्ता पक्ष के विधायक पुन्नूलाल मोहले ने ध्यानाकर्षण के जरिए मुंगेली जिले की सड़कों की दयनीय स्थिति का मामला सदन में उठाया। विधायक मोहले ने सदन में बरेला-तखतपुर, कुकुसदा, गिधा-कोदवाबानी (13 किमी), दाबो-छटन और मुंगेली-नवागढ़ समेत कई मार्गों का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि इन सड़कों की हालत इतनी खराब है कि ये सड़कें नहीं बल्कि 'मौत के गड्ढे' बन चुकी हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि वर्षों से इन मार्गों के नवीनीकरण का काम नहीं हुआ, जिसके कारण कई लोग दुर्घटनाओं में घायल हुए और कुछ ने अपनी जान भी गंवाई।

सरकार ने सदन में गिनाई करोड़ों की स्वीकृतियां

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायक पुन्नूलाल मोहिले के सवाल पर जवाब देते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा कई प्रमुख सड़कों के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि तखतपुर-कुकुसदा मार्ग के लिए 25.56 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 122.33 करोड़ और मुंगेली-नांदघाट मार्ग के लिए 116.53 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

प्रदेश की ग्रामीण सड़कों के लिए भी प्रस्ताव तैयार

मंत्री अरुण साव ने सदन में कहा था कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत आने वाली सड़कों में कोदवाबानी-कुरसी मार्ग का निर्माण कार्य फिलहाल प्रगति पर है, जबकि पेंडाराकापा-सेतगंगा और छटन-दाबो मार्ग के नवीनीकरण के प्रस्ताव प्रक्रियाधीन बताए गए हैं। इसके साथ ही गिधा-भटगांव मार्ग के लिए 2.55 करोड़ और जुझारभाठा-चमारी मार्ग के लिए 1.12 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया गया है।

सरगुजा के गांवों में जर्जर सड़कें बन रही मुसीबत

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के ग्रामीण अंचलों में सड़कों की हालत काफी जर्जर है, जो स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है। सरगुजा की कई ग्रामीण सड़कें, विशेष रूप से सरगंवा-घंघरी-बकनाखुर्द मार्ग सहित अन्य वनाँचल क्षेत्र के बसाहट पहुंच मार्ग जर्जर हालत में हैं। सरगुजा जिले में आज भी कई ऐसे गांव है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में सड़क न होने से ग्रामीणों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार ग्रामीणों के द्वारा सड़क बनाए जाने को लेकर शासन प्रशासन से मांग की गई, लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। आलम यह है कि गांव में गर्भवती महिलाओं और ग्रामीणों के बीमार पड़ने पर उन्हें खाट से उठाकर कई किलोमीटर पैदल चलकर मुख्य सड़क तक ले जाया जाता है, जहां से उन्हें एंबुलेंस की सुविधा मिल पाती है। सितंबर 2025 सरगुजा जिले के प्रतापपुर इलाके में सड़क न होने के चलते एक बीमार व्यक्ति को परिजनों ने कंधे पर उठाकर अस्पताल पहुँचाया। इसका वीडियो वायरल हुआ था, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर स्थिति को दर्शाता है। जिले की अधिकांश सड़कों की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है, जिसके कारण चक्काजाम जैसे विरोध प्रदर्शन भी हुए हैं। कई जगह नई बनी सड़कें भी कुछ ही समय में टूट रही हैं, जिससे निर्माण में भ्रष्टाचार और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं। धरातल पर काम की गति धीमी है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द सड़कों का पक्कीकरण और मरम्मत की जाए।

> सरगुजा जिले में सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए लगातार पहल की जा रही है, सरगुजा जिला वनांचल क्षेत्र होने के कारण कनेक्टविटी की बहुत समस्या आती है। भारत सरकार द्वारा पीएमजीएसवाय 4 लांच की गई है, जिसमे ऐसे गांव जिसकी आबादी 250 से अधिक है, ऐसे बसाहटो को चिन्हित किया जा रहा है। पहले फेस में सरगुजा जिले के 26 सडके जिसकी लंबाई 65 किमी है निर्माण किया जाना है।
> -**विकास कौशिक**, कार्यपालन अभियंता, पीएमजीएसवाय

अंतागढ़ में 3 करोड़ की सड़क क्षतिग्रस्त, धूल और गड्ढों से परेशानी

अंतागढ़/नवप्रदेश। मुख्य मार्ग से रेलवे स्टेशन तक जाने वाली 1.8 किलोमीटर लंबी सड़क मात्र कुछ वर्षों में ही जर्जर हो चुकी है। 3 करोड़ रुपये (304 लाख) की लागत से निर्मित यह सड़क अब स्थानीय लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट लौह अयस्क खदान परियोजना के अंतर्गत सीएसआर फंड से बनाई गई यह सड़क बनते ही गुणवत्ता को लेकर सुर्खियों में रही थी। आज यह सड़क बड़े-बड़े गड्ढों, उड़ती धूल और खस्ताहाल पुलिया के कारण लोगों की परेशानी का सबब बन गई है।

सड़क पर रोजाना सैकड़ों भारी-भरकम लौह अयस्क से लदे ट्रक गुजरते हैं। घटिया निर्माण सामग्री के कारण सड़क कुछ ही महीनों में चटकने और धंसने लगी। बाद में लीपापोती कर गड्ढों को ढका गया, लेकिन समस्या जड़ से नहीं सुलझी। अब डामर पूरी तरह गायब हो चुका है और गड्ढे विकराल रूप ले चुके हैं। इस सड़क पर गुजरना अब जानलेवा हो गया है। सड़क पर बने पुल की हालत और भी चिंताजनक है। पुल की कई जगहों पर सरिया (रॉड) बाहर निकल आए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो पुल किसी भी समय धंस सकता है। पुल निर्माण में भी घटिया काम और भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।

यह मार्ग रेलवे स्टेशन पहुंचने का मुख्य रास्ता है। रोजाना सैकड़ों स्थानीय और बाहरी यात्री इस सड़क से गुजरकर स्टेशन पहुंचते हैं। गड्ढों के कारण वाहन हिचकोले खाते हैं और उड़ती धूल से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो रहा है। वार्ड क्रमांक 14 के निवासी खासतौर पर परेशान हैं। धूल उनके घरों, खाने-पीने के सामान में घुस रही है। आंखों में जलन, सांस की तकलीफ, खांसी, सर्दी, दमा और एलर्जी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क सुधार की मांग की। आंदोलन भी किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोग पूछ रहे हैं कि इतनी भारी लागत के बावजूद सड़क इतनी कमजोर क्यों बनी? क्या ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों ने गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया?

यह मामला छत्तीसगढ़ में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री और भ्रष्टाचार की बड़ी समस्या को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक उच्च स्तर से सख्त कार्रवाई नहीं होगी, ऐसी जर्जर सड़कें बनती रहेंगी और आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ेगी।

कोरबा में खनिज न्यास मद से 600 करोड़ का राजस्व और सड़कें जर्जर

कोरबा/नवप्रदेश। चांपा की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले प्रवेश द्वार गौ माता चौक से लेकर उरगा तक की 9 किलोमीटर की सड़क इतनी जर्जर है कि यहां 10 फीट लंबे और 2 से 3 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। लोग प्रशासन के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कोसते हुए सड़क पर सफर कर रहे हैं। 600 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने वाले जिले की सड़कों का बुरा हाल है। कोरबा जिले में खनिज न्यास मद से हर साल लगभग 600 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने बाद भी अधिकांश राशि का उपयोग शहर के विकास में खर्च करने के बजाय दूरस्थ इलाकों में खर्च किया जा रहा है। अनुपयोगी भवनों और योजनाओ में करोड़ों रुपए बर्बाद किया जा रहा है, जबकि शहर के प्रवेश मार्गों की दुर्दशा से लोग रोजाना गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे है। गौमाता चौंक पर 3-4 बार स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन भी कर चुके हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में हालात बेहद खराब, सड़क से डामर की पूरी परत उधड़ गई

दुर्ग/नवप्रदेश। राज्य निर्माण के बाद 26 साल बीतने के बाद भी दुर्ग जिला मुख्यालय से महज 10 से 15 किलोमीटर दूर स्थित गांवों में सड़कों की हालत बदतर है। जिले के नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे की हालत भले ही बेहतर हो, लेकिन ग्रामीण इलाकों में भीतर के क्षेत्रों में सड़कें खस्ताहाल हैं। कई सड़कों पर डामर की परत पूरी तरह उधड़ गई है, तो कई सड़कों का अभी तक डामरीकरण ही नहीं किया गया है।

यह तस्वीर रुदा भोथली तिरगा मार्ग की है। अंदाज लगाया जा सकता है कि बाईक, कार, टैक्सी, ट्रैक्टर या बस चलाने पर सड़क पर कितनी धूल उड़ती होगी। पिछले बजट में इस सड़क के उन्नयन और चौड़ीकरण के लिये कुल 4 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। अफसरों का कहना है कि सड़क का कार्य बारिश के बाद ही शुरू हो पाएगा। जिले के अहिवारा, धमधा और दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की कई सड़कों की हालत सुधारने के लिये ग्रामीण लगातार मांग कर रहे हैं।

जिले में ऐसी कई सड़कें हैं जिनके लिये बजट में प्रावधान किया गया है, लेकिन जनसुविधा और आवागमन सुलभ सुगम बनाने के लिहाज से अभी दिल्ली दूर है। बजट में स्वीकृत ज्यादातर सड़कों के निर्माण के लिये टेंडर प्रक्रिया होगी। इस कार्य में महीनों का समय लगेगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू हो पाएगा। जानकारी के मुताबिक बोरई से भरदाडीह (मनगट्टा) मार्ग निर्माण कार्य, थनौद गौठान से बुढ़ार नदी तक पहुंच मार्ग, बोरई मनगट्टा मार्ग, थनौद कोलिहापुरी मार्ग, निकुम पंचायत से अटल चौक, गोडेला मोड़, चंदखुरी से शिवनाथ नदी रोड, जैन मंदिर के बाजू से बोरई-गनियारी मार्ग से बाबा देवता रोड, बांधा तालाब नगपुरा साहेब पारा से अंजनिया अंजोरा पहुंच मार्ग, नगपुरा से अंजोरा ढाबा रोड, मुख्य मार्ग से बाल संप्रेषण गृह, एनसीसी 37 बटालियन और हाईस्कूल पुलगांव रोड, दुर्ग शहर के कोटनी नगपुरा पहुंच मार्ग, ग्राम कोनारी भरदा अलबरस निकुम मार्ग की हालत सुधारने की मांग भी कलेक्टर जनदर्शन में ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है। इसके बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है।

> इस वर्ष के बजट में कई सड़कों के निर्माण के लिये राशि का प्रावधान किया गया है। सड़क निर्माण कार्यों से क्षेत्र के निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। ये कार्य क्षेत्र के विकास और आवागमन को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अधिकारियों से जल्द से जल्द सभी स्वीकृत कार्य शुरू कराए जाएंगे।
> -**ललित चंद्राकर**, विधायक, दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र

> पीडब्लूडी विभाग द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य लगातार कराया जा रहा है। हाल ही में जुनवानी से आईआईटी तक जाने वाली फोरलेन का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। दुर्ग शहर में केनाल रोड का निर्माण करने भी तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा शासन से स्वीकृत अन्य सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया भी प्रगति पर है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराए जाएंगे।
> - **आशीष भट्टाचार्य**, ईई, पीडब्लूडी विभाग, दुर्ग

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com